माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 34-, अंक-23, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 16

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 15

## कांग्रेस के फ्रीज बैंक खातों से हटाई गई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आयकर अपीलीय अधिकरण ने खातों के संचालन की दी अनुमति

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। यह 115 करोड़ रुपये की राशि हमारे चालू खाते से कहीं अधिक है।

# पंजाब में बस सेवाएं ठप, किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए

### भारत बंद का हरियाणा में आंशिक असर, पश्चिमी यूपी के कई हिस्सो में भी प्रदर्शन

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी



भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे। किसानों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। बिजनौर, बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा।

### शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर उन्हें रोक दिया था।

### प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने की रोक

**लखनऊ।** किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि एस्मा एक्ट लगने के बाद कोई भी कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी। एस्मा का इस्तेमाल हड़ताल को रोकने के लिए किया जाता है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवा 15 मार्च तक मिलेगी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी।

# जीबीसी के केंद्र में युवा, उद्योग लगने के साथ मिलेगी नौकरी

### मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीएस में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।

### विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों की टीम

10.15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

▸▸ सेवानिवृत्त 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय खास टीम तैयार

### प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

### तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

## टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस



▸▸ मुजफ्फरनगर से की गई गिरफ्तारी, चार टाइमर बोतल बम बरामद

▸▸ यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की टाइमर बम बनाने की जानकारी

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर वह टाइमर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। उसकी गिरफ्तारी की सूचना पर आईबी और एटीएस की टीमों ने भी पूछताछ की। पता चला कि जावेद ऐसा बम पहले भी बना चुका है।

एसटीएफ के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर मुजफ्फरनगर के कोतवाली थानान्तर्गत मिमलाना रोड रामलीला टीला निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम एक बैग में रखे कैम्पस शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने मौके पर पहुंचकर बम को अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद काली नदी पुल से न्याजूपुरा के जंगल में (सेफ डिस्पोजल एरिया) गए, जहाँ उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि यह चार बोतल बम, आईईडी है। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि है। यह बोतल बम आईईडी उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने बताया कि ग्लुकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। इमराना ने उसे बोतल बम तैयार करने के लिए 10 हजार रुपये पहले दिए थे तथा 40 हजार रुपये बाद में बम देते समय देने को कहा था। वह आज इन तैयार बोतल बम को इमराना को देने आया था।

बोतल बम आईईडी बनाने के बारे में जावेद ने पूछताछ में बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरशी के यहां रहकर बारूद व बोतल बम (आईईडी) बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-टयूब और इंटरनेट के माध्यम से हासिल की थी। इन टाइमर बोतल बम (आईईडी) का कहां प्रयोग करना था इसके बारे में इमराना ही जानती है।

## बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, तीन की गई जान

संवाददाता फतेहपुर

▸▸ चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने हादसा, ट्रक छोड़ भागा चालक

**अमृत विचार :** हुसैनगंज की तरफ से शहर आ रहे बाइक सवार तीन युवक शुक्रवार दोपहर हादसे का शिकार हो गए। बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने रौंद दिया, तीनों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक भाग निकला। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी।

राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी नीलू, रमऊ तिवारी और गाजीपुर के महमदपुर निवासी सुजीत यादव खेती करते थे। शुक्रवार को तीनों एक ही बाइक से बेरागढ़ीवा स्थित बाजार में भैंस देखने गए थे। जहां से वह शहर के लिए निकले थे। लखनऊ रोड स्थित चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने शहर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वे गिरकर ट्रक के नीचे आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ही देर में तीनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर सीओ समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला, पुलिस ट्रक नंबर के जरिए मालिक और चालक की तलाश कर रही है।

## प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

**लखनऊ।** प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे।



▸▸ भारतेन्दु नाट्य अकादमी के संस्थापक थे

लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनकी सांस उखड़ने लगी। परिवार के लोगों ने डॉक्टर से सम्पर्क किया लेकिन डॉक्टर के आने से पहले ही निधन हो गया।

उनके निधन की सूचना पाते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने के लिए रंगकर्मियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

## गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ आठ साल पहले हुआ था विवाह, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

**अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से कलम कर दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंधों को लेकर नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक भी पहुंचा था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। यह दृश्य जिसने देखा, उसकी रूह कांप उठी। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिंरजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की। अभियुक्त के परिजनों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना देवी (26) के साथ हुआ था। इनके दो बेटे अमन (5) व श्याम (1) है। पति-पत्नी में इन दिनों विवाद चल रहा था।

## अमिताभ यश को एडीजी कानून व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**9 पीपीएस अफसरों का तबादला**

**अमृत विचार :** एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एडीजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। प्रशांत कुमार के कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इनके अलावा शासन ने 9 पीपीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं।

शासन से जारी सूची के मुताबिक जितेंद्र कुमार दुबे को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार भारतीय अब एएसपी कासगंज होंगे। डॉ.तेज वीर सिंह को एएसपी भदोही के पद पर भेजा गया है, वहीं राघवेंद्र सिंह प्रथम अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रवीन सिंह चौहान को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में नियुक्त दी गई, जबकि संजय कुमार, एएसपी यातायात गोरखपुर का जिम्मा संभालेंगे। विवेक त्रिपाठी को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आजमगढ़ तथा रश्मि रानी को अपर पुलिस अधीक्षक अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। मोनिका चड्डा को एएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ में तैनाती मिली।

## पुलिस भर्ती परीक्षा : झांसी में साल्वर गैंग का पर्दाफाश, एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वाराणसी और आगरा में ठगी की कोशिश में जुटे चार पकड़े गए

**अमृत विचार :** शनिवार और रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने को जुटे गैंग का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। इसमें मोनू कुमार, शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं। वहीं एक अन्य मामले में एसटीएफ ने परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनिक प्रश्नपत्र तैयार कर अभ्यर्थियों से ठगी करने की कोशिश में जुटे गैंग के दो सदस्यो को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। उसका सरगना फरार हो गया। पकड़े गए ठगों में प्रिन्स कुशवाहा चंदौली का है, जबकि विजय कुमार मिर्जापुर जिले का रहने वाला हैं। एसटीएफ ने आगरा से भी दो ठगों को गिरफ्तार किया। इसमें करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, टिन्कू कुमार अलीगढ़ का निवासी है।

एसटीएफ के मुताबिक झांसी पुलिस लाइन के पास से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर बीए पास है। वह 2010 में इंटर पास करके नौसेना में भर्ती हुआ था। उसने ओडिशा (चिल्का) में ट्रेनिंग की थी। उसी दौरान छुट्टी पर आया था फिर वापस नहीं गया था। उसके बाद से वह गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा कराने हेतु एक लैब बनाकर धांधली करने लगा। शुक्रवार को उसका गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था।

वाराणसी में हुई गिरफ्तारी के बाबत एसटीएफ ने बताया कि परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा गैंग के सदस्यों के साथ वाराणसी एवं आस-पास के जनपदों में अभ्यर्थियों से सम्पर्क करने हेतु सक्रिय था। साथ ही उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनित प्रश्नपत्र तैयार किया था।

संकट | 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

# ऋण लेकर लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋण फंसा है। जिन्होंने ऋण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3.8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
>
> - **डॉ. वंदना वर्मा**, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

### बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

## एक नजर

### दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई : मायावती

अमृत विचार,लखनऊ : बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न आदि घटनाओं को लेकर उत्पन्न तनाव पर चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर वहां की राज्य सरकार को इंगित करते हुए कहा कि संदेशखाली में महिला उत्पीड़न को लेकर जारी तनाव व हिंसा गंभीर मामला है। वहां की सरकार को मामले में बिना रियायत बरते दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

### 29 को मिला रोजगार

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें 560 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। अलग - अलग कंपनियों के आए अधिकारियों ने साक्षात्कार किया। कुल 29 युवाओं का चयन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश में मजबूत है कानून व्यवस्था: मुख्यमंत्री

## 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मीट की स्मारिका का किया विमोचन, प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को दी ट्रॉफी

**अमृत विचार:** मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत है और इसका ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था। मुख्यमंत्री शुक्रवार को 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने मीट की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की।



पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों से मिलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**फील्ड में मिला अनुभव ही असली ज्ञान** :मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें यह परसेप्शन बनाने में काफी चुनौतियों का सामना किया है। इसके लिये उन्हे दोहरी मानसिकता के साथ काम करना पड़ता है। समारोह में देश भर के विभिन्न बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। उनके अपने-अपने अनुभव हैं। उन अनुभवों का लाभ किस रूप में हम ले सकते हैं यह काफी महत्वपूर्ण है। हमारे देश में ज्ञान के आदान-प्रदान की परंपरा वर्षों पुरानी है। उन्होंने कहा कि ज्ञान वह नहीं होता है जो पुस्तकों में लिखा होता है, जबकि ज्ञान वह है जो फील्ड की ड्यूटी के दौरान आप अनुभव करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध की बदलती प्रकृति के अनुसार हम सभी को अपने आप को तैयार करना होगा। हम जब अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को जनता के सामने शेयर करते हैं तो बहुत कुछ जानने और सीखने को मिलता है। वहीं इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से बहुत सारी चीजों को देखने और सीखने का अवसर मिलता है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, डीजी आरपीएफ मनोज यादव आदि शामिल हुए।

# सभी के सहयोग से प्रदेश हो सकता है बाल श्रम से मुक्त

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न
- हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए

**अमृत विचार:** अगले पांच साल में उप्र को बाल श्रम मुक्त कराने के लिए समाज में हर वर्ग को सहयोग करना होगा। क्योंकि प्रदेश व देश का भविष्य इन्हीं बच्चों के हाथ में हैं, बच्चे राष्ट्र निर्माता हैं। साथ ही बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के लिए हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए।

यह बात शुक्रवार को विधान भवन स्थित तिलक हाल में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके परिवार को भी बाहर निकालने के लिए ऐसे प्रयास किये जायें। परिवार की आय के स्रोत बढ़ेंगे तो बच्चों को बाल श्रम से मुक्ति मिलेगी।

साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित बाल श्रमिक का आयु परीक्षण 24 घंटे में करा लिया जाय। बाल श्रम रेस्क्यू में आ रही दिक्कतों का समाधान किया जाए। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही गैर सरकारी संगठन, यूनिसेफ, श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारी शामिल रहें।

# गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने का खत्म होगा इंतजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान 19 को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुरुआत, तैयारी पूरी

**अमृत विचार:** गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के विश्वस्तरीय बनने का इंतजार अब छह साल बाद खत्म होने जा रहा है। इस स्टेशन की नींव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने रखी थी। लेकिन विश्वस्तरीय बनाने का कार्य रक्षा मंत्री रामनाथ सिंह ने किया। इसी के साथ यहां विस्तारीकरण का कार्य पूरा करके शुक्रवार को स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को हैंडओवर कर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 19 फरवरी को इसकी शुरूआत कराने की तैयारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लखनऊ आ रहे हैं। अटल जी के प्रधानमंत्रीत्व काल में गोमतीनगर स्टेशन दो पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव वाले हाल्ट से बढ़कर पांच प्लेटफार्मों वाला स्टेशन बनाया गया। इसके बाद वर्ष 2018 में रेलवे लैंड डेवपलमेंट अथॉरिटी आरएलडी को करीब 385 करोड़ रुपये में स्टेशन को विकसित करने का जिम्मा मिला। आरएलडीए ने विभूतिखंड की तरफ कामर्शियल ब्लाक बनाकर उसे लीज पर दिया। इससे होने वाली आय से गोमतीनगर स्टेशन को भी बनाया गया। स्टेशन का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। एयर कानकोर्स, वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, लाउंज की सुविधा भी दी गई है। नए टर्मिनल पर 14 लिफ्ट और 13 एस्केलेटर लगाए गए हैं। सोलर पावर से स्टेशन बिल्डिंग जगमगाएगी। गोमतीनगर स्टेशन पर आरएलडीए ने चार लाख वर्गफीट क्षेत्रफल में दो कॉमर्शियल ब्लॉक भी विकसित किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ के मानकनगर, डालीगंज, सिटी स्टेशन सहित पांच अमृत रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले 18 अंडरपास व 23 ओवरब्रिज का भी पीएम शिलान्यास करेंगे। अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत उत्तर रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के स्टेशनों को चुना गया है। इनकी कुल संख्या 64 थी. कई स्टेशनों पर काम पूरा हो चुका है।

### 23 अंडरपास का भी मिलेगा तोहफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत रेलवे स्टेशनों के अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास आरयूबी का भी शिलान्यास करेंगे। कुल 18 आरओबी व 23 आरयूबी का तोहफा जनता को मिलेगा. लखनऊ में दो आरओबी और 12 आरयूबी का शिलान्यास होगा।

### यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत विकसित होने वाले रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्लेटफॉर्म सरफेस का अपग्रेडेशन, एसी, वेटिंग हॉल, आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम, वाटर वेंडिंग मशीनें, एफओबी, डिजिटल घड़ियां, साइनेज बोर्ड, उन्नत लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्लो बोर्ड, सोलर प्लांट, शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्धब कराई जाएंगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन को 18.50 करोड़ रुपये और ऐशबाग रेलवे स्टेशन को 20 करोड़ रुपये से विकसित किया जा चुका है, जबकि अगले चरण में विकसित होने वाले स्टेशनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लखनऊ यात्रा के दौरान शिलान्यास करेंगे। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 12 और उत्तर रेलवे के कुल 24 स्टेशन शामिल हैं, जिन्हें अमृत स्टेशन स्कीम के तहत विकसित किया जाएगा. दोनों मंडलों में लखनऊ के पांच स्टेशन शामिल हैं. उत्तर रेलवे के मानकनगर, मल्हौर और मोहनलालगंज स्टेशन के साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे का डालीगंज व सिटी स्टेशन शामिल हैं।

# निवेश परियोजनाओं के लिए जिलों में होगा भूमि पूजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 करोड़ से कम के निवेश वाले उद्योगों का जिला मुख्यालय पर होगा पूजन समारोह

**अमृत विचार:** प्रदेश में अबतक के सबसे बड़े निवेश के लिए होने जा रहे भूमि पूजन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 10-15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का ये महाभियान कई मायनों में बेहद खास होने जा रहा है। 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाला मुख्य समारोह जहां राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, वहीं सभी 75 जिलों में भी 19 फरवरी को जीबीसी का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य आयोजन स्थल लखनऊ में देश विदेश के लब्ध उद्योगपतियों की उपस्थिति होगी। जबकि जिलों में 10 करोड़ से कम का निवेश करने वाले उद्यमियों के साथ ही स्थानीय उद्योग से जुड़े गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। इसके अलावा जहां एक तरफ लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी मौजूदगी होगी तो वहीं जिलों में आयोजन के मुख्य कर्ता-धर्ता की भूमिका में जिलाधिकारी होंगे।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में कुल 10 लाख 15 हजार 583 करोड़ की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को पूरी तरह तैयार हैं। इनमें 500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4 हजार 577 परियोजनाएं, 1 से 10 करोड़ की सर्वाधिक 8 हजार 735 परियोजनाएं शामिल हैं। सभी परियोजनाओं के धरातल पर आने के बाद 34 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। कुल मिलाकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 संपूर्ण प्रदेश के साथ ही प्रत्येक जिले में भी औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

### कांग्रेस शहर में बढ़ाएगी बूथों की संख्या

अमृत विचार, लखनऊ : जिला कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि शहर में बूथो की संख्या बढ़ाई जाएगी। हमारा उद्देश्य हर बूथ को मजबूत करना है जिसके लिए हर बूथ पर दस कार्यकर्ता शामिल होंगे। ये कार्यकर्ता अपने बूथो पर उपस्थित होकर वहां की जनता के बीच जाएंगे और उनकी समस्याओं को सुनेगे। कार्यकर्ता बूथों के द्वारा कांग्रेस की उपलब्धियों और उनकी योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाएगे। शहर के किसी भी बूथ को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। हर बूथ पर ज्यादा से ज्याद लोगों को जोड़ने का प्रयास होगा।

# भाजपा का मुखौटा उतर गया : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन में आई नई ऊर्जा

**अमृत विचार:** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से स्पष्ट है कि भाजपा ने 'इलेक्टोरल बॉन्ड' में घालमेल किया है, भाजपाई राजनीति की जड़े भ्रष्टाचार के गहरे पाताल में चली गई है। 'मुट्ठी भर राशन बांटकर खेत लूटने वाली भाजपा' का मुखौटा अब उतर गया है। जनता जीतेगी, भाजपा हारेगी ! हम सब साथ हैं !

सोशल मीडिया एक्स पर किसानों को संदेश देते हुए शुक्रवार को सपा प्रमुख ने कहा है कि 'इलेक्टोरल बॉन्ड' को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक



घोषित किये जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा की हथेली गरम करके कृषि कारोबार पर कब्जा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ सिद्ध कर रहें थे, अब वो भाजपा को चंदा नहीं देंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा कहीं गई ये बात किसानों-मज़दूरों व भाजपा विरोधी लोगों द्वारा देश के हर गाँव, गली, मोहल्ले तक पहुँचनी चाहिए कि 'भ्रष्ट भाजपा' कैसे अमीरों से पैसे लेकर आम जनता के खिलाफ़ साज़िश रचती है और भावनात्मक रूप से भोली-भाली आम जनता का शोषण करके अपना स्वार्थ साधती है। अखिलेश यादव ने कहा कि पैसे लेकर सवाल पूछने के झूठे आरोपों पर जब किसी सांसद की सदस्यता जा सकती है, तो पैसे लेकर किसान-मज़दूर विरोधी नीतियां बनाने पर तो भाजपा के सभी सांसदों की सामूहिक सदस्यता चली जानी चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसान सरदार ज्ञान सिंह की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।



हनुमानगढ़ी से दर्शन करके बाहर निकलते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह व अन्य। अमृत विचार

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किए रामलला के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रामलला के दर्शन के लिए भाजपाई शुक्रवार को 263 बसों से अयोध्या गए। अयोध्या में हनुमानगढ़ी के दर्शन करने के बाद रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और वरिष्ठ नेता नीरज सिंह के नेतृत्व में सुबह सात बजे भाजपाई अयोध्या के लिए रवाना हुए। जयकारों से माहोल भक्तिमय हो गया। 110 वार्ड से पार्षद और मंडल अध्यक्ष भी शामिल थे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लगभग 10,000 लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। इस दौरान सभी ने राम के जयकारे लगाए।






बेटियां हैं प्रदेश की शान
उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य पर दें पूरा ध्यान

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना




उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा योजना में देय लाभ की
कुल धनराशि रु. 15,000/- को
वित्तीय वर्ष 2024-25 से बढ़ाकर रु. 25,000/-
किया गया है।

योजनांतर्गत 6 श्रेणियों में देय धनराशि में निम्नवत् वृद्धि की गई है:-

| श्रेणी | श्रेणी का विवरण | वर्तमान में देय धनराशि | वित्तीय वर्ष 2024-25 से देय धनराशि |
|---|---|---|---|
| प्रथम श्रेणी | जन्म पर | रु. 2,000/- | रु. 5,000/- |
| द्वितीय श्रेणी | एक वर्ष तक का टीकाकरण पूर्ण होने पर | रु. 1,000/- | रु. 2,000/- |
| तृतीय श्रेणी | कक्षा-1 में प्रवेश पर | रु. 2,000/- | रु. 3,000/- |
| चतुर्थ श्रेणी | कक्षा-6 में प्रवेश पर | रु. 2,000/- | रु. 3,000/- |
| पंचम श्रेणी | कक्षा-9 में प्रवेश पर | रु. 3,000/- | रु. 5,000/- |
| षष्टम श्रेणी | 10वीं या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर | रु. 5,000/- | रु. 7,000/- |
| कुल | | रु. 15,000/- | रु. 25,000/- |

योजना की पात्रता हेतु अर्हताएं

• उत्तर प्रदेश का स्थायी निवास प्रमाण पत्र • परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रु. 3.00 लाख • अधिकतम दो ही बच्चियों को योजना का लाभ • परिवार में अधिकतम दो बच्चे

वेबपोर्टल https://www.mksy.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

उददेश्य

• कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना • समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना • बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना • बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना • बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करना • बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना

@upwcd @upmahilakalyan upmahilakalyan upmahilakalyan

महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### फिर धर्म परिवर्तन का किया गया प्रयास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में एक बार फिर धर्म परिवर्तन का प्रयास किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री वीरेंद्र कुमार ने जहांगीराबाद थाने में इसकी शिकायत की है। तहरीर में कहा गया है कि मडवा मजरे अजगना निवासी लाल बहादुर के बंगले में योगेश कश्यप व सुजीत कुमार को प्रलोभन देकर प्रार्थना सभा के नाम पर उनका धर्म परिवर्तन किया जा रहा था। देर रात तक इसमें कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था। पुलिस का कहना है जांच की जा रही है।

### जेल भेजे गए दो वारंटी और 25 वांछित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस के अभियान में शुक्रवार को दो वारंटी और 25 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं विभिन्न मामलों में थाने लाए गए 16 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### तस्कर गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने शुक्रवार को सौ ग्राम मार्फीन के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मगरवल गांव का निवासी जसीम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

# मां पर बांके से हमला होते देख चीख पड़े बच्चे

## अनिल के एक हाथ में कटा सिर और दूसरे में रक्तरंजित बांका देख सिहर उठे ग्रामीण, अचेत हुई बच्चों की दादी

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की इसरौली चौकी के बसारा गांव में शुक्रवार की सुबह अनिल सुढियामऊ अपने काम पर गया था। मगर, दो घंटे के बाद वह बाइक से घर पहुंचा। इसके बाद पत्नी पर बांके से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

यह देख बच्चे चीखते हुए दादी रामकली के पास पहुंचे और मां को बचाने की गुहार लगाई। इस पर दादी पहुंचती तब तक एक हाथ में सिर दूसरे में रक्तरंजित बांका लेकर अनिल घर से पुलिस चौकी जाने के लिए निकला। यह दृश्य देखकर ग्रामीण सिहर उठे। बच्चों की दादी रामकली तो यह दृश्य देखकर मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। बाद में महिलाओं ने उन्हें संभाला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना जांच-पड़ताल की।



घटनास्थल की जांच करते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

### आठ वर्ष पहले हुआ था अनिल का विवाह

बसारा निवासी अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना के साथ हुआ था। उसके दो बेटे अमन (5), श्याम (1) हैं। अनिल राजगीर का काम करता है। बीते कुछ महीनों से वंदना का एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसको लेकर आये दिन वाद-विवाद होता था। चार दिन पहले 12 फरवरी को मृतका वंदना अपने नन्दोई के यहां वैवाहिक समारोह में भगौली गई थी। जहां देवर संदीप कुमार ने उसे किसी युवक से अकेले में बातचीत करते देखा था। यह बात उसने भाई अनिल को बताई। इसको लेकर दोनों में विवाद हुआ। विवाद भगौली चौकी पर सुलह समझौता के बाद निपटा दिया गया था। मगर वंदना का उस युवक से बातचीत करना अनिल को हमेशा अखरा करता था। इसी बात से आक्रोशित होकर उसने ऐसी वारदात को अंजाम दिया जिससे सभी की रूह कांप गयी।

## जिले में 7 माह में दूसरी बार हुई ऐसी घटना

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

**अमृत विचार:** मान-सम्मान को ठेस पहुंची तो लोगों के हाथ अपनों का सिर कलम करने में नहीं कांपे। फतेहपुर की इसरौली चौकी के बसारा गांव में पत्नी के अवैध संबंधों के चलते अनिल ने शुक्रवार को बांके से गला काटकर पत्नी वंदना की हत्या कर दी।

जिले के लिए यह कोई नया मामला नहीं है। करीब सात माह पूर्व 21 जुलाई 2023 को फतेहपुर के मिठवारा में रियाज ने बहन की अवैध संबंधों के चलते हत्या कर उसका कटा सिर लेकर कोतवाली पहुंचा था। एक फरवरी 2020 को जहांगीराबाद के बहादुर गांव में पत्नी रंजनी के अवैध संबंधों के चलते पति अखिलेश ने उसकी हत्या कर दी और कटा सिर लेकर थाने पहुंचा। इसी क्षेत्र में जून 2010 में ओमप्रकाश पत्नी का सिर कलम कर उसे लेकर थाने पहुंचा था। 17 जनवरी 2010 को जहांगीराबाद के मैगलपुर निवासी रामसरन ने अवैध संबंधों के चलते पत्नी की हत्या कर दी। उसका कटा सिर लेकर थाने पहुंचा था। 14 सितंबर 2009 को कुर्सी के महमूदपुर बनौगा में राजेश ने पत्नी की हत्या कर दी थी। इसी प्रकार 24 नवंबर 2009 को फतेहपुर के गागियापुर में अवैध संबंध से नाराज पिता ने बेटी की बांके से हत्या कर दी थी।

### रिश्ते का खून

- आधा दर्जन घटनाओं में अपने ही कटा सिर लेकर पहुंचे थाने
- अवैध संबंध के शक में अपने ही कलम कर रहे सिर

# छह जोन व 14 सेक्टर में बांटी गई 22 परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा

### पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा शनिवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में होगी। एक दिन पूर्व ही तैयारियां पूरी कर ली गईं। डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों के साथ ही रेलवे व बस स्टेशन का निरीक्षण किया। रेलवे व बस स्टेशन पर पुलिस हेल्प डेस्क बनाई गई है। वहीं 22 परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा दो सुपर जोन, छह जोन व 14 सेक्टर में बांटी गई है। इसके अलावा साइबर, सर्विलांस और खुफिया तंत्र को पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए है। सभी परीक्षा केंद्रों को पुलिस लाइन में बनाए गए कंट्रोल रूम से जोडा गया है।

जिले के 22 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिन पर शनिवार और रविवार को दो दिन में चार पालियों में परीक्षा होगी। इसमें 42912 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 17 और 18 फरवरी को होने वाली इस परीक्षा में प्रथम पाली की परीक्षा 10 से 12 बजे तक व दूसरी पाली में तीन से पांच बजे तक होगी। हर परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के अलावा एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे। सुरक्षा में दो एएसपी, छह सीओ और 14 प्रभारी निरीक्षक लगाए गए है। वहीं परीक्षा केंद्रों पर इंस्पेक्टर स्तर के पुलिसकर्मियों के साथ सब इंस्पेक्टर व आरक्षी के साथ पैरामिलेट्री फोर्स भी तैनात रहेगी। तीन सौ से अधिक पुलिस कर्मियों को परीक्षा की सुरक्षा में लगाया गया है। परीक्षा केंद्रों के आस-पास पीआरवी की भी ड्यूटी लगाई गई है।

> पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम कर किए गए है। साइबर, सविलांस के साथ खुफिया तंत्र को अलर्ट कर दिया गया है। अभ्यर्थियों की सुविधा को लेकर रेलवे व बस स्टेशन पर पुलिस हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।
>
> -डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, एएसपी दक्षिणी

# गैंगस्टर और धोखाधड़ी के आरोपी बंदी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** धोखाधड़ी और गैंगस्टर के मामले में जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की गुरुवार की रात तबियत बिगड़ने पर मौत हो गई। चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत का कारण बताया है। बंदी राज्यस्तरीय माफिया अतुल वर्मा का पिता था।

जहांगीराबाद थाना के कादिरपुर निवासी ओम प्रकाश वर्मा (72) जिला कारागार में जून 2021 से निरुद्ध था। उस पर गैंगेस्टर एक्ट व लोगों की जमीन हड़पने के मामले में धोखाधड़ी के मुकदमें दर्ज थे। गुरुवार की रात अचानक उसकी तबियत बिगड़ने पर जेल अस्पताल में प्रथमिक उपचार देने के बाद रात करीब डेढ़ बजे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ओमप्रकाश के पुत्र अतुल वर्मा ने संकल्प ट्रेडिंग कंपनी बना कर कई लोगों से निवेश, प्लॉट खरीदने आदि का प्रलोभन देकर करोड़ों का गबन किया था। कंपनी में अतुल ने अपने पिता ओम प्रकाश को भी शामिल किया था। अतुल पर भी गैंगेस्टर व धोखाधड़ी के मुकदमें दर्ज हैं। वह भी जेल में बंद है। जेलर आलोक शुक्ल ने बताया कि बंदी ओमप्रकाश की मौत हार्ट अटैक लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट होगी।

## जिले के व्यक्ति की कर्नाटक में मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** कर्नाटक में नौकरी करने गए व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। चार दिन बाद शव गांव लाया गया तो परिजनों में कोहराम मच गया। बसौली निवासी दयाराम (45) करीब एक साल से कर्नाटक में मजदूरी करता था। चार दिन पहले दयाराम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मालिक ने घटना की जानकारी घरवालों को दी। परिवारीजन शव लेने के लिए कर्नाटक रवाना हुए। शुक्रवार को शव लखनऊ एयरपोर्ट लाया गया। उसके बाद शाम को गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिवारजनों ने बताया कि दयाराम अविवाहित था। वह कर्नाटक में मजदूरी कर जीवन यापन करता था।

# अध्यक्ष समेत तीन पदों पर होगा चुनाव

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन रामनगर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महामंत्री पद के लिए एक से अधिक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। शेष अन्य पदों पर एकल पर्चा दाखिल किए जाने पर निर्विरोध निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया है।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राकेश कांत मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन रामनगर के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर परमहंस मिश्र व शिव प्रकाश अवस्थी तथा मान सिंह एडवोकेट ने नामांकन पत्र दाखिल किया। महामंत्री पद के लिए सुरेश चंद्र मिश्र व सुरेश कुमार त्रिपाठी ने पर्चा भरा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए बृजेश कुमार व अरविंद कुमार निगम ने निर्वाचन पत्र दाखिल किया। उपाध्यक्ष प्रथम पद पर चेतन नारायण, उपाध्यक्ष द्वितीय आनंद प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष तृतीय निरंकार त्रिवेदी, संयुक्त मंत्री प्रथम धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, द्वितीय बीडी खान, तृतीय गुरुदेव मिश्र, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शुक्ला, सदस्य हेतु महेश कुमार सिंह, देवकली प्रसाद, संतोष सिंह, बृजेश पांडेय, संजीव सिंह, नईम अंसारी, अनिल कुमार गुप्ता, दुर्गा प्रसाद यादव, उमाशंकर, मोहम्मद कासिम, विनोद कुमार ने एकल नामांकन पत्र दाखिल किए। 17 फरवरी को प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किए गए पर्चों की जांच व वापसी होगी।



नामांकन पत्र दाखिल करता एक प्रत्याशी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### चारों युगों में परमात्मा ने की भक्तों की रक्षा

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी, अमृत विचार :** परमात्मा ने चारों युगों में अपने भक्तों की रक्षा दैत्यों का संघार कर सनातन ध्वज को भक्ति के माध्यम से लहराया है। उक्त बातें कल्याणी नदी के तट पर श्री हनुमंत वाटिका धाम में हनुमंत यज्ञ व मनकामेश्वर महादेव के प्रथम पाठ उत्सव स्थापना के उपलक्ष्य पर आयोजित भक्तमाल कथा में निनोराधाम मंदसौर, मध्य प्रदेश से आए राष्ट्रीय संत मिथिलेश नागर भागवत भास्कर ने कहीं। उन्होंने कहा कि स्वामीजी ने परमात्मा के 24 अवतारों के आध्यात्मिक व वैज्ञानिक कारण बताए हैं। इस अवसर पर आश्रम के व्यवस्थापक रमेश दास पुजारी, बाबा रिंकू दास, बाबा प्रह्लाद दास, सर्वेश मौर्य, आचार्य शिवानंद, ब्लॉक प्रमुख डॉ. चंद्रशेखर वर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कथा सुनाते मिथिलेश नागर।

### पशु अस्पताल के गेट पर फैली गदंगी से लोग परेशान



पशु अस्पताल के गेट पर फैली गंदगी। अमृत विचार

**कोठी,बाराबंकी, अमृत विचार :** सफाईकर्मियों की मनमानी से सरकारी भवनों को गंदगी के ढेर में तब्दील करना पेशा बन गया है, पंचायत की अधिकांश गलियों की नालियां पॉलिथीन व कचरे से पटी पड़ी हैं। मीरापुर ग्राम पंचायत के सफाईकर्मी कूड़ा उठाना ही भूल जाते है। जिसका जीता जागता उदाहरण पशु चिकित्सालय के मुख्य गेट पर लगा कूड़ा का ढेर है। सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के केसरगंज स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के मुख्य गेट के समक्ष पिछले एक महीने से गंदगी का ढेर लगा हुआ है। जिस ढेर को आए दिन गेट के बगल गुमटी दुकानदारों द्वारा कूडा डालकर मुख्य गेट को ही बंद कर दिया गया है। वहीं इस चिकित्सालय में कार्यरत स्टॉफ एवं इलाज के लिए अपने पशुओं को लाने वाले लोग इस गंदगी से परेशान हो रहे हैं। यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गंदगी से दुर्गंध उठ रही है। सफाई व्यवस्था को सुचारु रूप से किया जाए। लोगों का आवागमन दूसरे तरफ टूटी बाउंड्रीवाल से हो रहा है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि अस्पताल परिसर के पास रखी गुमटियों के दुकानदारों द्वारा कचरा फैलाया जाता है। कई बार उच्चाधिकारियों को गुमटियों को हटाने के लिए पत्र भी सौंपा गया है।

### प्रशासन ने रुकवाया तालाब की भूमि पर निर्माण कार्य



ग्राम सिसवारा में तालाब की भूमि पर किया जा रहा था निर्माण कार्य।

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाली क्षेत्र में तालाब की जमीन पर दबंगों द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की। एसडीएम ने राजस्व टीम भेजकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। सिसवारा की एक भूमि राजस्व अभिलेखों में बतौर तालाब दर्ज है। गांव के ही रहने वाले राम प्रकाश, रामानंद, अमन व भोलानाथ तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि यह निर्माण कार्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की शह पर किया जा रहा था। ग्रामीण सिद्धकरण मिश्रा ने जब निर्माण कार्य से मना किया तो विपक्षियों ने उनसे गाली गलौज कर धमकी दी। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी से की। एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। नायब तहसीलदार मनोज सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। पैमाइश कराकर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जाएगी।

# हर तबके की समृद्धि डबल इंजन सरकार की गारंटी

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर वातावरण के साथ समाज के प्रत्येक तबके की समृद्धि और खुशहाली ही भाजपा की डबल इंजन सरकार की गारंटी है और यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि इस गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की हकीकत परखने और योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए भाजपा द्वारा शुरू किए गए गांव चलो अभियान के तहत गुरुवार की रात बड्डूपुर मंडल के मीरपुर गांव पहुंचे क्षेत्रीय अध्यक्ष ने उक्त बातें चौपाल के दौरान ग्रामीणों से कहीं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद प्रदेश में व्यापक परिवर्तन हुआ है। पहले गांव, गरीब, नौजवान, महिलाओं और किसानों की सुधि लेने वाला कोई नहीं था। मगर मोदी सरकार बनने के बाद समाज के हह एक तबके के लिए सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से जमीन पर उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 55 लाख 83 हजार पीएम आवास एवं 2 करोड़ 63 लाख से अधिक शौचालयों का निर्माण इसकी बानगी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 15 करोड़ लोग मुफ्त राशन तथा 10 करोड़ लोग आयुष्मान भारत योजना का लाभ अकेले उत्तर प्रदेश में ले रहे हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने इसके पूर्व बूथ संख्या 235 के सभी घरों में दस्तक दी। लाभार्थियों का हाल चाल जाना। बूथ कमेटी के साथ परिचर्चा की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, शील रत्न मिहिर, गुरुशरण लोधी, संदीप गुप्ता, रामेश्वरी त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी, डॉ. अंजू चंद्रा, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, रामचंद्र समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



ग्रामीणों को संबोधित करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा।

# अवसादग्रस्त थी खुदकुशी करने वाली महिला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गुरुवार को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने वाली महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घरवालों का कहना है कि संबंधित महिला उत्तर कुंजी पुस्तिका के लीक होने से परेशान थी। पुलिस का कहना है कि महिला अवसादग्रस्त थी।

गुरुवार को घुंघटेर थाना क्षेत्र के डिंगरी निवासी अयोध्या प्रसाद की 30 वर्षीया पुत्री शिव देवी का शव फंदे से लटकता हुआ पाया गया था। शिव देवी तलाकशुदा थी। पति से तलाक के बाद वह मायके में रह रही थी। बुधवार की शाम अयोध्या प्रसाद का परिवार कहीं बाहर गया हुआ था। करीब चार घंटे बाद परिजन लौटे तो घर के अंदर कमरे में शिवदेवी का फंदे से लटकता हुआ शव संदिग्ध परिस्थितियों में उन्हें मिला। अयोध्या प्रसाद का कहना है कि पिछले दिनों शिव देवी ने टीआरसी कॉलेज में समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दी थी। जिसकी उत्तर कुंजी लीक होने से वह परेशान थी। हालांकि थानाध्यक्ष का कहना है कि महिला अवसादग्रस्त थी। जिला प्रशासन अब भी प्रश्न पत्र अथवा उत्तर कुंजी पुस्तिका के लीक होने की बात से इनकार कर रहा है।

**सतर्कता** प्रशासन व पुलिस के सेक्टर मजिस्ट्रेट संयुक्त रूप से देंगे रिपोर्ट, 230 क्रिटिकल और 164 वल्नरेबल बूथ हुए थे चिह्नित

# वल्नरेबल और क्रिटिकल बूथों की अब दोबारा की जाएगी जांच

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार :** क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथों की अब फिर से जांच होगी। पुलिस के सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ प्रशासन के नामित अधिकारी बारीकी से इसकी जांच करेंगे और संयुक्त रूप से इसकी रिपोर्ट देंगे। ऐसे में पूर्व में चिह्नित किए गए इन दोनों श्रेणियों के बूथों की संख्या में बदलाव होना तय माना जा रहा है।

करीब एक हफ्ते पहले विधानसभा क्षेत्रों में जहां 230 बूथों को क्रिटिकल की श्रेणी में रखा गया था। वहीं पुलिस विभाग ने 164 बूथों को वल्नरेबल की श्रेणी में रखा था। बताया जा रहा है कि चिह्नित हुए वल्नरेबल बूथों की रिपोर्ट उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस के सक्षम अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से नहीं दी गई थी। इस पर जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने दोबारा जांच कराने के आदेश दिए हैं।





### पूर्व में चिह्नित क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों की संख्या

| विधानसभा | बूथों की संख्या | क्रिटिकल बूथ | वल्नरेबल बूथों की सं. |
|---|---|---|---|
| 266 कुर्सी | 461 | 41 | 13 |
| 267 रामनगर | 407 | 41 | 26 |
| 268 बाराबंकी | 437 | 38 | 34 |
| 269 जैदपुर | 447 | 38 | 37 |
| 270 दरियाबाद | 458 | 34 | 22 |
| 271 रुदौली आं. | 19 | 0 | 0 |
| 272 हैदरगढ़ | 386 | 38 | 32 |
| योग | 2615 | 230 | 164 |

लोकसभा चुनाव को लेकर छह विधानसभा क्षेत्रों में पहले क्रिटिकल और फिर वल्नरेबल बूथों को चिह्नित किया गया। क्रिटिकल बूथों की संख्या 230 निर्धारित की गई थी, जबकि नाजुक कहे जाने वाले वल्नरेबल बूथों की रिपोर्ट संबंधित उप जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट और पुलिस के सेक्टर मजिस्ट्रेटों को संयुक्त रूप से देनी थी। लेकिन बताया जा रहा है कि पुलिस ने अपनी रिपोर्ट के आधार पर ऐसे 164 बूथों को वल्नरेबल की श्रेणी में दिखा कर जिला प्रशासन को अवगत कराया था। लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को लेकर कोई विवाद उत्पन्न न हो, इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्कता बरत रहा है। इसे देखते हुए जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने एक आदेश जारी इन दोनों श्रेणियों के बूथों की फिर से जांच करने के आदेश दिए हैं और निर्देशित किया है यह रिपोर्ट संयुक्त रूप से जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई जाए। ऐसे में अब पूर्व में चिह्नित दोनों श्रेणियों के बूथों की संख्या में बदलाव होना तय माना जा रहा है।

### निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी रिपोर्ट

> जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट के निर्देश पर दोनों श्रेणियों में चिह्नित किए गए बूथों की अब दोबारा जांच होगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद निर्वाचन आयोग को सूचना भेजी जाएगी।
>
> -सुनील कुमार पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी।

## एक नजर

### कोतवाल ने किया पोलिंग बूथ का निरीक्षण

**राम सनेही घाट बाराबंकी, अमृत विचार :** राम सनेही घाट कोतवाल ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम प्रधान को शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

### बांटे गए स्मार्टफोन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख क्षेत्र के मानपुरिया कालेज आफ एकेडमिक एंड प्रोफेशनल स्टडीज मानपुर में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पूर्व ब्लाक प्रमुख अनंत वर्मा ने नि:शुल्क स्मार्टफोन वितरित किये। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, रिपुदमन वर्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### स्मैक के साथ दो दबोचे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट पुलिस ने 45 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। ओमकार और सोनू पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

### जालसाज पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा पुलिस ने जालसाजी के मामले में फरार चल रहे ककरी गांव निवासी ज्ञानेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया।

### अवैध खनन में केस

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** मिट्टी का अवैध खनन जारी है। प्रशासन द्वारा एक आध मामले में ही संज्ञान लिया जाता है। राम सनेही घाट तहसील के एक लेखपाल ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मिट्टी का अवैध खनन करने के आरोप में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बड़े बाबा के जन्मोत्सव पर उमड़े सतनामी भक्त

**आस्था**

- समाधि पर चादर व प्रसाद चढ़ाकर लिया आशीर्वाद

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी**





समर्थ श्री जगजीवन दास साहेब के जन्मदिन पर कोटवा धाम के अभरन में स्नान करते तथा बड़े महंत से मंत्र लेते श्रद्धालु।

**अमृत विचार :** सतनामी सम्प्रदाय के प्रवर्तक संत जगजीवन दास साहेब बड़े बाबा का 354वां जन्मोत्सव कोटवाधाम स्थित मन्दिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान मेले में हजारों श्रद्धालु कोटवाधाम पहुंचे और पवित्र अभरन सरोवर में आचमन कर स्वामीजी की समाधि पर चादर व प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद लिया।

सतनामी श्रद्धालु अधिकांश बाबा साहेब के जन्म पर व्रत रखकर पूजा अर्चना कर मनवांछित फलों की प्राप्ति और विश्वमानव कल्याण की कामना करते हैं। जन्मोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न साधनों से गुरुवार की रात ही कोटवाधाम पहुंच गए थे।

शुक्रवार को ब्रह्म मुहूर्त में अभरन सरोवर में स्नान कर मन्दिर परिसर पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था के लिए एसडीएम न्यायिक हैदरगढ़ शम्स तबरेज खान, प्रभारी निरीक्षक प्रफुल्ल यादव, थानाध्यक्ष बड्डूपुर ज्योति वर्मा, थाना प्रभारी सतरिख, महिला थानाध्यक्ष समेत बडी संख्या में जिले के कई थानों से पुलिसकर्मी, अग्निशमन दल, एम्बुलेंस आदि मेला परिसर में मौजूद रहे। ड्रोन कैमरे भी लगाए गए। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण कोटवाधाम के चारों तरफ जाम की स्थिति बनी रही। मेला परिसर दिन भर जयकारों से गुंजायमान रहा। बड़ी गद्दी के महंत नीलेन्द्र बख्श दास, महन्त विशाल दास, अमान दास, राजेश बक्श दास, महंत खुटपुट दास, सोनी दास, संजय दास आदि महंतों के आश्रम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलावा बंधवाकर गुरु दीक्षा भी ली। मेले में सर्कस, कपड़ा व अन्य वस्तुओं की दुकाने लगी थीं।

# यूपीसीडा को सौंपी गई 265 एकड़ भूमि

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए शुरू हुआ भूमि का अधिग्रहण

**सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी**



रामसनेहीघाट क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के विकास को यूपीसीडा को सौंपी गई जमीन।

**अमृत विचार :** औद्योगिक निवेश के वादे को धरातल पर उतरने के लिए जिला प्रशासन ने प्लेटफार्म तैयार करना शुरू कर दिया है। रामसनेहीघाट में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए 265 एकड़ जमीन जिला प्रशासन ने यूपीसीडा को सौंप दी है। हैदरगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर औद्योगिक कॉरिडोर बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण प्रारंभ किया गया है।

कंधइपुर व सनौली गांवों में स्थित 265 एकड़ करीब 1060 बीघा भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरण सीडा को हस्तांतरित कर दी है। लगभग इतनी ही भूमि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को जब लखनऊ में औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास करेंगे तो बाराबंकी की इन दो परियोजनाओं का भी शिलान्यास हो जाएगा। इसके साथ ही जिले की 206 यूनिटों का भी शुभारंभ किया जाएगा। इसमें लगभग 11000 करोड़ का निवेश किया गया है। इनमें से 56 इकाइयां इसी माह पूरी हो जाएंगी। इन औद्योगिक इकाइयों से लगभग एक लाख लोगों को रोजगार देने के दावे किए जा रहे हैं।

> रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र में स्थित 265 एकड़ जमीन यूपीसीडा को सौंप दी गई है। वे इसे औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करेंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर औद्योगिक आस्थान निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन दोनों औद्योगिक आस्थानों के विकसित होने के साथ-साथ जिले में औद्योगिक निवेश के द्वारा तो खुलेंगे ही कई बड़े उद्योगों की स्थापना का रास्ता साफ होगा।
>
> **-सत्येंद्र कुमार,** जिलाधिकारी

## सांड़ के हमले से किसान की मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार:** फसल की रखवाली कर रहे किसान की सांड़ के हमले से मौत हो गई। मामला रामनगर थाना क्षेत्र के चैन पुरवा का है। प्रद्युम्न (21) खेती-किसानी करता था। रोज की तरह वह गुरुवार शाम गेहूं की फसल की रखवाली करने खत गया था। फसल चर रहे सांड़ को भगाने लगा। सांड़ ने उस पर हमला कर दिया। यह देखकर आस-पास खेत में मौजूद ग्रामीणों ने सांड़ को भगाया। सूचना पाकर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया ।

## सार-संक्षेप

### धोखाधड़ी में जिले के तीन लोगों पर अयोध्या में केस दर्ज

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** धोखाधड़ी कर तीन बार बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने वाले बाराबंकी के तीन लोगों पर थाना पटरंगा में धारा मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त शाखा डिलवल के प्रबंधक संगमलाल के अनुसार ग्राम पतुलकी थाना दरियाबाद तहसील रुदौली के ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह और बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कृषि योग्य भूमि के चार खातों पर दो लाख 50 हजार रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड तथ्यों को छुपा बनवा लिया है। इसके पहले ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह और बृजेंद्र प्रताप सिंह ने एक अक्टूबर 2009 को बैंक ऑफ इंडिया भटौली शाखा से दो-दो लाख और उससे पहले बैंक ऑफ इंडिया शाखा घटौली से 2 जनवरी 2010 को पांच पांच लाख का किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया। तीनों भाइयों ने बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों को धोखे में रखकर किसान क्रेडिट कार्ड बनवा लिया और बैंक का धन हड़प लिया है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम के न्यायालय के आदेश पर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम पतुलकी थाना दरियाबाद, बाराबंकी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भागवत कथा सुनने से नष्ट हो जाते हैं पाप

**बनीकोडर,बाराबंकी, अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सुनने की इच्छा अगर जाग्रत हो तो समझ लो ईश्वर की महती कृपा है। अयोध्या धाम से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य दिव्यांशु महाराज ने बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम जरौली में पूर्व प्रधानाध्यापक शिवदास तिवारी के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन यह बात कही। उन्होंने आगे बताया कि,यह कथा धर्म,काम,अर्थ और मोक्ष की मंदाकिनी है। श्रद्धा भक्ति से इस कथा के भाव में गोता लगाने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन जीने के सभी नियम और उपनियम मनुष्य सीख लेता है। कार्यक्रम में माताफेर तिवारी,राहुल तिवारी,कमल किशोर तिवारी,मोनू पाठक,हिमांशु पाठक आदि मौजूद थे।

### विपक्षियों की धमकी से सदमे में आए किशोर की मौत

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** भाई के हत्यारोपियों की धमकी से सदमे में आए किशोर की शुक्रवार को मौत हो गई। मामला घुंघटेर थाना क्षेत्र के जजियामऊ गांव का है। यहां पर चार वर्ष पहले यहां के निवासी पप्पू की हत्या कर दी गई थी। इसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि विपक्षी रामराज, रघुराज, सुरेश व राकेश कुछ दिन पहले रामकिशोर के भाई किशोर लाल को रास्ते में गालियां देते हुए मारने की धमकी दी थी। इससे सदमे में आए किशोर की मौत हो गई।

### चाकू के साथ तीन आरोपी पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने चाकू के साथ तीन आरोपियों को दबोचा। सफदरगंज पुलिस ने शुक्रवार को पल्हरी निवासी दिलीप कुमार, मसौली पुलिस ने अनूपगंज निवासी रामकुमार तथा फतेहपुर पुलिस ने विरेन्द्र कुमार पाल को चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

### 256 ग्राम मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सुबेहा , बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा पुलिस ने 256 ग्राम मार्फीन के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार। अमेठी निवासी जंग बहादुर को रतौली गांव के समीप सुबेहा पुलिस ने मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया।

### तीन वांछित समेत छह गिरफ्तार, पांच तमंचे बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाने की पुलिस टीम ने जालसाजी के मामले में फरार चल रहे फतेहपुर के इसरौली निवासी दिलशाद व अशरफ तथा जैदपुर के टेरा निवासी रईस को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो तमंचे , बाइक और 12 हजार छह सौ रुपये बरामद किया। वहीं रामसनेही घाट पुलिस की टीम ने तमंचे के साथ गाजीपुर निवासी अनुरूद्ध कुमार रावत तथा फतेहपुर पुलिस ने अल्ताफ हुसैन को तमंचे के साथ दबोचा।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**रामनगर,बाराबंकी, अमृत विचार :** रानीबाजार रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने उसकी पहचान फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर चक मजरे बहेरवा निवासी ओमकार के रूप में की। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

### 115 लीटर शराब के साथ 12 गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस ने शुक्रवार को 115 लीटर शराब के साथ 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी**

**अमृत विचार :** करीब आठ वर्ष पहले किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने शुक्रवार को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

मामला रामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। छह मई 2016 को पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को थाना क्षेत्र के भगीरथपुरवा मजरे सिरौलीकला निवासी बृजेश कुमार बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। उसके बाद किशोरी को बरामद कर अभियुक्त को जेल भेजा। किशोरी के चिकित्सीय परीक्षण, बयान व वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलित कर विवेचक ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने अभियुक्त बृजेश कुमार को दोषी मानते हुए शुक्रवार को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### दहेज हत्या के दोषी पति को आठ वर्ष का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज हत्या के आरोपी पति को दोषी मानते हुए अपर सत्र न्यायाधीश ने नौ साल बाद शुक्रवार को आठ वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र का है। सात जनवरी 2015 को सीतापुर के रामपुर कला थाना क्षेत्र के महमूदाबाद निवासी साबिर खां ने मोहम्मदपुर खाला थाने में दी तहरीर में बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने के कारण रालभारी निवासी उसके पति फुरकान और सास फातिमा ने हत्या कर दी। इस पर पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया। मामले की विवेचना कर रहे सीओ फतेहपुर ने साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर पति फुरकान को दोषी मानते हुए आठ वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं दूसरी अभियुक्त फातिमा की मुकदमे के दौरान मौत हो गई थी।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, 6 घायल

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार:** रास्ते पर मवेशी बांधने को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद मारपीट का केस दर्ज किया। मामला करखा गांव का है। जयप्रकाश व गयाप्रसाद के बीच घर के निकट रास्ते पर मवेशी बांधने को लेकर शुक्रवार को विवाद हो गया। गयाप्रसाद के पुत्र संजय वर्मा साइकिल से असेनी जा रहा था। रास्ते में जानवर बंधे होने के कारण वह गिर गया। इसी बात को लेकर जयप्रकाश के परिवार से विवाद शुरू हो गया। मारपीट में गयाप्रसाद वर्मा, संजय वर्मा, अनुज कुमार, रीना, जगदेई, जय प्रकाश व राजेश कुमार घायल हो गये।



स्मार्टफोन के साथ इरम डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### 294 विद्यार्थियों को मिले स्मार्टफोन

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के इरम डिग्री कॉलेज मेलारायगंज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत छात्र छात्राओं को नि.शुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया गया। शुक्रवार को संस्थान में 294 छात्र-छात्राओं को यह सौगात मिली। मुख्य अतिथि कॉलेज के डायरेक्टर इं. सैय्यद ख्वाजा फैजी यूनुस रहे ।इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना युवाओं के लिए काफी लाभप्रद सिद्ध होगी। ब इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अभय पांडेय, इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बद्री प्रसाद वर्मा, इंचार्ज आसमा खातून, सुरेश कुमार सत्यम ,हिमांशु, सत्येंद्र चंद्रसेन ,मनोज, निहारिका नफीसा आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**बच्चों का चश्मा हटाए**

**GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें**

**जन कल्याण आँख का अस्पताल**

ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ

मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में

स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

### एमएलसी ने किया मार्ग का लोकार्पण



जीआईसी में इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन करते एमएलसी अंगद सिंह।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को इंटरलाकिंग सड़क का लोकार्पण एमएलसी अंगद सिंह ने किया। उन्होंने छात्रों को परीक्षा से पूर्व अपना लक्ष्य निर्धारित करने एवं अपनी क्षमता, योग्यता को कम न आंकने की बात कही। इस मौके पर डाक अधीक्षक घनश्याम ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को परीक्षा से पहले तनाव से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम में डीआईओएस ओपी त्रिपाठी और प्रधानाचार्य राधेश्याम धीमान ने भी अपने विचार रखे।

# गन्ना दफ्तर पर किसानों का धरना

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी:**



गन्ना दफ्तर में धरना देते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दिल्ली सीमा पर चल रहे किसानों के आंदोलन के समर्थन में जिले के एक किसान संगठन ने शहर के गन्ना कार्यालय परिसर में धरना दिया। किसानों द्वारा किए गए भारत बंद का कोई असर जिले भर में नहीं दिखा। वहीं किसानों के धरना प्रदर्शन को लेकर पुलिस व जिला प्रशासन जरूर चौकन्ना रहा। इस दौरान धरना स्थल पर पीएसी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

संयुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष लालजी यादव के नेतृत्व में किसानों ने गन्ना कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया और दिल्ली सीमा पर आंदोलित किसान साथियों के समर्थन और बुलाए गए भारत बंद की बात कहते हुए कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए एमएसपी को तुरंत कार्यान्वित किया जाए। इसके साथ ही ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाए। किसानों के विकास के लिए किसानों को बेहतर पेंशन व कृषि की अन्य सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों का कर्जा माफ हो, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू हो तथा मुफ्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाई जाए। इस दौरान संगठन ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा। इस मौके पर विक्रांत सैनी, सुनील, केके यादव, अमित, लवकुश, बलराम, आजाद आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत मौके पर सीओ, पीएसी व पुलिस मौजूद रही।

### खेतों के बजाय घर में रहे किसान

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** किसान संगठनों द्वारा आयोजित भारत बंद के क्रम में हैदरगढ़ में भी किसानों द्वारा खेतों में काम न करके और घरों में रहकर भारत बंद को सफल बनाने का काम किया ।हैदरगढ़ के केरहन पुरवा गांव में तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम पाल ने जहां घर में मौजूद रहकर भारत बंद को सफल बनाया। वहीं पूरे लोधेसिंह, बम्हरोली, अंदौमऊ, कनवा, सतरही, रकसहा, पूरे गंगा दीन पुरवा, मनीपुर, मानपुर, जयचंदपुर, मल्लहन पुरवा, बल्लूपुर, कारोदी, रामपुर आदि गांवों के किसान यूनियन के सदस्य कृषि कार्यों में काम नहीं किया।

**अवध उत्सव** | नगर पालिका के सभागार में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# कलाकारों ने बिखेरी गीत-संगीत की बयार

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी**





अवध महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** संस्कृति विभाग के सहयोग से शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में अवध उत्सव का आयोजन किया गया। अवधी और भोजपुरी गीतों की मोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के स्वागत में एक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और उसके बाद कजरी, देवी गीत, मुंडन संस्कार गीत, विवाह गीत इत्यादि प्रस्तुतियां दी गईं। तनुज भोजपुरिया द्वारा सुंदर प्रस्तुतियों से पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया। उसके बाद सुरभि श्रीवास्तव, मेघना मिश्रा, और अदिति वर्मा ने अवधी गीतों की प्रस्तुति दी । दीपक वर्मा और अंकुर त्रिवेदी के भजनों को दर्शकों ने खूब सराहा। गार्गी द्विवेदी लखनऊ एवं कनिका वर्मा बाराबंकी की नृत्य प्रस्तुति लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रश्मि सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अरुणिमा सिंह त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आरजे ब्रदर्स व प्रभात नारायण दीक्षित (बहार सुगम संगीत प्रभाग) के निदेशक एवं संचालक रहे।

# चोरों ने एक ही रात छह दुकानों को बनाया निशाना

**सतरिख, बाराबंकी**



**अमृत विचार :** पुलिस सहायता केंद्र के निकट गुरुवार की रात चोरों ने आधा दर्जन दुकानों को निशाना बनाया। शुक्रवार सुबह दुकानदारों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। मामला जैदपुर थाने के हरख चौराहे पर स्थित पुलिस सहायता केंद्र के समीप का है। गुरुवार की रात यहां पर चोरों ने राम मेडिकल स्टोर, रवि ज्वैलर्स, महमूद किराना स्टोर, सूरज क्लीनिक, सौरभ किराना स्टोर समेत एक अन्य दुकान का ताला तोड़ा तथा एक दुकान में नकब लगाकर चोरी की। इस दौरान चोर दुकानों से नकदी व हजारों का सामान चोरी कर ले गए। जिन दुकानों का ताला तोड़ा गया है पुलिस सहायता केंद्र से चंद कदमो की दूरी पर हैं। जैदपुर के प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह का कहना है कि किसी दुकान में कोई नुकसान नहीं हुआ है। सीसीटीवी कैमरा तोड़े गये हैं। जांच की जा रही है।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार **क्लासीफाइड**

**सूचना**

पहले मेरा नाम SHAHZADE ALAM था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAHZADE ALAM KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MUNAWWAR KHAN,BAGH NO-3, AWADH VIHAR COLONY, MANAS NAGAR, LUCKNOW, U.P.-226023

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम शाह जहां खातून से बदलकर शांह जहां रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए। **- शांह जहां पत्नी मकबूल अहमद नि0 ग्रा0 जारमऊ पो0 मंगौवा, बाराबंकी उ0प्र0**

**सार्वजनिक सूचना**

**जी.एस. कालेज ऑफ लॉ**

खजुरहट (गन्डई), तहसील-बीकापुर, जिला-अयोध्या (उ.प्र.), पिन कोड-224 206

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जी. एस. कॉलेज आफ लॉ खजुरहट (गंडई) बीकापुर, अयोध्या के अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता द्वारा दिनांक 14.2.2024 को अमर उजाला माई सिटी में पब्लिक नोटिस के माध्यम से प्रबंधक अनुरुद्ध कुमार तिवारी को हटाए जाने की सूचना दी गई है। जो पूर्णतया असत्य व निराधार है। कुछ माह पहले कॉलेज से महत्वपूर्ण प्रपत्र सहित थैला गुम हुआ था, काफ़ी खोजबीन के बाद भी न मिलने पर प्रबंधक जी द्वारा कोतवाली बीकापुर में दिनांक 13. 12. 2023 को गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। उन्हीं गुम हुए प्रपत्रों का दुरुपयोग एवं कूटरचना कर अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता व उनके पुत्र अनुज गोयल द्वारा प्रबंधक को गैरकानूनी तरीके से हटाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके संबंध में संजीव कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गोयल, राजेंद्र यादव उर्फ राजन आदि लोगों पर **थ्प्द** पंजीकृत कराए जाने हेतु वाद श्रीमान न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) 3 अयोध्या के यहां विचाराधीन है। उपरोक्त सभी विपक्षी लोगों के द्वारा ट्रस्ट व कॉलेज के संबंध में प्रबंधक हस्ताक्षरित कोई कूटरचित लेख व प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने पर बिना प्रबंधक की पुष्टि के उसे पूर्णतया असत्य, गैरकानूनी एवं कूटरचित माना जाय।

**आज्ञा से**
**अनुरुद्ध कुमार तिवारी**
**प्रबंधक - जी. एस. कॉलेज आफ लॉ**
**सचिव - जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी-मो0 लला कजियाना खुर्द जायस, जि0 अमेठी,** मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या-214496968 में मेरा नाम त्रुटिवश बाबू अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम बाबू उर्फ मो0 शकील है। यहकि मोहम्मद शकील व बाबू एक ही व्यक्ति के नाम हैं इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। अत: मेरी एलआईसी पॉलिसी में मेरा सही नाम बाबू उर्फ शकील दर्ज किया जाय।

**सूचना**

मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी इटावा का आवटन पत्र वास्तव मे कही खो गए है। जिसका डीड सं. 509 दिनांक 17.03.1966 है। जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। **यतीन्द्र नाथ दुवे पुत्र सत्य नारायण दीक्षित निवासी मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी तुलसी नगर इटावा उ.प्र.**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MITHILESH KUMARI था अब मैने बदलकर अपना नाम MITHILESH YADAV रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: AJAY KUMAR, R/O E-10, PANDEY KA TALAB COLONY TAL KATORA ROAD AISHBAGH LUCKNOW 226004**

**सूचना**

मैंने अपना नाम SAFINAJ से बदलकर SAYYED SAFINAZ रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/o- SAYYED MOHAMMAD AKRAM, Add- VILLAGE-SALAHUDDIN PATTI,Post-ZAMIN RASOOLPUR, JAMIN RASULPUR, AZAMGARH (U.P.)-276127**


नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में सम्मानित महिलाएं व अन्य।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम सम्पन्न

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा की ओर से विकास खण्ड सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। इस दौरान 10 सालों में मजबूत हुई महिलाओं की स्थिति और उनके बढ़े सम्मान के बारे में चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने कहा कि रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, खेल और विज्ञान आदि क्षेत्रों में महिला शक्ति अपने नेतृत्व का लोहा मनवा रही हैं। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी, अवधेश मिश्रा, सहित कई एनजीओ, स्वयं सहायता समूह से जूड़ी महिलाएं, पर्यावरणविद, स्वास्थ्य,शिक्षा पर काम करने वाली महिलाओं ने भाग लिया।

# धूल फांक रही अल्ट्रासाउंड मशीन, चिकित्सकों का टोटा

- सीएचसी में सुविधाओं की कमी का फायदा उठा रोगियों की जेब खाली कर रहे नर्सिंग होम संचालक

**महराजगंज, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** एक रुपये के सरकारी पर्चे में आवाम को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं धरातल पर सही तरीके से नहीं उतर पा रही हैं। इसी का नतीजा है कि ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल रेफर सेंटर बने हुए है। बात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज की करें तो यहां पर अल्ट्रासाउंड


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज।

मशीन कई सालों से धूल फांक रही है। वहीं चिकित्सकों की कमी दूर होने का नाम नहीं ले रही है। इसके चलते रोगियों को नर्सिंग होमों का सहारा लेना पड़ रहा है। जहां पर उनसे मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है।

महराजगंज सीएचसी से करीब सवा दो लाख की आवादी जुड़ी है। यहां सुविधाओं का टोटा है। हड्डी एवं बाल रोग विशेषज्ञ व सर्जन की तैनाती न होने से लोगों को परेशानी होती है। ज्यादा चोट व गंभीर बीमारियों की हालत में मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। इसके अलावा कई साल पहले यहां अल्ट्रासाउंड मशीन तो लगाई गई है। लेकिन अल्ट्रासाउंड मशीन चलाने के लिए रेडियोलाजिस्ट की तैनाती नहीं हो सकी। जिससे एक भी अल्ट्रासाउंड किए बिना मशीन ऐसे ही पड़े रहने से खराब हो गई है। सीएचसी में लगाई गई एक्स-रे मशीन में यदा कदा ही एक्सरे होते हैं। ज्यादातर मरीजों को कमीशन के चलते निजी लैब व पैथालॉजी में जांच के लिए भेज दिया जाता है।

> अल्ट्रासाउंड मशीन चलाने के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती के लिए कई बार मांग की गई है। रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के लिए लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की जाएगी।
>
> -डॉ. पीके श्रीवास्तव, अधीक्षक सीएचसी महराजगंज

### हर दिन 100 से 150 मरीज कराने आते हैं इलाज

यहां रोजाना 100 से 150 लोगों की ओपीडी होती है। अधिकांश मरीज तो प्रैक्टिस करने वाले दर्जन भर फार्मासिस्ट के सहारे ही दवाएं लेकर घर चले जाते है। सीएचसी महराजगंज में कहने को तो दो महिला चिकित्सकों सहित सात चिकित्सकों की तैनाती है। बावजूद इसके लोगों को बाहर प्राइवेट अस्पतालों में मंहगा इलाज कराना पड़ता है। सीएचसी में सुविधाओं के नाम पर दवाएं तो उपलब्ध है। लेकिन बिजली जाने पर कभी कभार ही जनरेटर चलाया जाता है। गर्मी के दिनों में मरीजों को खासी परेशानी होती है।

# वाहन की टक्कर से पशुपालक की इलाज के दौरान मौत

- बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित गुड़िया गढ़ी के पास की घटना

**शिवगढ़, रायबरेली**




रोते-बिलखते परिवारजन।

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में घायल पशुपालक की ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के रूस्तमगंज मजरे खजरों गांव का रहने वाले पशुपालक सतीश कुमार पुत्र फौजीलाल रावत बृहस्पतिवार को क्षेत्र के गूढ़ा स्थित दूध डेयरी पर दूध देकर साइकिल से वापस घर लौट रहा था। तभी बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित गुड़िया गढ़ी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया पिता भौजीलाल की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### दुधमुहे बच्चे के सिर से उठ गया पिता का साया

सतीश कुमार की मौत से घर में कोहराम मचा है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। छह दिन पहले ही बेटे का जन्म हुआ था। इससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। किन्तु नियति को कुछ और ही मंजूर था। सतीश की मौत से परिवार की सारी खुशियां गम में तब्दील हो गई हैं। वहीं दुधमुहे बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया है।

## अनियंत्रित तेज रफ्तार डीसीएम पलटा, चालक गंभीर

**बछरावां, रायबरेली**


सड़क पर पलटा डीसीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीती रात बछरावां-मौरावां मार्ग पर तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम टूटी पुलिया बाईपास पर पलट गया। इस हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। अमेठी से कानपुर जा रहा डीसीएम बछरावां मार्ग पर बिशनपुर गांव के पास निर्माणाधीन पुलिया के बाईपास पर पलट गया।

हादसे में ट्रक चालक बबलू को गंभीर चोटे आ गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। टूटी पुलिया के बारे में ग्रामीणों का कहना है कि बहुत ही धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह रोड उन्नाव जनपद को भी जोड़ती है, जिसकी वजह से वाहनों का आना-जाना लगातार जारी रहता है। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग टूटी हुई पुलिया को बनाने में काफी लेट लतीफी कर रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि शीघ्र पुलिया का निर्माण कराया जाए जिससे सिलसिलेवार हो रहे हादसों को रोका जा सके।

# आंगनबाड़ी भवन निर्माण की धीमी गति से लोगों को व्याप्त आक्रोश

**नसीराबाद, रायबरेली**

- आठ साल से पड़ा अधूरा परेशानी से जूझ रहे आंगनबाड़ी केंद्र के नौनिहाल

**अमृत विचार।** छतोह ब्लॉक में 2015-16 में स्वीकृत चार आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन आठ साल में भी नहीं बन पाए। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्त्रियां, सहायिकाएं और नौनिहाल गांवों में किसी के निजी मकान, चबूतरे या बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में शरण पा रहे हैं। ताज्जुब तो इस बात का है कि निर्माण के लिए धन स्वीकृत करने वाले विभागीय अधिकारी और निर्माणकर्ता कान में तेल डाले बैठे हैं। न तो धन आवंटित करने वाले अधिकारी इसकी समीक्षा करते हैं और न अधूरा निर्माण करके धन पर कुंडली मारे बैठे निर्माण करने वाले।

वैसे तो कई वर्षों तक काम ठप रहने के बाद वर्ष 2023 में समाचार प्रकाशित होने के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने अधिकारियों के पेंच कसे थे, किंतु उनके स्थानांतरण के बाद काम फिर ठप हो गया। समय-समय पर तैनात खंड विकास अधिकारियों की अकर्मण्यता, बाल विकास परियोजना के सीडीपीओ और डीपीओ की उदासीनता के कारण ग्राम मठिया मजरे बेढ़ौना, राजापुर मजरे कुंवरमऊ, धनापुर मजरे पदुमपुर और कुढ़ा में लगभग आठ साल से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन अब तक अधूरे पड़े हैं। देखना है कि भगवान भरोसे चल रहे इस ब्लॉक में ये अधूरे निर्माण कब पूरे होते हैं। शायद संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी की किसी कड़ी कार्यवाही का इंतज़ार है।

## मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**बछरावां, रायबरेली।** किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रफी अहमद किदवई पार्क में प्रदर्शन किया। वहीं अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सक्षम अधिकारी को दिया। दिए ज्ञापन में गंगा मोहन निवासी रामपुर मजरे समोधा की जमीन दबंग चंद्रभान निवासी रैन द्वारा जबरिया कब्जा करने को लेकर गांव की सोनी पत्नी मेवालाल की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने को लेकर और 16 सूत्री मांगों को लिपिबद्ध करके अवगत कराया। ज्ञापन के माध्यम से किसान व उनके परिवारों को होने वाली समस्याओं का निराकरण करने के लिए न्याय हित में करने के लिए अनुरोध किया। इस मौके पर अतुल कुमार, अशोक कुमार, लक्ष्मी, चंद्रावती, आरके यादव, सूबेदार लोधी, जगन्नाथ लोधी, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एनडीपीएस का आरोपी न्यायालय से फरार

**संवाददाता, रायबरेली**

- एक वर्ष से जिला कारागार में बंद था कैदी

**अमृत विचार।** दीवानी कचहरी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद भी पुलिस कर्मियों को चकमा देकर न्यायालय लाया गया एक आरोपी भाग निकला। न्यायालय से आरोपी के फरार होने की जानकारी होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

दीवानी कचहरी से आरोपी के फरार होने से वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होना लाजिमी है। अमेठी जनपद के फुरसतगंज थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में थाना क्षेत्र के गुलाब शाह का पुरवा निवासी नदीम पुत्र शाकिर को जिला जेल से दीवानी न्यायलय लाया गया था। जहां से वह चकमा देकर फरार हो गया। कैदी एनडीपीएस के मामले में एक साल से जिला कारागार में बन्द है। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। सीसी फुटेज देखा जा रहा है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। जेल प्रशासन की ओर से तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मियों को दी विदाई

**लालगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** सीएचसी में अवकाश प्राप्त स्वास्थ्य कर्मियों का विदाई समारोह अधीक्षक डा. राजेश गौतम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें श्याम सुंदरी, चंद्रावती एएनएम को सहकर्मियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। डा. राजेश गौतम ने कहा कि मरीजों की देखभाल में महिला स्वास्थ्य कर्मियों का अहम योगदान है।

नर्सिंग और एएनएम पद पर कार्य करने वाली महिलाएं सेवा भाव से मरीजों की देखभाल करती हैं। कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक अतुल कुमार विमल एवं



स्वास्थ्य कर्मी को सम्मानित करते अधीक्षक डॉ. राजेश गौतम

आलोक यादव रहे। इस मौके पर रन्नो देवी, सुशीला देवी, डा. दुर्गेश नंदिनी, डा. प्रियंका, डा. एएस विद्यार्थी, डा. आरके तिवारी, डा. गौरव पांडे, सभासद बबलू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## युवती से दुष्कर्म का किया प्रयास

**ऊंचाहार, रायबरेली।** खेत में शौच क्रिया के लिए गई महिला के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। महिला का कहना है कि गुरुवार की देर शाम वह अपनी ननद व पड़ोस की एक महिला के साथ शौच के लिए गई हुई। उसी दौरान गांव का एक युवक आया और उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती करने लगा। शोर मचाने पर जब उसकी ननद व पड़ोस की महिला मौके पर पहुंची तो आरोपी मौके से फरार हो गया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# न्यायालय की फटकार के बाद दर्ज हुआ लूट का मुकदमा

**सलोन, रायबरेली**

**अमृत विचार।** चार महीने पहले सड़क दुर्घटना के दौरान हुई लूट की घटना को न्यायालय की फटकार के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने थाने से भगा दिया था, जिसके बाद न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

घटना बीते वर्ष अक्टूबर महीने की है। सुखदेव प्रसाद निवासी रसूलपुर थाना डलमऊ ने बताया कि 10 अक्टूबर 2023 को लगभग चार बजे के करीब सलोन तहसील से रायबरेली लौट रहा था। राजापुर गांव के निकट पहुंचने पर पीछे से आ रही मोटर साइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी थी। बाइक पर सवार कुलदीप निवासी टीकरमाफी थाना जगतपुर, मनीष कलसहा थाना भदोखर, दिलीप कोतवाली महराजगंज ने विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की।

पीड़ित का आरोप है कि सलोन कोतवाली में तहरीर देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई। वही न्यायालय की फटकार के बाद सलोन पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध लूट, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल श्याम कुमार पाल का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना प्रचलित है।

## विवाहिता ने लगाया फंदा, पति पर केस

**हरचंदपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बे में शुक्रवार सुबह विवाहिता का शव उसके घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पति को हिरासत में लिया है। कस्बा निवासी सुभाष लोधी की शादी खीरो थाना क्षेत्र के रमपुरवा मजरे बरवलिया निवासी रामकुमार की बेटी शालू से हुई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार सुबह सब कुछ ठीक था और अचानक शालू ने कमरे में कुंडे से फांसी लगा ली। बेटी की मौत की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराली जनो पर दहेज हत्या का आरोप लगा पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया। पति को हिरासत में ले लिया गया है।

# आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**लालगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** बैसवारा इंटर कालेज में आशीर्वाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती के पूजन अर्चन के बाद भारतीय संस्कृति पर आधारित गीतों का मंचन कर छात्र-छात्राओं ने लोगों का मन मोह लिया।

एनसीसी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शोभित सिंह, शिवा सिंह, मुकेश कुमार व सुमित यादव, राज्य स्तर पर दौड़ में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले विशाल, अभय, आयुष, राजत, शुभम, बालिका वर्ग में नेहा, काजल, मंडल स्तर पर डिस्कस हैमर में अंकिता, लम्बी



मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते प्रबंधक लाल देवेन्द्र बहादुर सिंह व अन्य।

कूद व गोला फेक में सोनी, कबड्डी में रोशनी व लम्बी कूद में काजल को सम्मानित किया गया।

रंगोली में राधिका, रिंकी, फलक, रोशनी, जान्हवी, रेशू, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रूपम, नेहा, दिव्यांशी, रिचा, अनुष्का को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कक्षा छह से इंटर तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने कहा कि कालेज के छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस आदि अन्य गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय ने कहा कि बैसवारा एजूकेशन ट्रस्ट क्षेत्र का सबसे पुराना शैक्षणिक संस्थान है। बैसवारा इंटर कालेज व डिग्री कालेज दोनों जगहों पर आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद भी मुहैया करायी जाती है, जो अन्य संस्थानों के लिए अनुकरणीय है। उप प्रबंधक कुंवर वीपी सिंह ने कहा कि कहा कि बैसवारा संस्थान में पढ़े छात्र देश ही नही विदेशो में भी सेवारत हैं, जो गर्व का विषय है। इस मौके पर अशोक सिंह रामपुरी, भगवत प्रसाद पटेल, राजेश सिंह फौजी, राम प्रताप सिंह, विष्णु शंकर पांडेय, भवानी प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सपा नेता के प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला

**ऊंचाहार, रायबरेली**

**अमृत विचार।** सपा के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के प्रतिनिधि दिलीप मौर्य पर गुरुवार की रात बाइक सवार तीन युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय दिलीप गाड़ी के अंदर बैठकर किसी से फोन पर बात कर रहे थे। इसमें उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से प्रतापगढ़ जनपद निवासी दिलीप सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के प्रतिनिधि हैं। वह ऊंचाहार के रेलवे स्टेशन रोड पर रहते हैं। साथ ही भूमि प्लाटिंग का काम करते हैं। गुरुवार को वह किसी काम से प्रतापगढ़ गए थे, जहां से वह रात करीब 12 बजे वापस लौटे। उन्होंने अपना वाहन बस स्टेशन से रेलवे स्टेशन रोड पर मोड़कर किनारे खड़ा किया और गाड़ी के अंदर बैठकर किसी से फोन पर बात कर रहे थे। इसी बीच पीछे से बाइक सवार तीन लोग वहां पहुंचे और उनकी गाड़ी पर साइड से ईंटों से हमला कर दिया। ईंट-पत्थर चलता देख वह तत्काल अपनी गाड़ी से कूदे और भागकर सामने एक चाय की दुकान में घुसकर जान बचाई। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते तब तक बाइक सवार तेजी से भाग गए। घटना के बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर कोतवाल अनिल कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। कोतवाल ने बताया कि घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### जूनियर्स बच्चों ने सीनियर्स को दी विदाई

**लालगंज, रायबरेली।** शुक्रवार को चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज में जूनियर्स ने सीनियर्स को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत इस्मत और रिया निर्मल की सरस्वती वंदना से हुई। छात्रा तनु सिंह व सृष्टि के विदाई गीत पर सभी की आंखें नम हो गई। छात्रा सानिया ने कहा मैं तो डाली के उन पत्तों की तरह हूं जो ना चाहते हुए भी टूट कर गिर जाते हैं... करे सुनकर सबकी आंखों में आंसू आ गए। सेजल सिंह, काजल वर्मा, रिया सिंह रोशनी, फिजा, मालती, स्वाती यादव आदि ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि लगन व परिश्रम से की गई पढ़ाई का परिणाम सुखद होता है। सभी छात्र/छात्राओं को खूब परिश्रम करके परीक्षा देनी चाहिए। शिक्षक रोहित शर्मा ने विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए। प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विद्यालय ज्ञान और साधना का मंदिर है। इसमें गुरुजनों के द्वारा सभी छात्राओं को परिश्रम करके सलोना रूप प्रदान किया जाता है। इस मौके पर रामचंद्र पांडे, रोहित शर्मा, दिग्विजय सिंह, रजनीश मिश्र, शैलेंद्र गुप्ता, फहमीदा, आनंद मिश्रा, दिनेश यादव, प्रवीण तिवारी, देव त्रिवेदी, हसमत अली आदि मौजूद रहे।

### बड़े बाबा की पूजा-अर्चना और भंडारे में उमड़े श्रद्धालु


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के जयचन्दपुर मजरे बैंती में भवानीगढ़-सूरजपुर सम्पर्क मार्ग पर स्थित बड़े बाबा के प्राचीन कालीन मंदिर में दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला और भण्डारे का आयोजन किया गया। मेले के दूसरे दिन मेला कमेटी द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र ही नहीं दूरदराज से आने वाले हजारों श्रद्धालु प्रसाद छककर मनोकामनाएं मांगते हैं। मान्यता है कि बड़े बाबा के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि जिले के साथ-साथ गैर जनपदों से आकर श्रद्धालु बाबा के मंदिर में माथा टेककर मनोकामनाएं मांगते हैं। इस अवसर पर मेला कमेटी के बाबा जागेश्वर, भवानीदीन, मैकू लाल, रामचन्दर, गंगा प्रसाद रावत, जमुना प्रसाद, श्रवण कुमार, मनोज कुमार, रामखेलावन, रामदेव, हुबलाल, प्रदीप कुमार, गुरुदीन, रामआसरे, विजय यादव, हरी तिवारी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### फूलों की होली में भक्ति भाव से हुए सराबोर

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के ओम उत्सव लान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन पूरा नगर कृष्ण भक्ति में डूबा दिखाई पड़ा। इस दौरान वृंदावन से आए कथा वाचक पंडित मुरली मनोहर शास्त्री द्वारा सुनाए गए सुदामा कृष्ण मिलन, मलूकदास की कथा सहित अन्य प्रसंगों का रस पान श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। कथा समाप्ति के अंत में फूलों की होली व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी हुआ। फूलों की होली के दौरान भक्ति भाव में सभी आनंदित व झूमते नजर आए। कथा के आयोजक एवं मुख्य जयमान रामप्रकाश वैश्य व कुसुमलता द्वारा विशिष्ट एसडीएम राजित राम गुप्ता, कोतवाल बालेन्दु गौतम, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, सभासद ऊषा त्रिपाठी, विनीत वैश्य, सपा चेयरमैन प्रत्याशी शोभनाथ वैश्य, मन्नू नेता, पवन साहू, भाजपा नेत्री सुधा अवस्थी आदि का स्वागत व सम्मान अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। मौके पर संदीप वैश्य, संजीव वैश्य, राजीव वैश्य, राहुल वैश्य, प्रवीण त्रिपाठी, प्रिंकल सिंह, प्रेमनाथ वैश्य, बुद्धिनाथ वैश्य, संदीप कुमार वैश्य, बन्नू जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या धाम के प्रसाद का हुआ वितरण


प्रसाद वितरण करते लोग।

**परशदेपुर, रायबरेली।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी के द्वारा भेजे गए अयोध्या धाम के प्रसाद का वितरण तेज़ी से चल रहा है। शुक्रवार को पूर्व चेयरमैन सीपी श्रीवास्तव, सभासद संदीप मोदनवाल, चंदन मोदनवाल, कुंवर प्रताप सिंह, सुधीर मिश्रा, प्रमोद मौर्य आदि ने कस्बे में भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

### दो विद्यालय बने केंद्र, परीक्षा की तैयारी पूरी

**महराजगंज, रायबरेली।** शनिवार और रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए क्षेत्र के दो विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। लिखित परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। दोनो परीक्षा केंद्रों में कुल 1536 परीक्षार्थी यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार व रविवार को होना तय हुआ है, जिसको लेकर क्षेत्र के राजा चंद्र चूड़ सिंह विद्यापीठ इंटर कॉलेज और डॉ बीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां पर सीसी कैमरे की निगरानी में दोनों पालियों में परीक्षा संपन्न होगी। सभी परीक्षा केंद्र पर भारी पुलिस बल के साथ परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न कराई जाएगी।

### फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी देने का आरोप

**संवाददाता, रायबरेली।** सदर तहसील के कोलवा खुर्द गांव में जमीन कब्जा के विवाद में फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित राजबहादुर ने बताया कि विपक्षी करीब 20 साल से जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। बाद में चालाकी से वाद भी कोर्ट में दायर कर दिया। हाल ही में लेखपाल ने पैमाइस किया लेकिन नहीं मान रहे हैं। अब झूठे आरोप में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित राजबहादुर, मनबोध, शिव प्रसाद, आकाश, सचिन आदि ने न्याय की गुहार लगाई है।

### पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** पूर्व राज्य मंत्री और यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र तिवारी का शुक्रवार की दोपहर कस्बे के मुख्य चौराहे पर भाजपाइयों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। वह लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे थे। पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि भाजपा सिर्फ डबल इंजन की सरकार ही नहीं है, बल्कि वह पटरी पर दौड़ती भी है। भाजपा के विकास कार्यों को देखकर ही आम जनता आगामी लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कार्यकर्ता भाजपा की योजनाओं के कराए गए विकास कार्यों को लेकर घर-घर जाकर समाज के अंतिम व्यक्ति से मिलें। कार्यक्रम से पहले पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने जिले की सीमा रेखा स्थित हनुमान मंदिर में माथा टेक कर पुन: तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाए जाने के लिए भगवान हनुमानजी से प्रार्थना की।

## एक नजर

### जुआं खेलते चार गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के किला मोहल्ला मैदान में जुआं खेल रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार किए गए अब्दुल इस्लाम, धीरज कुमार, जीनू और विजय कुमार शामिल है। थानाध्यक्ष वृजेंद्र शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 1380 रुपये और एक ताश की गड्डी बरामद हुई है।

### आरोपित को भेजा जेल

**महराजगंज, रायबरेली।** किशोरी से छेड़छाड़ और उसकी मां को जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को पुलिस ने जेल भेज दिया है। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही युवक पर पीड़िता की 14 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ व पीड़िता द्वारा घटना का विरोध करने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की तहरीर मिलने पर गांव के ही युवक सत्येन्द्र पुत्र हरिप्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### सड़क दुर्घटना में पीआरडी का जवान घायल

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली में तैनात पीआरडी जवान रामबरन पुत्र पूरन निवासी पूरे जालिम सिंह मजरे गौरा रुपई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। वह थाने के कार्य से रायबरेली गए हुए थे। वापस मैजिक से लौट रहे थे, तभी रास्ते में मैजिक पलट गई और उसमें बैठे लोग भी घायल हो गए।

### तालाब में मिला शिशु का शव

**सेमरी, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बड़ा भगत खेड़ा मजरे सेमरी गांव में शुक्रवार की शाम लगभग छह बजे गांव में मानवता के साथ – साथ ही मां की ममता को शर्मसार करने वाला प्रकरण सामने आया है। गांव के बाहर तालाब में नवजात शिशु का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज में आपदा प्रबंधन के संबंध में छात्र /छात्राओं के लिए जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लेफ्टिनेंट सत्येंद्र सिंह और वीरेंद्र यादव द्वारा आपदाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. बीरेंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में विकास की अंधी दौड़ और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक शोषण से आपदा की तीव्रता और बारंबारता में वृद्धि हो गई है। प्राकृतिक आपदाओं को हम रोक नहीं सकते, लेकिन उचित तैयारी एवं प्रशिक्षण के द्वारा इनसे होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के 85 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# पूर्व सांसद ने गंगा तट पर की आरती, सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता ने डलमऊ गंगा घाट पर आरती की। साथ ही मौजूद लोगों को योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान स्वामी दिव्यानन्द गिरि से मिलकर आशीर्वाद भी लिया। स्वामी जी ने उन्हें सरकार की मंशानुरूप जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने के लिए कहा।

गंगा घाट डलमऊ प्रियांशु सिंह सह संयोजक एवीबीपी, महेंद्र पटेल मंडल अध्यक्ष, राघवेंद्र प्रताप सिंह ज़िला पंचायत सदस्य, बॉबी पंडित, जतिन पाठक, जितेंद्र सोनकर, सुधीर जायसवाल, मनोज सोनकर, शिवाकान्त शुक्ला, सुमित मिश्रा, सुधीर पांडेय एडवोकेट, विनोद सिंह, शिवाकान्त त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों को अब भूखा नहीं सोना पड़ता है।

सर्दी, गर्मी और बरसात की चिंता नहीं होती है। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जा रहा है।



भाजपा सरकार की उपब्धियां बताते पूर्व सांसद एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह।

इस दौरान उन्होंने किशोरी बालमपुर और गदागंज में घर-घर जाकर लोगों ने मुलाकात किया। शिव प्रताप सिंह के घर पर बैठक कर ग्रामीणों ने सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। पहले इसी के लिए सुविधा शुल्क देना पड़ता था।

अब ऐसा नहीं है। 2024 में जीत तय है। रायबरेली समेत प्रदेश की 80 सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा। इस मौके पर नीरज त्रिवेदी, भानु लाल यादव पूर्व प्रमुख, राजेश सिंह, अनिल कुमार सिंह पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य, धर्मेंद्र सिंह गौ सेवक संयोजक, आशु सिंह सेक्टर संयोजक, अमरेश सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं पड़ेरिया, दुर्गागंज में भी ग्रामीणों से मिलकर योजनाओं के बारे में बताया। भोला सिंह के भट्ठे पर बैठक के दौरान सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि यह पहली ऐसी सरकार है, जिसमें हर वर्ग का पूरा ख्याल रखा गया है। पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह ने कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। एक बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ही बनेंगे। इस मौके पर रामशंकर प्रधान, उपेन्द्र सिंह, राज बहादुर सिंह, बैजनाथ सिंह, अवधेश सिंह राठौर प्रधान आदि मौजूद रहे।

# पोस्टमार्टम की वीडियो ग्राफी नहीं होने पर परिजनों ने किया हंगामा

- सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सलोन दिन भर करते रहे मानमनौव्वल नहीं हो सका पोस्टमार्टम

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र के बभनपुर गांव निवासी रामशंकर की दिल्ली में हुई मौत का मामला सुलटने के बजाये उलझता जा रहा है। परिजनों के हत्या की आशंका जताने पर डीएम के निर्देश पर 53 दिन बाद कब्र से शव को निकलवा दिया गया, लेकिन वीडियो ग्राफी की मांग पर अड़े रहने के कारण दूसरे दिन भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका। सिटी मजिस्ट्रेट समेत सभी अफसर मानमनौव्वल करते रहे, लेकिन परिजनों ने एक नहीं सुनी।

बाद में चिकित्सकों ने सूर्यास्त होने की बात कहकर पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया। बभनपुर निवासी रामशंकर दिल्ली में नौकरी करता था। वहीं पर अज्ञात कारणों से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को दफना दिया। बाद में हत्या की आशंका होने और मौत की सच्चाई जानने को लेकर पीड़ित परिजनों द्वारा प्रदेश और दिल्ली शासन से शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी।



पोस्टमार्टम हाउस में खड़े परिजन। अमृत विचार

जिसके बाद जिला अधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर 53 दिन बाद नायब तहसीलदार व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। शुक्रवार को जब तीन चिकित्सकों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम होना था। लेकिन परिजनों ने यह कह कर रोक दिया कि पोस्टमार्टम के दौरान वह लोग वीडियो ग्राफी कराएंगे। जिस पर प्रशासन ने ऐसा न होने की बात कही। इसके बाद परिजन भड़क गए और हंगामा करने लगे। मामले की जानकारी होते ही प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट बाबूराम, सीओ सलोन वंदना सिंह, कोतवाल नसीराबाद व डीह भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन कोई निष्कर्ष नही निकल पाया।

> पैनल के चिकित्सकों ने सूर्यस्त होने के कारण पोस्टमार्टम न होने की बात बताई। जिसकी वजह से शव का पोस्टमार्टम नही हो सका।
>
> –बाबूराम, सिटी मजिस्ट्रेट, रायबरेली

# रेलवे स्टेशन पर पार्किंग का ठेका खत्म

- 16 दिन बीत जाने के बाद भी नही चेत रहा रेल प्रशासन यात्रियों की बढ़ीं मुश्किलें

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** स्थानीय रेलवे स्टेशन में वाहन स्टैंड का ठेका रेलवे प्रशासन से समाप्त हो गया है। जिसके कारण पिछले सोलह दिनों से स्टेशन के बाहर वाहनों को देखने वाला कोई नही। बिना सुरक्षा के वाहन खड़े किए जा रहे हैं। रेलवे प्रबंधन ने स्टेशन स्टैंड में रेलवे पार्किंग स्टैंड का ठेका समाप्त किए जाने की सूचना का बैनर लगा दिया है। जिसमें यात्री अपने गाड़ियों की देखभाल स्वयं करने का उल्लेख किया गया है।

पार्किंग स्थल पर अस्थाई रूप से बंद होने का बोर्ड लगा दिया गया है। फिलहाल पार्किंग स्थल पर पहले से खड़े वाहनों की देखभाल ठेकेदार के द्वारा की जा रही है। ठेका समाप्त होने के 16 दिन बीत जाने के बाद भी रेलवे प्रबंधन ने अब तक किसी को ठेका नही दिया है। ऐसे में सफर करने वाले वाहन स्वामी अपने वाहनों को भगवान भरोसे छोड़कर सफर करने के लिए मजबूर है।



रेलवे स्टेशन के वाहन स्टैंड में खड़े वाहन। अमृत विचार

> वाहन स्टैंड का ठेका खत्म हो गया है, पार्किंग पर नोटिस भी लगाई गई है। जब तक कोई ठेकेदार नही आता है तब तक पार्किंग निशुल्क रहेगी। उच्चधिकारियों से बात हुई है जल्द ही ठेका किसी को आवंटित होगा। जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी।
>
> –रवि रंजन कुमार, स्टेशन अधीक्षक, रायबरेली।

बताया जा रहा है कि स्टैंड से जितनी आय है उससे ज्यादा का ठेका मिल रहा है। ऐसे में लम्बे समय से रेलवे स्टेशन पर ठेका चला रहे ठेकेदार ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। ठेकेदार द्वारा हाथ खड़ा करने के बाद नतीजा यह है कि अब तक रेलवे प्रशासन ने स्टैंड का ठेका नहीं उठाया है। रेल प्रशासन ने साफ तौर पर बैनर लगा रखा है कि पार्किंग निःशुल्क है वाहनों की सुरक्षा स्वयं की होगी।

# डंपरों के आवागमन से बिगड़े गांव के रास्ते

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे में मिट्टी की खोदाई में लगे वाहनों ने गांव के रास्तों और गांव की सूरत को बदहाल कर दिया है। प्रभावित गांव की दशा बद से बदतर हो गई है। नारकीय जीवन भुगत रहे ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को फूटा और उन्होंने प्रदर्शन करके विरोध जताया है।

क्षेत्र में इस समय गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण चल रहा है। इस बड़े मार्ग निर्माण में बड़े पैमाने पर मिट्टी की जरूरत है। क्षेत्र के गांव हटवा के पास एक बड़े तालाब में विगत करीब एक साल से खोदाई का काम चल रहा है। तालाब से मिट्टी ढोने में लगे वाहनों ने आसपास के गांव के रास्तों को पूरी तरह तहस-नहस कर डाला है। दशा यह है कि वर्षा होने पर पूरा रास्ता कीचड़ से सराबोर हो जाता है और सूखे मौसम में इतनी धूल उड़ती है कि ग्रामीणों का जीवन बदतर हो गया है। हटवा गांव के पास गंदा नाला पुल की रेलिंग को भी इन वाहनों ने तोड़ डाला है।

इस बदहाली से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को गांव के प्रधान प्रतिनिधि राजू यादव के नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सालों से उनके गांव के रास्ते और उड़ती धूल ने गांव की सूरत को बदल कर रखा है। जिसके कारण भविष्य में भी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस तरफ से आंख बंद किए हुए हैं। यह भी आरोप है कि गांव के कुछ किसानों की भूमिधरी जमीन को भी को खोद डाला गया है।

## आग से लाखों का सामान जलकर राख

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** अज्ञात कारणों के चलते इलेक्ट्रॉनिक व लोहे की दुकान में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक दुकान में रखा लाखों कीमत का सामान जलकर राख हो चुका था। पुलिस व तहसील प्रशासन को मामले की सूचना दी गई है। जब्बारीपुर गाँव निवासी रामकुमार विश्वकर्मा के इलेक्ट्रॉनिक और गाँव के ही विकास कुमार की बैग की मदारीगंज गांव के पास लखनऊ-प्रयागराज मार्ग के किनारे दुकान है। गुरुवार की शाम रोज की तरह दुकान बन्द करके दोनों दुकानदार घर चले गए। देर रात अज्ञात कारणों के चलते इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि उसने बैग की दुकान को भी जद में ले लिया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ितों के मुताबिक दोनों दुकानों में चार लाख रुपये के नुकसान आशंका जताई जा रही है। मामले की सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दी गई है।

# फर्जी दस्तावेज के आधार पर भूमि खरीदने का लगाया आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** औने पौने दाम पर किसानों की जमीन खरीदकर प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं का रसूख केवल रजिस्ट्री ऑफिस तक ही नहीं पुलिस विभाग ने भी सिर चढ़कर बोलता है। दलित की भूमि खरीद में डीएम के फर्जी हस्ताक्षर से कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में अधिकारी प्रपत्र को फर्जी बता रहे थे। इसके बावजूद पुलिस ने इस मुकदमे में साक्ष्य न मिलने की बात कहकर अंतिम रिपोर्ट लगा दी। अब मामला न्यायालय और अधिकारियों के पास पहुंचा है तो मामले में पुनः जांच और कार्रवाई शुरू होने जा रही है।

मामला क्षेत्र के गांव पूरे गुलाब मजरे कंदरावा का है। गांव के अनुसूचित जाति के निवासी महराजदीन गांव की भूमि संख्या 4282 ख के सहखतेदार थे। उनसे इस जमीन का सौदा ऊंचाहार कस्बा निवासी अलमदार ने किया। आरोप है कि निबंधन कार्यालय में दलित की भूमि विक्रय का डीएम द्वारा निर्गत फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करके जमीन का बैनामा करा लिया। यही नहीं भूमाफिया ने इस जमीन की बिना किसी नियम का पालन किए प्लाटिंग की और काफी बेच भी दिया। मामले में सन 2021 में इस भूमि की दूसरी खातेदार रामकली ने शिकायत की।

ऊंचाहार कस्बा निवासी मीसम हैदर ने जिलाधिकारी द्वारा निर्गत दलित की भूमि विक्रय के अनुमति पत्र के बारे में सूचना का अधिकार के तहत जानकारी तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। पता चला कि भूमि विक्रय अनुमति पत्र संख्या 109/ डीएलआरसी - अनु/ 08 दिनांक 28 फरवरी 2008 फर्जी पाया गया। यह अनुमति पत्र फर्जी तरीके से डीएम के फर्जी हस्ताक्षर करके कूट रचित तैयार किया गया है। इसके बाद कोतवाली में भूमाफिया आलमदार के विरुद्ध संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस भी इस खेल में शामिल हो गई। सूचना का अधिकार के तहत विभिन्न स्तर से अधिकारियों ने अनुमति पत्र को फर्जी और कूट रचित बताते हुए जारी पत्र के बावजूद विवेचक उपनिरीक्षक रामराज कुशवाहा को साक्ष्य नहीं मिल सके और उन्होंने मामले में साक्ष्य के अभाव में अंतिम रिपोर्ट लगा दी।

## सार-संक्षेप

### वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न

**खीरों, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के शिवपुरी में स्थित विद्यालय राम कुमारी विद्या मंदिर में वार्षिक उत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। उसके बाद विद्यालय के बच्चों के द्वारा सरस्वती भारत वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कवियों ने कई विधाओं पर अपनी रचनाएं पढ़ी। दोपहर बाद विद्यालय के बच्चों के द्वारा सती सावित्री, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव आदि कई नाटक और एकांकी और भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। सत्यवान और सती सावित्री के अभिनय ने समा बांध दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों, सेना, पुलिस, बैंक और शिक्षा के साथ विभिन्न विभागों से सेवानिवृत लोगों का सम्मान अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। इसमें मेधावियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की सुंदर प्रस्तुति देखकर उपस्थित अभिभावक महिलाओं और क्षेत्रीय जन भाव विभोर हो गए।



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

### पब्लिक स्कूल कलसहा में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**खागीपुर सड़वा, रायबरेली।** न्यू आदर्श पब्लिक स्कूल कलसहा में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबन्धक शत्रोहन यादव ने मुख्य अतिथि राही ब्लाक प्रमुख धर्मेन्द्र यादव उर्फ राजू यादव, विशिष्ट अतिथि आदर्श पब्लिक स्कूल मुराइबाग के प्रबंधक किशोरी लाल यादव, जिला पंचायत सदस्य राही प्रथम अतुल प्रधान, जेपी यादव ब्रजभूषण गुरू जी, चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी, सुरेश यादव ग्रामप्रधान मनहेरु, समशेर यादव विनोहरा, सर्वेश बबलू यादव, शैलेन्द्र पाल को सम्मानित किया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि समाज को आगे बढ़ने के लिए सभी को शिक्षित होना जरूरी है।



मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव।

## भतीजी पर लगाया चोरी का आरोप

**सलोन, रायबरेली।** पूरे रज्जन का पुरवा मजरे पीरानगर निवासी लाल जी पुत्र रामेश्वर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया की मेरी लड़की अर्चना की शादी 27 जनवरी को थी। शादी में भीड़ भाड़ का लाभ उठाकर भतीजी ने पार कर दिया। पीड़ित का कहना है की उसकी भतीजी उसके बेटी का पूरा गहना और आठ हजार रुपये लेकर अपने घर चली गई। कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया की पीड़ित के तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# स्नेह मिलन और तहरी भोज में उमड़े लोग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल दैनिक भंडारा सुपरमार्केट, श्री परशुराम जन चेतना समिति उत्तर प्रदेश, संस्कार भारती जिला इकाई, माधव सेवा संस्थान के सम्मिलित प्रयास से सामाजिक समरसता स्नेह मिलन एवं तहरी भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट बाबूराम एवं रामेंद्र मिश्रा के द्वारा दीप प्रचलन करके किया गया। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने कहा किआपसी मिलन, संवाद सहयोग से देश की प्रगति का रास्ता ढूंढा जा सकता है। मंडल महामंत्री पंकज मिश्रा ने अभिनव इंटर कॉलेज एवं माधव सेवा संस्थान के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की सराहना किया। इस मौके पर अरविंद श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, मंटू शुक्ला, रामराज गिरी, शैलेंद्र तिवारी, मान बहादुर सिंह, महेंद्र अग्रवाल, जगदीश चेनानी, श्रवण शुक्ला, शिवांशु शुक्ला, रमाकांत द्विवेदी, रामकुमार गुप्ता, गोवर्धन त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



सामाजिक समरसता स्नेह मिलन एवं तहरी भोज में मौजूद लोग।

# ओवर टेक के प्रयास में पलटी मैजिक, कई लोग घायल

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के रायबरेली- लालगंज राजमार्ग पर शुक्रवार की देर शाम आईटीआई संस्थान केलौली के पास रोडवेज बस ओवरटेक करते समय मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे चार यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

शुक्रवार की शाम रायबरेली से लालगंज की ओर जा रही मैजिक रोडवेज बस को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे सवार मालती देवी (60) निवासिनी रायपुर अटोनी थाना लालगंज, दिनेश कुमार (38) पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी रायपुर अटौनी थाना लालगंज, प्रभा (20) पुत्री रामदेव निवासी पूरे गौतमन थाना गदागंज व छोटेलाल पुत्र घुन्नर निवासी लोधीपुर उतरावाँ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने ड्राईवर सहित मैजिक को अपने कब्जे में ले लिया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिघौरतारा विकासखंड सरेनी जनपद रायबरेली**

पत्रांक/ मेमो/ ग्राम पं/ एस एल डबल्यू एम/ 2023-24 दिनांक 15/02/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना/टेंडर नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिघौरतारा विकासखंड सरेनी जनपद रायबरेली में संचालित गौशाला में चारा, भूसा एवं चूनी, चोकर तथा ग्रामपंचायत में निर्माण कार्य में प्रयुक्त ईट, लोहा, मौरंग, गिट्टी, टाइल्स आदि का क्रय किया जाना है, जिसके लिये प्रकाशन तिथि से 8 दिन के अन्दर निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता कार्यालय ग्राम पंचायत में निविदा जमा कर सकते हैं। समस्त निविदाएं सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी। प्रतिबंध नियम व शर्ते व अन्य विवरण हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

कार्य का विवरणः– प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्रीवाल तथा गौशाला में शेड व पशु उपचार कक्ष तक नाली एवं खड़ंजा का निर्माण।

अजय सिंह, सचिव — शैलेंद्र बहादुर यादव, अध्यक्ष




# धूमधाम से मनाया गया जगजीवन दास साहब का जन्मोत्सव

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गूढ़ा, रंजीत खेड़ा, निधानखेड़ा व बैंती में जगजीवन दास साहब का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मेला भी लगा। इसमें लोगों ने खरीददारी भी की। मेहरवान खेड़ा मजरे गूढ़ा स्थित श्री ठाकुर दास जी महाराज की पावन तपोस्थली पर महन्त तेज किशन दास जी महाराज के नेतृत्व में जगजीवन दास साहब का जन्मोत्सव एवं एकदिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया गया।

सपा विधायक श्याम सुन्दर भारती ने तपोस्थली के लिए एक सोलर लाइट देने की घोषणा की। कहा कि अब यहां पर अंधेरा नही रहेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर डॉ. बलदेव वर्मा, सपा ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रकाश पटेल, मुनेश्वर रावत, प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील शुक्ला, रामफेर, राममिलन, भगवती प्रसाद आदि मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र के रंजीत खेड़ा मजरे खजुरों स्थित परमहंस धाम में धूमधाम से जगजीवन दास साहब का जन्मोत्सव मनाया गया इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामखेलावन, राम आसरे बनवारी लाल, अमर सिंह चौधरी लक्ष्मी, नरायन चौधरी, गोविंद प्रसाद वर्मा, समाजसेवी सत्य प्रकाश वर्मा, अरविंद वर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे। वहीं बैंती मायाराम रावत के नेतृत्व में धूमधाम से जगजीवन दास साहब की जयन्ती मनाई गई।



जन्मोत्सव कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिद्धौर विकास खण्ड-जगतपुर, रायबरेली**

पत्रांकः 02/ग्रा0पं0/2023-24 दिनांकः 16/02/2024

**टेण्डर नोटिस**

राज्यवित्त/चौदहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करनें हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 23/02/24 को सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सांय 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खाले जायेंगे। किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता / टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद/चेक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी। टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 100/–रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 2:00 बजे से 4:00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा | आपूर्ति हेतु अवधि | धरोहर धनराशि | आपूर्ति स्थल/ कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 80mm इण्टरलाकिंग जिग जैग ईट | 24500.00 | 07 | – | कृष्ण कुमार के घर से राम सजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। |
| 2 | ईटा प्रथम श्रेणी M 150 | 16000.00 | 07 | – | ,, |

प्रतिबंध / निर्देश– 1. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी अर्थात कोटेशन में कोट की गयी दर एफ0ओ0आर0 होगी अर्थात लदायी उतराई, चट्टा लगवाई एवं भाडा आदि चार्ज उसमें सम्मिलित होंगे। 2. बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा। 3. सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्यस्थल पर प्राप्त करानी होगी।

बन्दना सिंह– प्रधान, ग्रा0पं0 सिद्धौर, जगतपुर, रायबरेली। — अनूप कुमार यादव– ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा0पं0 सिद्धौर, जगतपुर, रायबरेली।

## एक नजर

### बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री को पुत्र शोक

**हरदोई, अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री आदर्श कुमार पांडे के बेटे का आकस्मिक निधन हो जाने पर बार एसोसिएशन ने शोक सभा करके संवेदना जताई। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रस्ताव पारित किया। उधर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद कुमार पांडे ने संवेदना जताई। शोकाकुल परिवार को इस दुख सहन करने के लिए शक्ति प्रदान करने की कामना की। शोक जताने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष केडी शुक्ला, महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष उदयवीर सिंह भदोरिया, अधिवक्ता रमेश सिंह सोमवंशी, डीसी विनोद कुमार मिश्रा, पूर्व महामंत्री रामदेव शुक्ल, अरविंद कुमार मौर्य शामिल रहे।

### मामूली विवाद में महिला ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन

**हरदोई।** ननद के बच्चे को डांट देने पर नानी उसकी तरफदारी में बहू को खरी-खोटी सुनाने लगी। उसी पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। उसी बात पर बहू ने ज़हीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। मल्लावां कोतवाली के मेंहदीपुर निवासी धनश्याम का बच्चा टॉफी लिए हुए था, उसी बीच उसके भांजे ने टॉफी छीन ली। इसका पता होने पर धनश्याम की 24 वर्षीय पत्नी रागिनी ननद के बच्चे को डांटने लगी। इस पर रागिनी की सास ने टोका तो दोनों के बीच विवाद हो गया। नाराज होकर रागिनी ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। मेडिकल कालेज में उसे भर्ती कराया गया है, जहां उपचार चल रहा है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 27 को होगा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 27 फरवरी को मेगा इवेन्ट का आयोजन जनपद स्तर पर आईटीआई हरदोई में होगा। बताया कि कुल 51000 की धनराशि/जोडों की दर से देय होगी। जिसमें से कन्या के बैंक खातें में 35000 रुपये एवं उपहार के रूप में 10,000 की सामग्री तथा कार्यक्रम आयोजन हेतु 6000 की धनराशि व्यय होगी। उक्त योजनान्तर्गत गरीब एवं असहाय इच्छुक आवेदक तीन दिवस के अन्दर आवेदन उपलब्ध कराएं।

# उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा आज

हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती की परीक्षाएं शनिवार व रविवार को दो पालियों में कराई जाएगी। परीक्षा कराने के लिए जिले में 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र का शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक श्री गोस्वामी ने बताया कि 20 केंद्रों पर शासन की मंशानुरूप निष्पक्ष व शांतिपूर्ण परीक्षाएं कराई जाएंगी। परीक्षा केंद्रों पर किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शुक्रवार को सांडी स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज का निरीक्षण किया। जिले में शांतिपूर्ण परीक्षा कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसपी केसी गोस्वामी। अमृत विचार

जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर 9,840 परीक्षार्थी आरक्षी पद के लिए परीक्षा देंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा के लिए आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट व 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया पर चौबीस घंटे नजर रखी जाएगी। खुफिया पुलिस भी चौकन्नी रहेगी। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए मजिस्ट्रेटों के अलावा सचल दल भी गठित किए गए हैं।


जीआईसी में उत्तर पुस्तिकाओं को ले जाते कर्मचारी।

### यूपी बोर्ड परीक्षा की जोरों पर हैं तैयारियां

**हरदोई, अमृत विचार।** 22 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जीआईसी में विभिन्न कालेजों के लोग उत्तर पुस्तिकाएं व प्रवेश पत्र लेने के लिए आते हैं। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के 138 परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की मंशानुसार नकलविहीन परीक्षा कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तर पुस्तिकाएं व प्रवेश पत्र लेने का कार्य जोरों पर चल रहा है।


परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र। अमृत विचार

### सीबीएसई बोर्ड : 10वीं की परीक्षाएं शुरू

**हरदोई, अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड दसवीं की परीक्षाएं जिले में शुक्रवार से शुरू हो गई है। पहले दिन मार्केटिंग एंड सेल्स का पेपर रहा।शहर के सेंट जेम्स स्कूल सेंट जेवियर स्कूल कैंब्रिज स्कूल श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल महर्षि विद्या मंदिर सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल समेत अन्य स्कूल सीबीएससी बोर्ड से संबंध है। इनमें विभिन्न स्कूलों में 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शहर के न्यू हाइट्स स्कूल में सेंट जेम्स पब्लिक स्कूल का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार अन्य स्कूलों के परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शुक्रवार को क्लास 10 की मार्केटिंग एंड सेल्स विषय का पेपर रहा।

# सीडीओ ने स्कूल स्टाफ का रोका वेतन

## पर्याप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की तैनाती के बावजूद बच्चों का शिक्षा स्तर निम्न

हरदोई

**अमृत विचार।** निपुण लक्ष्य पूरा न होने पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने विद्यालय में तैनात एक दर्जन से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं के वेतन लक्ष्य हासिल न होने तक रोक दिया।

सीडीओ सौम्या गुरुरानी ने शहर से सटे कंपोजिट विद्यालय चांद बेहटा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रधानाध्यापक सहित 15 शिक्षक-शिक्षिकाएं तैनात मिली। विद्यालय में पंजीकृत 86 बच्चों में मात्र 28 बच्चे ही निपुण पाए गए, जबकि निपुण का लक्ष्य दिसंबर 2023 शत प्रतिशत होना था। लक्ष्य पूरा न होने पर सीडीओ ने वहां तैनात समस्त 11 शिक्षकों, तीन अनुदेशकों और एक शिक्षामित्र का वेतन लक्ष्य पूरा होने तक रोक दिया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की स्थिति बहुत ही खराब मिली। जिस पर प्रधानाध्यापक को कारण बताओ


कंपोजिट विद्यालय चांद बेहटा में बच्चों से पढ़ाई से संबंधित सवाल करतीं सीडीओ।

नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। नानकगंज प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया, जहां कक्षों में अंधेरा था। कक्षों में कोई भी बल्ब या सीएफएल न लगे होने के कारण नानकगंज प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार मिश्रा को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया। सीडीओ के निरीक्षण से जिले के परिषदीय विद्यालयों में हड़कंप मच गया।


प्रधानाध्यापक से नाराजगी जाहिर करतीं सीडीओ। अमृत विचार

# तीन दिन में यू-डायस प्लस पर डाटा फीड नहीं करने पर रद होगी मान्यता

हरदोई

**अमृत विचार।** यू-डायस प्लस पोर्टल पर बच्चों का डाटा फीड करने में लगातार लापरवाही बरतने वाले स्कूलों की मान्यता रद की जाएगी। कई बार चेतावनी के बाद भी दर्जनों स्कूलों ने डाटा अपलोड नहीं किया है। अब ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई की बारी आ गई है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) विजय प्रताप सिंह ने बताया है कि कई पत्रों के माध्यम से यू-डायस प्लस 2023-24 के डाटा में स्कूल प्रोफाइल एण्ड फैसिलिटि माड्यूल, टीचर मॉड्यूल व स्टूडेण्ट माड्यूल के तहत स्कूलवार डाटा अपडेशन/इण्ट्री का काम इसी साल 15 फरवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद भी कई स्कूलों ने निर्देशों का पालन नहीं किया। कई स्कूलों ने स्टूडेन्ट माड्यूल के तहत डाटा अपडेशन/इन्ट्री का काम शुरू तक नहीं किया

U-DISE

है, जिससे मालूम होता है कि इनके द्वारा जिस स्कूल की मान्यता ली गई है, वह संचालित नहीं हो रहा है। जिसके चलते प्रबन्धक,/प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक व इंचार्ज अध्यापक स्कूल में नामांकन न होने से छात्र-छात्राओं का डाटा यू-डायस, एसडीएमएस पोर्टल पर नहीं भरा जा रहा है। जबकि समय-समय पर इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के 811 स्कूलों, माध्यमिक शिक्षा 516 शैक्षिक संस्थाओं ने यू-डायस पोर्टल पर सूचनाएं अपलोड करने के लिए दिए गए निर्देशों पर अमल नहीं किया जा रहा है, जिससे राज्य स्तर पर सूचनाएं समय से प्राप्त नहीं हो पा रही है और रैंकिंग में बेवजह की देरी हो रही है। ऐसी हालत में ऐसी संस्था के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। स्कूलों को दोबारा इस चेतावनी के साथ तीन दिन की मोहलत दी गई है कि यदि ज़रूरी शत-प्रतिशत डाटा यू-डायस पोर्टल पर फीड नहीं किया जाता है तो उस विद्यालय को बन्द मानते हुए विद्यालय का यू-डायस कोड निरस्त कर विद्यालय की मान्यता रद किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। इसकी जवाबदेही विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक की होगी।

### क्या है नियम

शैक्षिक संस्थाओं को मान्यता मिलने के बाद 11 अंकों का यू-डायस प्लस कोड जारी किया जाता है। हर साल उसी यू-डायस प्लस कोड के सापेक्ष यू-डायस प्लस पोर्टल पर स्कूल की सूचनाएं फीड करनी होती हैं। लेकिन इस काम में काफी ढिलाई बरती जा रही है। साल 2022-23 से भारत सरकार ने छात्र-छात्राओं को यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेण्ड रजिस्ट्री के माध्यम से यूनीक आईडी एलाट करने की कार्यवाही शुरू की है।

# रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ऑफिस में सीबीआई छापा

हरदोई

**अमृत विचार।** बालामऊ जंक्शन पर उस वक्त अफरा.तफरी मच गई जब पता चला कि सीबीआई की टीम ने वहां उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस में छापामारी की और पूछताछ के लिए उन्हें अपने साथ ले गई। उधर सीबीआई की तरफ से कुछ भी नहीं बताया गया है।

बताते हैं कि शुक्रवार को सीबीआई की एक टीम बालामऊ जंक्शन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार के ऑफिस पहुंची। दो सरकारी गाड़ियों से पहुंचे सीबीआई के अफसरों ने पहले तो वहीं पर कई घंटे तक छानबीन की। उसके बाद सीबीआई टीम ने ऑफिस में तैनात रेलवे कर्मियों को बाहर निकाल दिया और फिर उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार से पूछताछ शुरू की। सीबीआई के अफसरों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस के कई अभिलेख अपने कब्ज़े में ले कर उन्हें व एक लैपटॉप और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सीज़ कर दिए उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार और सीज़ किए गए अभिलेखों के साथ लैपटॉप आदि को अपने साथ लेकर लखनऊ रवाना हो गई। वहां पहुंचें सीबीआई के अफसरों ने फिलहाल ऐसा कहते हुए कुछ भी बताने से मना कर दिया कि वे इस बारे में कुछ नहीं बता सकते।

**जांच-पड़ताल**

▶▶ पूछताछ के लिए सीनियर सेक्शन इंजीनियर को ले गई अपने साथ

जांच

### अबोध बेटी की हत्या के दोषी पिता को उम्रकैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल सरोज ने अबोध बच्ची की गला दबाकर हत्या करने वाले पिता को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। थाना बेहटा गोकुल क्षेत्र के उधरनपुर निवासी अनीश ने 19 जून 2021 को अपनी दो वर्षीय बेटी आलिया की गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले की रिपोर्ट बालिका की माता और आरोपी की पत्नी जैनब ने दर्ज कराई। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों के दलीलों को सुनकर आरोपी पर जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई। जुर्माना की आधी धनराशि बालिका की माता देने का आदेश दिया गया है।

# नाले में डूबकर दिव्यांग की मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** गांव के पास नाले के किनारे शौच के लिए जा रहे दिव्यांग का पैर फिसल गया और उसमें गिरने से डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नाले से बरामद कर उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बिलग्राम कोतवाली के झंडी पुरवा निवासी वीरेंद्र (45) खेती-किसानी करता था। वह अपने चार भाइयों मे सबसे बड़ा था। शादी के करीब दो साल गुज़रने के बाद उसकी पत्नी उसको छोड़कर चली गई थी। वीरेंद्र के भाई नारेन्द्र ने बताया कि एक पैर से दिव्यांग था और पत्नी के चले जाने के बाद से अकेलेपन से जूझ रहा था। शुक्रवार की सुबह वह गांव के बाहर से निकले नाले के किनारे शौच करने के लिए गया, जहां उसका पैर फिसल गया और वह लड़खड़ाते हुए पानी से भरे नाले में जा गिरा। आस-पड़ोस मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

### सड़क के किनारे घायल पड़े मिले अधेड़ की मौत

**हरदोई।** सड़क के किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले अधेड़ की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। गुरुवार की रात को यूपी-112 पीआरवी टीम को पता चला कि सुरसा थाने के गंगापुर के पास लगभग 48 वर्षीय अधेड़ ज़ख्मी हालत में पड़ा हुआ है। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से पहले उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुरसा पुलिस का कहना है कि बीमारी के चलते अधेड़ की मौत हुई। लोगों के मुताबिक वह इधर-उधर घूमा करता था। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।




### रोजगार मेले में दिए गए नियुक्त पत्र

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मुन्ना लाल वर्मा मेमोरियल प्राइवेट आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 121 युवाओं को नियुक्त किया गया। शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन मुन्ना लाल वर्मा प्राइवेट आईटीआई में किया गया। जिसमें डीएसएस ग्रुप लखनऊ शक्ति लिमिटेड, अजाकी इंडिया, डिजिटल इंडिया, एलआईसी, एमएन सी गोवल इंडिया जैसी कम्पनियों ने भाग लिया।

### घर के बाहर बैठे चाचा व भतीजे को कार ने मारी टक्कर

**हरदोई।** चाचा अपने भतीजे को लिए हुए घर के बाहर चाय पी रहा था, उसी बीच एक युवक ने कार स्टार्ट कर दी और दोनों को टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में ज़ख्मी हुए चाचा-भतीजे को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां से चाचा को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। शुक्रवार की सुबह कोतवाली देहात के हरिपुर ग्रंट निवासी अवधेश (40) अपने भतीजे यश के साथ घर के बाहर बैठा चाय पी रहा था, उसी बीच वहीं के जितेंद्र सिंह ने अपनी कार स्टार्ट कर दी, कार को कंट्रोल न कर पाने के चलते चाचा-भतीजे को टक्कर मारते हुए भाग खड़ा हुआ।

### 492 मतदेय स्थलों के भवनों के नाम में परिवर्तन

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को बताया कि जनपद के विधान सभा क्षेत्र सवायजपुर में 36, शाहाबाद में 82, गोपामऊ में 63, साण्डी में 36, बिलग्राम-मल्लावां में 67, बालामऊ में 136 एवं सण्डीला में 72 मतदेय स्थल सहित कुल 492 मतदेय स्थलों के भवनों के नाम में परिवर्तन किया गया है, जबकि इनके लोकेशन व भवन पूर्ववत रहेंगे।

## सार-संक्षेप



कार्यशाला में बोलते अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री आशीष कश्यप।

### भाजयुमो करेगा युवा चौपाल का आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्र मंत्री आशीष कश्यप कार्यशाला ने युवा चौपाल लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में युवा मोर्चा युवा चौपाल करने जा रहा है यह चौपाल प्रत्येक मंडल पर 20-20 चौपाल होनी है जिसके तहत युवाओं को जोड़ने का काम भारतीय जनता युवा मोर्चा करेगा। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष आकाश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा का कार्यकर्ता पूरी लगन से जनपद में हर चौराहे पर नुक्कड़ सभा कर वह युवा चौपाल लगाकर जन जागरण करेगी। कार्यशाला में जिला महामंत्री प्रखर अग्निहोत्री प्रखर, जिला उपाध्यक्ष अंशुमान मिश्रा, रजनीश गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा, जिला कार्य समिति सदस्य अभिषेक सिंह, मंडल अध्यक्ष गौरव मिश्रा आदि कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्रीराम के चरणों की धूल से अहिल्या का हुआ उद्धार

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मेला मैदान में चल रही रामलीला में शुक्रवार को अहिल्या उद्धार लीला का मंचन किया गया। राम के चरणों की धूल लगते ही पत्थर बनी श्रापित अहिल्या पुन: अपने मूलरूप में आ जाती है। इसी प्रकार वन गमन के दौरान अनेक संतों से भगवान राम का संपर्क होता है। लीला में अत्रि अनुसुइया और संतों पर कृपा करते हुऐ सरमंग ऋषि से मिलते हैं और अपनी कृपा करते हैं, उन्हें अपनी भक्ति प्रदान करते हैं। सभी संत अपने हृदय में विचार करते है कि प्रभु श्री राम के चरणों मे जादू है। गौतम ऋषि की पत्नी को पत्थर की शिला थी उसको सुंदर स्त्री बना दिया तो हमारे लिये भी सुंदर स्त्री बना सकते हैं। प्रभु श्री राम जी के साथ मे महेश्वरी जानकी हैं। हमारे साथ मे कोई नहीं है। यदि भगवान श्री राम जी के चरणों की रज लग जाये गई तो वह सुंदर स्त्री बन जाये गई तो हम उनके साथ विवाह कर लेंगे, जब संत भगवान के पास पत्थर लेके पहुचते है तो राम जी उनकी इच्छा जान जाते है। भगवान उन्हें आगामी अवतार के लिए स्त्री बनाने का निश्चय करते ही जो कृष्ण अबतार में ब्रज गोपी बने हैं।

### सैय्यदवाड़ा में बंदरों से परेशान मोहल्ले के लोग

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सैय्यदवाड़ा मोहल्ले में बंदरों के बढ़ते हुए आतंक के कारण मोहल्लावासी काफी परेशान है, परंतु लाखों शिकायतों के बाद भी वन विभाग या नगर पालिका परिषद द्वारा बंदरों को पकड़ने का इंतजाम नहीं किया गया है, जिससे सैयदवाड़ा के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। सैयदवाड़ा निवासी संदीप कुमार का कहना है बंदरों की वजह से घरों की छतों पर महिलाओं, बच्चों ने जाना बंद कर दिया है। बढ़ते हुए बंदर आतंक का पर्याय बन चुके हैं। बंदर घर से कपड़े उठा ले जाने के साथ-साथ खेतों में भी काफी नुकसान कर रहे हैं। बंदरों ने अब तक दर्जनों महिलाओं पुरुषों और बच्चों को काटा है। लोगों ने तमाम बार वन विभाग और पालिका प्रशासन के अधिकारियों से बंदरों को पकड़वाने की गुजारिश की लेकिन बंदर नहीं पकड़े जा रहे हैं।

### अपर जिला जज ने महिलाओं को बताए उनके अधिकार

**हरदोई, अमृत विचार।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे की अध्यक्षता में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम के बारे में असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स कॉउंसलर पवन गुप्ता ने जानकारी दी। अपर जिला जज ने बताया कि जो महिलाएं अपने घरों से बाहर निकल कर कार्य करती हैं। यह अधिनियम उन सभी महिलाओं के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न की रोकथाम किस प्रकार की जाएगी इसके बारे में जानकारी दी।उन्होंने महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 विषय पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क विधिक सेवाओं के बारे में /जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित बैंक अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी।

**बदहाली** — भूख और प्यास से बेहाल होकर गौशाला में दम तोड़ रहे गाय और बैल, शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# भरावन ब्लॉक में गोवंश संरक्षण की हो रही खानापूर्ति

अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोवंश संरक्षण और संवर्धन की बात करते हैं। छुट्टा गोवंशों के लिए लाखों रुपए खर्च कर ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों में गौशालाएं स्थापित की जा रही हैं। जहां उनके लिए हरा चारा, भूसा और पानी आदि की व्यवस्था के लिए धनराशि जारी हो रही है।

इन सब के बावजूद भरावन ब्लॉक के अधिकारियों के रवैये से यहां जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। यहां गौशालाओं में गोवंश भूख प्यास से दम तोड़ रहे हैं। अव्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय गौ संरक्षक दल के कार्यकर्ता आलोपी त्रिवेदी ने ब्लाक भरावन के खण्ड विकास अधिकारी को पत्र लिखकर कई बार अवगत कराया। समस्या के समाधान की मांग की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। गौ रक्षक पप्पू, विनय, रमेश चन्द्र और आलोपी त्रिवेदी ने शुक्रवार की ब्लाक पर शिकायती पत्र दिखाते हुए बताया कि अव्यवस्था और अनियमितताओं के कारण भरावन ब्लाक की अधिकांश गौशालाओं में गोवंश भूखे-प्यासे मर रहे हैं। जिनके शव कुत्ते और जंगली जानवर नोचते रहते हैं।


नेवादा विजय गांव में खेतों में चरते छुट्टा जानवर। अमृत विचार

### तड़के भोर खेतों की ओर धावा बोलता है गोवंश

आवारा जानवर और गौशालाओं से छूटे गोवंश ज्यादातर तड़के भोर 5 बजे खेतों की ओर धावा बोलते हैं।खेतों में किसानों की फसलें चर कर पेट भरते हैं और बर्बाद करते हैं। नेवादा विजय गांव में शुक्रवार की भोर एक गेहूं के में छुट्टा जानवर चर रहे थे।

ग्रामीणों ने बताया कि भूख और प्यास से बेहाल गोवंश भागकर खेतों में पहुंच जाते हैं और फसल नष्ट कर देते हैं। किसानों को रातों दिन खेत पर जागना पड़ रहा है। तमाम गोवंशों के शव तालाबों और गोमती नदी में फेंके जा रहे हैं। इसका भी प्रमाण गोमती नदी के महादेव घाट पर देखने को मिल रहा है। भरावन ब्लाक की खण्ड विकास अधिकारी रीता सिंह का कहना है कि मामले को निस्तारित करवा रहे हैं। जिला अध्यक्ष आलोपी त्रिवेदी ने कहा करीब 20 दिन पूर्व बीडीओ को गौशालाओं की स्थिति के बारे में अवगत कराया था तो बीडीओ ने कहा था की गौशाला के नजदीक मत जाना अन्यथा कार्यवाही करा देंगे।

> भरावन क्षेत्र में 17 गौशालाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें 1800 गोवंश को संरक्षण दिया जा रहा है। मृत गोवंश की जांच की जाएगी कि उनकी मौत किस कारण से हुई है।
>
> -**शम्भू शरण चौधरी**, पशु चिकित्सा अधिकारी, भरावन

### किसानों की फसल चट कर रहे छुट्टा गोवंश

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकार ने गोवंशो को संरक्षण देने के जो निर्देश दिए थे, उन पर जरा भी अमल नहीं हो रहा है, नतीजतन छुट्टा गोवंश किसानों की फसल चट करते हुए घूम रहे हैं और किसान भुखमरी की कगार पर पहुंच रहे हैं। उनके एक बार नहीं बल्कि बार-बार कहने के बाद भी बीडीओ और सचिव ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे हालातों से जूझ रहे किसानों ने मुख्यमंत्री को अपना दुखड़ा सुनाया है। अहिरोरी ब्लाक की ग्राम पंचायत नया गांव मुबारकपुर के किसानों ने मुख्यमंत्री को भेजी चिट्ठी में कहा है कि उनकी ग्राम पंचायत की गौशाला में दूसरी ग्राम पंचायतों से पकड़ कर लाए गए गोवंश रखे गए हैं। बाउंड्री न होने से गोवंश गौशाला से बाहर निकल कर उनकी फसल चर रहे हैं। किसानों का कहना है कि छुट्टा गोवंश उनकी सारी फसल चट कर रहें हैं।

## एक नजर

### 10 हज़ार के ईनामी को घेराबंदी कर दबोचा

हरदोई, अमृत विचार। साण्डी पुलिस टीम ने हत्या और जानलेवा हमले जैसे कई मामलों और गैंगस्टर एक्ट के तहत नामज़द 10 हज़ार के इनामी को प्राथमिक विद्यालय सैतियापुर के पास घेराबंदी कर दबोच लिया। बताया गया है कि एसएचओ साण्डी छोटेलाल की अगुवाई में पुलिस टीम ने शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय सैतियापुर के पास घेराबंदी कर गुड्डा उर्फ राजपाल सिंह पुत्र रामभरोसे निवासी गंगौली थाना लोनार को गिरफ्तार किया। की गई छानबीन में पता चला कि गुड्डा उर्फ राजपाल सिंह काफी दिनों से फरार था, उसके ऊपर 10 हज़ार का ईनाम रखा गया था। उसके खिलाफ लोनार में हत्या, सुरसा हत्या के इरादे से जानलेवा हमला करना और साण्डी व कोतवाली शहर में कई मामले दर्ज हैं, साथ ही उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 की भी कार्रवाई की गई है।

### विधायक ने किया स्कूल का उद्घाटन

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के गांव तपनौर स्थित एबीवीएम पब्लिक स्कूल का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र शिक्षा व्यवस्था के मामले में आजादी के बाद से ही अग्रणी रहा है। नवीन संस्थान के खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कॉन्वेन्ट जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था सुधार व मूलभूत सुविधाओं को लेकर सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि नौनिहालों को अच्छी शिक्षा मिले जिसके लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्कूलों का कायाकल्प किया है। स्कूल संचालक महेन्द्र सिंह, दीपक व राजेन्द्र सिंह को बधाई नए संस्थान के लिए बधाई दी। संस्थान के सदस्यों ने विधायक सहित अतिथियों का भव्य स्वागत किया। साथ ही सभी का आभार भी जताया।

# जेई ने डीएम ऑफिस का बाबू बनकर किया फोन

हरदोई

**ऑडियो हो रहा वायरल**

**▸▸ रजबहा की सफाई की आंड़ में सरकारी पेड़ काटे जाने के मामले में आया नया मोड़**

**अमृत विचार।** रजबहा की सफाई की आड़ में रातों-रात सरकारी हरे पेड़ काट कर उन्हें नगद कर लिए जाने के मामले में एक अनूठा मोड़ आ गया। इस सारे खेल में जिस जेई का हाथ है, आरोप है कि उसी ने डीएम ऑफिस का बाबू बनकर शिकायत करने वाले से कुछ सवाल किए, लेकिन शक होने पर जब उधर से भी सवाल-जवाब किया गया तो खुद को बाबू बताकर फोन करने वाली व्यक्ति न सिर्फ सकपका गया बल्कि उसकी बोली भी लड़खड़ा गई। उस बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार कासिमपुर थाने के भटौली गांव के रहने वाले सुशील कुमार, अरुण कुमार, वीरेंद्र कुमार, निज़ाम, मनीष आदि ने डीएम को भेजी अपनी शिकायती मे कहा है कि गांव के सामने रजबहा की सफाई हो रही है। नहर पटरी पर करीब 10 किलोमीटर की दौड़ में खड़े खड़े यूकेलिप्टस के दर्जनों पेड़ों को बिना नीलामी के अवैध तरीके से काटकर रातों-रात बेंच भी दिया गया। इसे लेकर इलाके में काफी चर्चा रही। ग्रामीणों का आरोप है नहर पटरी पर स्थित देवस्थान का चबूतरा भी तोड़ दिया गया।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से जन-सुनवाई के माध्यम से शिकायत कर जेई के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उधर सोशल मीडिया पर 4 मिनट 16 सेकेंड के वायरल हो रहे ऑडियो में खुद को डीएम ऑफिस का बाबू बताने वाले शख्स ने शिकायत करने वाले निज़ाम को उसके मोबाइल नंबर पर फोन किया और पूछा कि जो पेड़ काटे गए वे कहां बेंचे गए? इस पर निज़ाम ने कहा कि जो शिकायत की गई उसकी जांच की जाए तो सारी सच्चाई का पता चल सकता है। बातचीत के दौरान ही संदेह होने पर निज़ाम ने कहा कि डीएम ऑफिस से ऐसे कोई फोन नहीं करता है, उसके बाद उसने भी कुछ सवाल पूछे। इस पर खुद को बाबू बता कर फोन कर रहे जेई की आवाज लड़खड़ा गई। निज़ाम का कहना है कि सरकारी पेड़ों को काट कर उसमें खेल करने वाले जेई ने ही डीएम आफिस का बाबू बनकर उसे फोन किया था। उसने डीएम से सारे मामले और ऑडियो की गहराई से छानबीन करने की मांग की है। लेकिन जब इस बारे में जेई राजेन्द्र कुमार को दोबारा फोन किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई।

## सभी सवारियां थी बिना टिकट बस कंडक्टर हुआ निलंबित

हरदोई

**अमृत विचार।** सवारियां लेकर लखनऊ जा रही कैसरबाग डिपो की रोडवेज बस में सभी सवारियां बे-टिकट पकड़ी गई। एआरएम कैसरबाग ने कंडक्टर को निलंबित कर दिया है। बस कंडक्टर ने अपनी सफाई में कहा कि मशीन के हैंग होने से टिकट नहीं बन पाए थे।

बताया गया है कि ट्रैफिक पुलिस की छापामारी में सवारी लेकर लखनऊ जा रही कैसरबाग डिपो की रोड़वेज बस में बैठी 52 सवारी बे-टिकट पकड़ी गई। बस के कंडक्टर का कहना था कि मशीन के हैंग होने से सवारियों के टिकट नहीं बन सके। उधर इसका पता होते ही एआरएम कैसरबाग डिपो ने फिलहाल बस कंडक्टर को निलंबित कर दिया है। इधर इस बारे में जब एआरएम हाकिम सिंह से बात करने की कोशिश की गई, तो उनके मोबाइल की घंटी बजती रही, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी ने जीता फाइनल मैच

## 16 रनों से जीत दर्ज कर ट्राफी पर किया कब्जा, शाश्वत बने मैन ऑफ द मैच व सक्षम मैन ऑफ द सीरीज

हरदोई

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में सक्सेस क्रिकेट कप त्रिकोणीय सीरीज क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी तथा सक्सेस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। सक्सेस क्रिकेट अकादमी के कप्तान सक्षम गुप्ता ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी की टीम ने 39.5 और में 164 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। किशन ने सर्वाधिक 50 रन, मोहन कश्यप ने 31 रन, मोनू राजपूत ने 18 रन व सूरज दीक्षित ने 13 रनों का योगदान किया। वहीं सक्सेस क्रिकेट अकादमी की तरफ से सक्षम गुप्ता ने तीन विकेट, अब्दुल रज्जाक ने 2विकेट, सिस्ट ,आर्यन, फैयाज व राजा ने एक-एक विकेट लिया तथा दो खिलाड़ी रन आउट हुए।



क्रिकेट ट्राफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सक्सेस क्रिकेट अकादमी की टीम 30.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। योगेश कुमार ने 36रन, जयप्रकाश ने 29 रन, अंबुज ने 24 रनों का योगदान दिया। वहीं श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी के शाश्वत मिश्रा ने चार विकेट, सूरज दीक्षित ने दो विकेट, बृजेश, प्रियांशु व मोहन ने एक-एक विकेट लिया। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। फाइनल मैच में श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी ने 16 रनों के नजदीकी अंतर से यह मैच जीत लिया तथा ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी के शाश्वत मिश्रा को मिला। बेस्ट बैट्समैन सक्षम गुप्ता 257 रन 3 मैच में, बेस्ट बॉलर सक्षम गुप्ता 8 विकेट 3 मैच में, बेस्ट फील्डर फैयाज गाजी 3 मैच में तीन कैच, बेस्ट कीपर योगेश कुमार 4 कैच तथा मैन ऑफ द सीरीज 257 रन बनाने वाले 8 विकेट लेने वाले सक्षम गुप्ता को दिया गया। पुरस्कार वितरण डॉ. हर्षवर्धन दुबे, अर्जित मित्तल व शौर्यवर्धन दुबे राणा ने किया। अंपायरिंग शिवम मिश्रा व सूरज तिवारी ने व स्कोरिंग शिवम दीक्षित ने की। मैच में अखिलेश, राधा कृष्ण गुप्ता व सत्यम, सूर्य प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### एफसी कोलकाता क्लब में खेलेंगे ओवैस जैदी

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस लाइन स्थित इमरान जिला फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी रहे ओवैस जैदी का चयन



ईस्ट बंगाल एफसी कोलकाता क्लब में अंडर 17 में हुआ है। वह ईस्ट बंगाल की एफसी कोलकाता क्लब से खेलते हुए नजर आएंगे। उनके चयन होने पर जिले के फुटबॉल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्लब के कोच इमरान खान ने बताया कि ओवैस जैदी उनके क्लब से तीन वर्ष तक खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने दो बार राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग किया। ओवैस के पिता कमर अब्बास जैदी उर्फ मुन्ना जैदी सवायजपुर तहसील में लिपिक के पद पर कार्यरत है। क्लब के कोच श्री खान ने बताया कि ओवैस ने लगभग 6 माह पहले ट्रायल दिया था। उसका चयन होने की खबर मिली तो उन्होंने उसे बधाई दी। उन्होंने बताया कि वह वहीं रहकर अब ईस्ट बंगाल के एफसी कोलकाता क्लब से ही खेलेगा। ओवैस के पिता भी फुटबॉल प्रेमी है। वह भी अपने समय में फुटबॉल के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं।

## निष्काम भाव से करनी चाहिए प्रभु की भक्ति

**हरदोई, अमृत विचार।** मां गंगा तट राजघाट बिलग्राम में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा व्यास आचार्य विमलेश दीक्षित महाराज ने बताया कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना यह है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है। कथावाचक ने कई कथाओं का सुंदर वर्णन किया।

# बरेली से अपहृत किशोर को पिस्टल या रिवाल्वर से मारी गई थी गोली

हरदोई

**फॉलोअप**

**अमृत विचार।** बरेली से अपहृत कर लाए गए किशोर की हत्या की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि किशोर की हत्या पिस्टल या रिवाल्वर से गोली मारकर की गई है। शव का एक्सरे कराने पर इस बात का खुलासा हुआ है।

बरेली के थाना फरीदपुर के मोहल्ला भूरे खां गौंटिया निवासी सैफ उर्फ मुन्ना (16) पुत्र लाल मोहम्मद बीते रविवार से लापता था। स्थानी थाना पुलिस उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कर रही थी। गुरुवार को फरीदपुर थाने की पुलिस ने हरदोई के देहात कोतवाली के गांव घोसार में एक नाले से मुन्ना का शव बरामद किया था। मोबाइल



सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने पास के ही ईंट-भट्टे पर छापा मारकर सैफ के मोहल्ले के तस्लीम को पकड़ा था। तस्लीम वहां मजदूरी करता था। उसी की निशानदेही पर पुलिस ने किशोर का शव बरामद किया था। पूछताछ में तस्लीम ने कुबूल किया कि उसने सैफ की हत्या कर शव भट्टे से कुछ दूर नाले में फेंक दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराने से पहले ज़ाहिरा तौर पर दिखाई न देने वाली गोली का पता लगाने से पहले शव का एक्सरे कराया। एक्सरे रिपोर्ट में कहा गया है कि हत्या 312 या 315 बोर से नहीं बल्कि पिस्टल या रिवाल्वर से की गई, ऐसा लग रहा है। उसकी दाहिनी कनपटी के नीचे गले में सटा कर गोली मारी गई, ऐसा भी कहा गया।

### ऑटो चला कर घरेलू खर्चे में बंटाता था पिता का हाथ

पिता लाल मोहम्मद ने बताया कि सैफ उर्फ मुन्ना बरेली में ऑटो चलाता था और उसी से होने वाली कमाई से घर के खर्च में हाथ बंटाता था। बताया कि अकसर वह बीमार रहता है, इसलिए बेटे सैफ से उसे काफी उम्मीदें थी। बेटे की हत्या से उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सैफ के लिए बहुत कुछ सोंच रखा थाए लेकिन पलक झपकते ही उससे सब कुछ छिन गया।

## पीड़ित के खिलाफ ही दर्ज कर लिया मुकदमा

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** दबंगों से आजिज किसान की मदद करने के बजाय पुलिस ने पीड़ित के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के सदरियापुर निवासी श्रीकांत दीक्षित ने बताया कि गांव के कुछ बच्चों ने एक खेत में खड़ी मटर की फसल तोड़ ली, जिस पर उन्होंने डांट डपट कर भगा दिया। कुछ समय बाद बच्चों के दबंग परिजनों ने उनके घर पर धावा बोलकर पिटाई कर दी तथा उनका मोबाइल छीन लिया। इसकी शिकायत करने जब वह थाने गया तो पुलिस ने उन पर मुकदमा दर्ज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि सुमन देवी पत्नी प्रमोद के द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई थी। जांच में पाया गया कि गांव के ही श्रीकांत ने बच्चों के साथ पिटाई की थी, जिसको लेकर पुलिस ने श्रीकांत पर मुकदमा दर्ज किया है।

# बैठक में ग्राम पंचायतों के विकास का खींचा खाका

हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड के सतत विकास के लिए क्षेत्र पंचायत की अहम भूमिका है। बिना सामाजिक भागीदारी के देश का विकास संभव नहीं है।

मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयासरत है। यह क्षेत्र हमारा जन्म व कर्म भूमि है। त्रिस्तरीय पंचायत में क्षेत्र पंचायत की अहम भूमिका है। वर्तमान समय में 15वां वित्त, राज्य वित्त व मनरेगा क्षेत्र से विभिन्न विकास कार्य कराके गांव की तस्वीर बदली जा रही है। क्षेत्र पंचायत गांव विकास की पहली इकाई है। ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों के समक्ष विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। संबंधित सदस्यों के सुझाव भी सुने। प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर किसलय बाजपेयी ने आयुष्मानभव योजना के बारे में प्रकाश डाला। इस योजना के अंतर्गत चिन्हित प्राइवेट अस्पतालों में पांच लाख तक इलाज निःशुल्क करा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड आशा बहू के माध्यम से वितरित किए जा रहे हैं। ग्रामीण स्वच्छता समिति के माध्यम से ग्राम प्रधान व आशा बहू के संयुक्त खाता में प्रतिवर्ष दस हजार रुपये की धनराशि आती है। जिसमें ग्राम सभा में स्वच्छता, दवाएं, उपकरण वजन मशीन, छिड़काव आदि के माध्यम से कार्य करा सकते हैं, कराए गए कार्यों का वाउचर आवश्यक उपलब्ध करा दें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।

## सार-संक्षेप



प्रार्थना पत्र जलाते एबीबीपी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### एबीबीपी ने ब्लॉक मुख्यालय पर जलाईं प्रतियां

बावन, हरदोई, अमृत विचार। खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा तय समय मे मृत्यु प्रमाण पत्र न जारी करने से नाराज एबीबीपी छात्रों ने ब्लॉक मुख्यालय पर आवेदन पत्र की प्रतियां जलाकर बीडीओ को हटाने की मांग की है। बताया गया है पहेलिया गांव निवासी नीलम सिंह के पति स्वर्गीय रजत सिंह का देहांत हो गया था। नीलम सिंह काफी दिनों से ब्लॉक मुख्यालय से लेकर तहसील सदर के चक्कर काटती रही। फिर भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सका। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीबीपी) छात्रों ने भी कई बार बीडीओ बावन से सम्पर्क किया फिर भी मृत्य प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सका। इस बात से नाराज एबीबीपी सदस्यों ने शुकवार की सुबह ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर आवेदन पत्र की प्रतियां जला दी। पुनीत सिंह भोलू ने बीडीओ बावन रामप्रकाश पर बिना सुविधा शुल्क कार्य न करने का आरोप लगाया है। यह अर्थ एवं संख्या अधिकारी के पद पर तैनात हैं। बीडीओ बावन का इनके पास अतिरिक्त चार्ज है। इन लोगों का कहना है कि अगर इनको बीडीओ के पद से पदमुक्त नहीं किया जायेगा तो ब्लॉक मुख्यालय पर इनका पुतला फूंका जायेगा। इस मौक़े अध्यक्ष रघुवीर सिंह, उपाध्यक्ष कन्हैया शुक्ला, गोविंद चौहान, नगर मंत्री रामजी शुक्ला, सह मंत्री सुमित पाल, मुकेश सिंह, अनुराग यादव, विशाल सिंह, राकेश पाल आदि लोग मौजूद रहे। इस संबंध में जब बीडीओ से जानकारी चाही गई तो उन्होंने फोन रिसीव ही नहीं किया।

### बस और कार में हुई टक्कर, कोई जनहानि नहीं

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। अल्लाहपुर तिराहे पर दोपहर 12 बजे के आसपास एक प्राइवेट बस और वैगनआर कार की टक्कर हो गई जिसमें वैगनआर काफी क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन कोई भी जनहानि नहीं हुई है। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस बस को पकड़कर कोतवाली लाई। शाहजहांपुर मार्ग पर अल्लाहपुर तिराहे के निकट एक तेज रफ्तार बस शाहजहांपुर से आ रही थी। तिराहा क्रॉसिंग पर जैसे ही वैगनआर कार चालक ने मोड़ी बस से टक्कर हो गई । कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन कर में बैठे किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। काफी देर तक जाम लग रहा। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस बस को पड़कर कोतवाली लाई है।

### प्रवीण ने स्वर्ण और देवेंद्र ने हासिल किया कांस्य पदक

हरदोई, अमृत विचार। युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जनपद हापुड़ में ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत आयोजित की गई राज्यस्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिताओं में जिले के ब्लॉक टड़ियावां के लिलवाल निवासी प्रवीण कुमार ने भारत्तोलन में प्रथम स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ में बेनीगंज निवासी देवेंद्र सिंह तृतीय स्थान हासिल किया। जिले का नाम राज्यस्तर पर रोशन करने वाले दोनों खिलाड़ियों के साथ ही टीम के कोच देवेश मिश्रा को युवा कल्याण विभाग के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नितिन कुमार एवं व्यायाम प्रशिक्षक मनोज कुमार यादव ने बधाई दी।

### कागज पर रिबोर दिखाकर ग्राम प्रधान ने हड़पा धन

सुरसा, हरदोई, अमृत विचार। सरकार गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये इंडिया मार्क नलों पर खर्च करती है। रखरखाव के अभाव में यह नल निष्प्रयोज्य पड़े हुए हैं। विकास खण्ड सुरसा की ग्राम पंचायतों में दर्जनों सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं। सरकार पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकारी योजनाएं चला रही है, । इंडिया मार्क नल लगाने से लेकर रिबोर तक में करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद यह नल कुछ दिन चलने के बाद निष्प्रयोज्य हो जाते हैं। नलों को रिबोर करने के लिए आया हुआ पैसा कागजों पर ही खर्च हो जाता है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सरकार की मंशा के अनुरूप इंडिया मार्क नलों का संचालन नहीं हो पा रहा है। इंडिया मार्क नल पानी देने के बजाय जानवरों को बांधने के काम आ रहे हैं। प्रतिवर्ष यह नल सिर्फ कागजों पर दुरुस्त किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत खजुरहरा के मजरा ताजपुर में कई इंडिया मार्क महीनों से खराब पडे.हुए हैं।



खराब हैंडपंप पर बांधी जा रहे गोवंश। अमृत विचार

# बिना कनेक्शन व मीटर बना दिया हजारों रुपए का बिल

बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन करने के लगभग पांच माह बाद भी कनेक्शन नहीं दिया गया। फिर भी विद्युत विभाग ने ग्रामीण के मोबाइल नंबर पर लगभग सात हजार बिल भेज दिया है।

बेनीगंज कोतवाली व विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र के ग्राम सिकन्दरपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर उपकेन्द्र में कम्युनिटी हेल्थ आफिसर के पद पर कार्यरत किरन मौर्या ने बताया कि उपकेन्द्र में विद्युत कनेक्शन के लिए बीते पांच माह पूर्व आवेदन किया था और लगभग 28 हजार रुपए का भुगतान किया था, बावजूद इसके अभी तक न ही उपकेन्द्र मे कनेक्शन किया गया है और न ही मीटर लगाया गया है फिर भी हमारे मोबाइल नंबर पर लगभग सात हजार रुपये का बिल भुगतान करने का मैसेज आ गया है। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डु सिंह ने बताया कि इसके बारे मे विधुत उपखण्ड बेनीगंज को कई बार लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया परन्तु अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया।

# न्याय यात्रा में लखनऊ जाएंगे हरदोई के लोग

हरदोई

**अमृत विचार।** कांग्रेस के जिला कार्यालय पर लखनऊ में होने वाली न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शरद मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा जहां-जहां जा रही है, वहां उन्हें जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है।

लखनऊ में 20 फरवरी को न्याय यात्रा आ रही है। जिलाध्यक्ष आशीष सिंह सोमवंशी ने कहा कि प्रदेश की जनता अब भाजपा सरकार से परेशान हो चुकी है। समाज का प्रत्येक वर्ग इस सरकार से पीड़ित है। जिले से सैकड़ों लोग इस यात्रा को सफल बनाने के लिए लखनऊ पहुंचेंगे। बैठक में शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नेतम भारतीय, जिला उपाध्यक्ष अनुपम दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष अनवारुल हसन, जिला महासचिव शशिबाला वर्मा, जिला महासचिव सोनपाल वर्मा, जिला महासचिव अजीत सिंह चंदेल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुवनेश प्रताप सिंह, अनुसूचित जाति विभाग चेयरमैन विनीत वर्मा समेत कई कांग्रेसी मौजूद रहे।



बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

### कांग्रेस के नगर अध्यक्ष बने सादिक अली

बिलग्राम, हरदोई। नगर के कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने सादिक अली को बिलग्राम नगर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो जिम्मेदारी देकर उन्हें नगर अध्यक्ष बनाया हैं वह पूरी ईमानदारी से पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

**आयोजन** | स्वास्थ्य मेले में पहुंचा लोगों का रेला, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण की योजनाओं की दी गई जानकारी

# शिविर में सैकड़ों मरीजों का परीक्षण कर दी गईं दवाएं

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** सीएचसी पर लगे स्वास्थ्य मेले में चिकित्सा, मातृ, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद आंख, कान, गला की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स, कुष्ठ और टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ वहां पहुंचे तकरीबन 750 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाई दी गई। इस दौरान सरकारी योजनाओं के बारे में लगाए गए स्टाल पर जानकारी दी गई।





स्वास्थ्य मेले में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

सीएचसी पर शुक्रवार को आयोजित हुए स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई व विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।स्वास्थ्य मेले में तकरीबन 750 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें और दवाई दी गई। मेले में सरकारी विभागों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। मेले में खाद्य,महिला सहायता समूह, अस्पताल प्रशासन ने महिला जागरूकता आदि के स्टाल भी लगाए गए। ब्लाक प्रमुख ने सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य लाभ व जनहित की अनेक योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से समय रहते योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। सीएचसी प्रभारी डा.जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मेले के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण की ओर से चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। जिससे सभी लोग योजनाओं का लाभ ले सके। मेले में सामान्य चिकित्सा, मातृ, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, कान, नाक व गले की जांच, दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच सुविधा उपलब्ध रही। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा ने भी अपनी बात रखी। मेले के आयोजन में भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, नीरज सिंह, रामदास कटियार, तुषार बाजपेई, प्रधान संघ अध्यक्ष मेवाराम मौजूद रहे।

## नकबजनी में दस लोगों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**हरदोई, अमृत विचार।** नकबज़नी कर लोगों में दहशत फैलाने वाले गैंग के 10 लोगों के खिलाफ एसएचओ अतरौली दिलेश कुमार सिंह की तहरीर पर उप्र गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत केस दर्ज किया गया है। सारे आरोपी सीतापुर ज़िले के है। एसएचओ ने सीतापुर ज़िले के कुरसंडा निवासी गैंग के सरगना संतोष शुक्ला उर्फ भन्नू शुक्ला के अलावा वहीं के रामजी, कनकारी निवासी राजेश, इन्दल व दीपू, सेमरपुरवा निवासी संजय वर्मा, सिंधौली के रविकांत रस्तोगी, मझिया के राजेश उर्फ अजय, टांडाकला के रामप्रकाश और गडौसा के कलीम के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## एक नजर

### अब 20 फरवरी को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**सीतापुर, अमृत विचार।** प्रभारी अधिकारी परिवाद ने बताया कि 17 फरवरी को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 20 फरवरी को तहसील बिसवां में आयोजित किया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रस्तावित है।

### ईओ की तैनाती न होने से रूके विकास कार्य

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर में नियुक्त ईओ के स्थानांतरण के पश्चात शासन द्वारा अब तक किसी भी अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई है, जिसके चलते विकास कार्य अवरुद्ध हैं। नगर पंचायत की चेयरमैन जैनब जहां ने नगर विकास अनुभाग चार सहित अन्य उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर में बीती 3 फरवरी को शासन के निर्देशानुसार नियुक्त ईओ बब्लू कुमार का स्थानांतरण हो गया था। लगभग 12 दिनों तक स्थानांतरण के पश्चात भी ईओ की नियुक्ति नहीं की जा सकी। आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर की चेयरमैन जैनब जहां ने नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, जिलाधिकारी, एडीएम सहित अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की मांग की है।

### धूमधाम से मना हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बा पैंतेपुर के पास स्थित अहिरनपुरवा गांव में स्थित श्री संकट मोचक हनुमान मंदिर का 24वां स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया। आयोजकों द्वारा इस पावन अवसर पर हवन पूजन अर्चन के साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विकासखंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत मितौरा के मजरे अहिरन पुरवा में 2001 में बाबा बजरंगबली का भव्य मंदिर राम लखन यादव द्वारा स्थापित करवाया गया था। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में आयोजित स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में कन्या भोज, संत भोज के साथ बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रामकुमार, राकेश कुमार, कमलेश यादव, छोटेलाल यादव सहित अनेक लोग भंडारे में उपस्थित रहे।

### 10 हजार रुपये का इनामिया गिरफ्तार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना महमूदाबाद पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 10 हजार रुपये के इनामिया शारुख पुत्र मो. इरफान निवासी पैगम्बरपुर थाना महमूदाबाद को सिधौली क्रासिंग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक इनामिया शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी/नकबजनी जैसे आपराधिक कृत्यों के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त करीब चार माह से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। पुलिस टीम में उनि अरविन्द कटियार, हे.का. राम केवल, हे.कां. राजेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा आज: 56,172 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**तैयारी**

- 30 परीक्षा केंद्रों पर जैमर से रोकी जाएगी नकल, 166 बसों के भी बढ़ाये गए फेरे

**सीतापुर, अमृत विचार।** यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से आयोजित हो रही दो दिवसीय भर्ती परीक्षा 2024 आज दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। जिले के 30 परीक्षा केंद्रों पर 56172 हजार परीक्षार्थियों के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा को संपन्न कराया जायेगा। पुलिस बल की तैनाती भी परीक्षा केंद्रों पर कर दी गई है।

पुलिस भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी को कड़ी निगरानी में सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। डीएम अनुज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। परीक्षार्थियों की संपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी के लिए सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगातार सक्रिय रहेंगे। जिससे नकल को आसनी से रोका जा सकेगा। इसके साथ ही 30 परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए कक्ष निरीक्षकों के साथ ही 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 32 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। डीएम ने बताया कि परीक्षा के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी और परीक्षा में शामिल हो रहे परीक्षार्थियों की केंद्रों पर ठीक प्रकार से चेकिंग करने के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाये।



परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बसों के फेरे बढ़ने के बाद डिपो पर खड़ी बसें। अमृत विचार

### दो दिनों तक चलेगी परीक्षा

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में करीब 56 हजार 172 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दो दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा में लखनऊ मंडल के परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे। पुलिस और प्रशासनिक टीम परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने के मूड में नहीं दिखाई दे रही है। डीएम एसपी ने परीक्षा के 24 घंटे पहले ही सेंटर मजिस्ट्रेट सहित परीक्षकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये थे।

### परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए 166 बसों के बढ़े फेरे

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने भी परीक्षार्थियों की दुश्वारियों को कम करने के लिए बसों के फेरों को बढ़ा दिया है। एआरएम राकेश कुमार का कहना है कि परिवहन निगम की 104 और अनुबंधित की 66 बसों के साथ कुल 166 बसों के चक्करो को बढ़ा दिए है। एआरएम का कहना है कि दिल्ली, हरदोई और लखनऊ रुट के बसों को यात्रियो की सुविधाओं के अनुसार चलाया जायेगा। इसके साथ ही परिवहन निगम के कर्मचारियों की छुट्टियां भी आगामी दो दिनों के लिए कैंसिल कर समयानुसार तैनाती कर दी गई है।

### परीक्षा केंद्र गलत होने पर जारी की सूचना

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में सीतापुर का एक परीक्षा केंद्र का नाम गलत होने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने परीक्षा के दिन होने वाली अफरा तफरी से बचने के लिए सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हुए परीक्षा केंद्र का नाम दुरुस्त कराकर परीक्षार्थियों का समय बचाने का काम किया। शहर के आनंदी देवी इंटर कॉलेज नैपालापुर के स्थान पर परीक्षा सेंटर का नाम प्रवेश पत्र में आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर तरीनपुर लिखा होने से छात्रों को परेशानी उठानी पड़ सकती थी। इसी लिहाज से परीक्षा केंद्र का नाम और भ्रम से बचाने के लिए पुलिस ने नोट जारी कर कॉलेज का नाम दर्शाया।

## प्रधानमंत्री के चित्र को अश्लील तरीके से किया वायरल

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के धौरेमऊ गांव निवासी सुनील शुक्ला पुत्र पुत्तूलाल शुक्ला ने पुलिस को लिखित तहरीर साक्ष्य सहित दी है। जिसमें लिखा है कि इसी गांव निवासी अंसारी परवेज ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर देश के प्रधानमंत्री के चित्र को अश्लील व अभद्र अमानवीय तरीके से छवि खराब करने की नियति से वायरल की। जिससे हम सभी कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

# कुदाल से प्रहार पर पत्नी व बच्चे को मार डाला

## आपसी झगड़े के बाद पति ने उठाया खौफनाक कदम, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

> मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।
> –चक्रेश मिश्रा, एसपी

**अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में घरेलू कलह के चलते पति ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। आग बबूला पति ने कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर तीन वर्षीय मासूम बेटे सहित पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात की रात पति-पत्नी के बीच झगडे. के बाद परिजनों ने स्वीकार की है। लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी प्रदीप गिरी पुत्र वीरबली ने गुरुवार की देर रात अपनी पत्नी भूरा देवी उम्र 35 वर्ष तथा अपने मासूम बेटे आरुष उम्र 3 वर्ष पर कुदाल से ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिया। हमले में पत्नी और मासूम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार की आवाज सुनकर अन्य परिजन वहां पहुंच गए और आनन-फानन में घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। दोनों की हालात नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मासूम की मौत हो गई। जबकि ट्रामा सेंटर में महिला ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर इमलिया सुल्तानपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल की। परिजनों के साथ एंबुलेंस में गए आरोपी पति को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ कर रही है।



वारदात के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ व जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

### घायल पत्नी को लखनऊ लेकर गया आरोपी पति

मृतका के पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी का विवाह करीब 10 वर्ष पूर्व किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी पति हमले के बाद घायल पत्नी और मासूम को एम्बुलेंस बुलाकर स्वयं ही लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर इलाज के लिए गया था। पिता के आरोपों के बाद लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया। पिता ने बताया कि मृतका के तीन बेटियां है और एक पुत्र था। मां और मासूम भाई की मौत के बाद तीन बेटियों के सिर से मां का साया उठ गया।

## सार-संक्षेप

### मृतक होमगार्ड की पत्नी को बैंक ने दिया बीमे का चेक



मृतक आश्रिता पत्नी को बीमे का चेक देते डीएम, जिला कमांडेंट होमगार्ड व बैंक अधिकारी। अमृत विचार

**सीतापुर।** जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड दिनेश ढींगरा ने अवगत कराया कि जनपद की कंपनी सकरन मे तैनात होमगार्ड अतुल कुमार मिश्र, जो डायल 112 ड्यूटी पर थे, 27 दिसंबर 2023 को सायंकाल ड्यूटी से घर वापस जाते समय रास्ते में सड़क हादसे में उनका स्वर्गवास हो गया। मृतक होमगार्ड अतुल कुमार मिश्र का खाता (एचडीएफसी) बैंक में खुला होने के कारण दुर्घटना बीमा लाभ के अंतर्गत मृत्यु के फलस्वरूप संबंधित बैंक ने रूपया 40 लाख का चेक होमगार्डस की आश्रिता पत्नी किरन देवी को जिलाधिकारी अनुज सिंह के उपस्थित में कलेक्ट्रेट में 16 फरवरी को हस्तगत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा, दिनेश ढींगरा, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस प्रदीप गुप्ता, कलेक्ट्रर हेड, अभय श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक, लहरपुर, विकास चैधरी, राकेश कुमार, जिला कमाण्डेन्ट के सहायक मो. नसीम खां एवं श्रीकृष्ण रावत, वैतनिक प्लाटून कमाण्डर व हिरावल अब्बास, ब्लाक आर्गनाइजर एवं अन्य उपस्थित थे।

### रोडवेज की टक्कर से बच्चे की मौत

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रेवा ग्राम निवासी सुरेश प्रजापति का छः वर्षीय पुत्र सीताराम अपनी मां के साथ कंदुनी चौराहे पर दवाई लेने जा रहा था की कंदुनी चौराहे के ही निकट लखनऊ की तरफ से तेज रफ्तार आ रही अनुबंधित बस यूपी 41एटी 4513 ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। जिससे उस बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज कर बस को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी भावनाथ चैधरी ने बताया कि बस तथा उसका ड्राइवर पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर खड़ी रोडवेज बस। अमृत विचार

### शिक्षा के साथ-साथ बच्चे का सर्वांगीण विकास करना ध्येय



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न वेषभूषा में स्कूली बच्चे। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव कस्बे की लहरपुर रोड स्थित जागृति इंटरनेशनल स्कूल जोगीपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि ताराचंद मंगलानी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का संचालन सुमित तिवारी व दीपांशी गुप्ता ने किया। मनमोहक कार्यक्रम से गदगद विद्यालय के प्रबंधक अजय मंगलानी ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम प्रमुख सह प्रबंधक मान्या मंगलानी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा प्रदान करना विद्यालय का प्रमुख दायित्व होता ही है, लेकिन शिक्षा के साथ-साथ बच्चे का सर्वांगीण विकास करना जागृति इण्टरनेशनल स्कूल का ध्येय है।

### तारीख-ए-सीतापुर नाम की पुस्तक का विमोचन



हिंदी सभा में पुस्तक विमोचन के दौरान पूर्व सांसद जफर अली नकवी, संतोष प्रजापति व आशीष मिश्रा। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को हिंदी सभा में तारीख-ए-सीतापुर नाम की पुस्तक का विमोचन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर अली मोहम्मद व पूर्व मंत्री पूर्व सांसद जफर अली नकवी रहे। इस किताब के लेखक वरिष्ठ अधिवक्ता हैदर जाफरी ने इसका उर्दू संस्करण पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में प्रस्तुत किया। इस पुस्तक को लिखने में 20 वर्षों से अधिक का समय लगा। लेखक ने बताया कि महाभारत के अर्जुन से लेकर पांडव श्री राम व रावण वध के बाद श्री रामचंद्र जी के आगमन से लेकर अकबर के नवरत्नों में शामिल राजा टोडरमल व आल्हा ऊदल के साथ चलने वाले उनके सिपहसालार की विस्तृत जानकारियां इस किताब के जरिए आने वाली पीढ़ियों को सीतापुर के इतिहास से रूबरू कराना ही लेखनी का उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन आशीष मिश्रा ने किया। हिंदी सभा के महामंत्री रजनीश मिश्रा, पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेई, जागरूक प्रजापति महासभा के अध्यक्ष संतोष प्रजापति, समाजसेवी जरताफ हैदर जाफरी, आसिम हैदर जाफरी, सादिक राजा अयूबी, जुनैद अंसारी, मंजर रिजवी, नदीम खैराबादी, इमरान जाफरी, मौलाना मुफ्ती कबीर नदवी, वरिष्ठ लेखक मस्त हफीज रहमानी, जिया रहमानी व आराध्य शुक्ल समाजसेवी आदि दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## छात्रा की पिटाई के मामले में शिक्षक पर मुकदमा दर्ज

**पहला।** थाना सदरपुर तहसील महमूदाबाद क्षेत्रांतर्गत लोनियन पुरवा कंपोजिट स्कूल में पढ़ रही कक्षा एक की छात्रा की बेवजह पिटाई करने व विरोध करने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक से मारपीट व अभद्रता के आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्रधानाध्यापक ने तहरीर दी। थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास खंड महमूदाबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवा में तैनात सहायक अध्यापक मुनीर अहमद खां सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे कक्षा एक की छात्रा रजनी गौतम की पिटाई करने लगे। इस पर प्रधानाध्यापक मुसीर अहमद ने अकारण मारने से मना करने पर मुनीर अहमद ने इनसे भी मारपीट करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद कार्यालय में घुसे मुनीर अहमद ने अध्यापक उपस्थिति पंजिका के पन्ने फाड़ डाले। सूचना पर स्कूल पहुंची छात्रा की मां से भी अध्यापक ने अभद्रता की। इं.प्र.अ. मुसीर अहमद ने घटना की सूचना बीईओ को देते हुए लिखित तहरीर सदरपुर पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, केस दर्जकर लिया गया है और बालिका का मेडिकल कराते हुए मामले की जांच की जा रही है।

# कस्तूरबा गांधी बिसवां व खैराबाद की छात्राओं ने जानी नैमिषारण्य की महत्ता

**सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय बिसवां एवं खैराबाद की बच्चियों को नैमिषारण्य विजिट पर ले जाया गया। जहां बच्चियों को इसमें विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं जनपद की खासियत के बारे में बताया गया।

साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में उनको जानकारी दी गई। जैसे कन्या सुमंगला योजना में अब 15 हजार से बढ़कर धनराशि 25 हजार हो गई है, जो भी बच्चियां दो भाई-बहन अथवा दो बहनें हैं। वह सभी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के आवेदन के पात्र हैं अतः ज्यादा से ज्यादा आवेदन करने और बच्चियों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी गई। एक समूह में बच्चियों के अपने ही जनपद की इस अमूल्य धरोहर को बारे में जानकर बहुत ही आनंदित हुई तथा ऐसे ही बार-बार विजिट जाने के लिए अपना मत दिया। नैमिषारण्य विजिट में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने हरी झंडी दिखाकर जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय से रवानगी दी। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अध्यापिकाएं व महिला कल्याण विभाग की महिला कल्याण अधिकारी एवं स्टाफ नर्स एवम अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारी गण मौजूद रहे।



विद्यालय की छात्राओं को नैमिषारण्य ले जा रही बस को हरी झंडी दिखातीं जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल। अमृत विचार

## संगम तट पर उतराते मिले 3 गोवंश के शव

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र कसमंडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीरनगर में संगम तट पर चार गोवंशों के शव की खबर सुनते ही ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार, कानूनगो व क्षेत्रीय लेखपाल मनमोहन कटियार, पंचायत सहायक उमेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे और हकीकत जानी। जहां पर ग्रामीणों ने बताया कि विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत रायपुर की गौशाला नदी के किनारे बनी हुई है। जहां से मृत गौवंश को नदी में फेंक दिया जाता है जो नदी में बहते हुए चले जाते हैं। कई जानवर कुंभी व सेवार में फंसकर रुक जाते हैं, जो सड़ने के बाद काफी बदबू देते हैं। पंचायत सहायक कसमंडा ओमेंद्र पाल सिंह से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि तीन मृतक गोवंश मिले हैं। तीनों को खोदकर दफना दिया गया। पशुचिकित्साधिकारी राजकुमार ने बताया कि तीनों शवों को खोदकर गड़वा दिया गया है।

# पंचायत कर बताए सरकार के झूठे वादे व गलत नीतियां



एसडीएम को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार भारत बंद के आवाहन पर महमूदाबाद तहसील अध्यक्ष प्रताप कुमार वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में बैठक की आहुति की।

बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष प्रताप कुमार वर्मा व संचालन जिला सह सचिव जयंती लाल ने किया। इस बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों को तहसील स्तर के सभी दुकानदारों को दुकानें बंद करने और गांवों में पंचायत करके सरकार द्वारा किए गए झूठे वादों व गलत नीतियों के विषय में बताया गया। भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने 16 फरवरी को भारत बंद के दौरान किसान, मजदूर व व्यापारियों से बंद में सहयोग की अपील की। ज्ञापन देने वालों में प्रताप कुमार वर्मा, जयंती लाल, सुरेंद्र पटेल, हरिशंकर वर्मा, प्रवेश कुमार, कोमल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**जताया रोष** — संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने मीटिंग कर जिलाधिकारी कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन

# किसानों पर बल प्रयोग करना लोकतंत्र की हत्या

**सीतापुर, अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा ने शुक्रवार को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा को ज्ञापन दिया। जिसमें पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बॉर्डर सील कर किसानों के ऊपर तरह-तरह से हमले किए जा रहे हैं, जिसमें लगभग हमारे 200 के करीब किसान घायल हो चुके हैं। किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर दिल्ली आ रहे थे न कि कोई जंग लड़ने। रविवार को चंडीगढ़ में भारत सरकार के मंत्रियों के साथ बैठक हैं, यदि किसान हित में समझौता नहीं हुआ तो उत्तर प्रदेश से हजारों की संख्या में ट्रैक्टर ट्राली लेकर किसान दिल्ली के लिए रवाना होगा।

उससे पहले बॉर्डर पर आंदोलित किसानों के समर्थन में 20 तारीख मंगलवार को सीतापुर में ट्रैक्टर रैली आयोजित की जाएगी। सिख संगठन अध्यक्ष गुरपाल सिंह ने प्रधानमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि आंदोलित किसानों से वार्ता कर तत्काल देश के किसानों के हित में निर्णय लिया जाए। निहत्थे किसानों पर बल प्रयोग करना लोकतंत्र की हत्या है। इस तरह का अत्याचार भारत का किसान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। ज्ञापन देने के दौरान बलवंत सिंह, जरनैल सिंह, परगट सिंह, पलविंदर सिंह, कुलजीत सिंह महेश पाल, बलजिंदर सिंह, अमृतपाल सिंह, गुरजीत सिंह, हरभजन सिंह, शमशेर सिंह, अमनदीप सिंह, हरदेव सिंह हरमन सिंह, संदीप सिंह, अन्नदाता किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, अंबुज श्रीवास्तव सहित एसकेएम के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




ज्ञापन देने आये संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी। अमृत विचार

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं,उन पर भी विश्वास कर लेता है।

## संपादकीय

# बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

# भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई,उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी,लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा,क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं,किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है,जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा,क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है,जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षाल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं,जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है,जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है,सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां,पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई,उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है,जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं,परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# चुनौतियां और किताबों से प्यार



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है,जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है,लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है,क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं,लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।

# महानता और अंधविश्वास



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं,किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं,वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे,लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे,लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं,बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण,वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे,जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

## सोशल फोरम

# अनिवार्य मिलिट्री सेवा



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे,लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का,उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए,जो देशसेवा करना चाहते हों।

-फेसबुक वॉल से

# भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी,जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी,जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों,लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

## आपका पत्र

# सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें,तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है,बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन,प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था,लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ,वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी,जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

अतः भगवानों में अभेद मानते हुए,उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर,अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। -**शारदा शुक्ला**, वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

## एक नजर

### बृजेश यादव बने प्रदेश उपाध्यक्ष



सुलतानपुर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठनों में पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रारंभ कर दी है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिग्रेड उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में सुलतानपुर के बृजेश कुमार यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्हें यह पद प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने सौंपा है। उनके मनोनयन पर जिले के सपाईयों में खुशी व्याप्त है।

### शिकायत के फर्जी निस्तारण में पीडी निलंबित

सुलतानपुर, अमृत विचार। जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत का फर्जी निस्तारण करना परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सुलतानपुर को महंगा पड़ गया है। शासन के संयुक्त सचिव प्रहलाद बरनवाल ने पीडी कृष्ण करुणाकर पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। सीडीओ ने बताया कि शासन से पीडी का निलंबन आदेश आया है। निलंबन अवधि में उन्हें कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास उप्र लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### पशु आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। पशु आरोग्य मेला का गौ पूजन कर शुभारंभ किया गया। निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाहपुर के पशु डॉ. वीरेंद्र प्रताप, पशु चिकित्साधिकारी पीपी कमैचा प्रेम चंद्र, प्रधान शाहपुर बृजलाल पाल और आसाराम राम मिश्रा, महेंद्र दुबे, दिलीप पांडेय आदि लोग रहे। इस दौरान पशुपालकों को जागरूक किया गया।

# राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण

## नवनियुक्त एडीजी जोन ने लिया सुरक्षा व व्यवस्था का जायजा, की बैठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर प्रशासन के सहयोग से पहले ही कार्ययोजना बना ली गई थी। समय-समय पर इसमें और बेहतरी के लिए सुझाव आते रहे हैं और उन सुझावों को समयानुसार समाहित किया जाता है। प्रदेश को अपराध मुक्त बनाना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। इसमें सरकार व पुलिस विभाग सफल रहा है। पुलिस विभाग इसके लिए कार्यरत है और आगे भी कार्यवाही होगी।

ये बातें शुक्रवार को लखनऊ जोन के नवनियुक्त अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अमरेन्द्र सेंगर ने कहीं। उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद राम जन्मभूमि और हनुमान गढ़ी परिसर की सुरक्षा संबंधित जानकारी लेने के लिए आया हूँ। कहा कि जो भी सुरक्षा व्यवस्था संबंधित बदलाव किए जाने हैं, उसका रोड मैप पहले से ही बना हुआ है। इनमें से कई क्रियान्वित हो गए हैं और कई व्यवस्थाओं को आने वाले समय में क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को जन्मभूमि पथ व भक्ति पथ के साथ राम पथ पर अधिकारीयों के साथ पैदल भरमण कर सुरक्षा और व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और मातहत अधिकारियों से भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, रुट डाइवर्जन तथा सुचारु आवागमन के साथ सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, एसपी सुरक्षा, एसएसएफ समेत अन्य सुरक्षा बलों तथा खुफिया एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।



रामनगरी में सुरक्षा व व्यवस्था का पैदल जायजा लेते एडीजी जोन।

### बैठक कर ली सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी

नियुक्त के बाद पहली बार गुरुवार देर शाम यहां पहुंचे एडीजी लखनऊ जोन अमरेंद्र सेंगर ने परिसर स्थित एसपी सुरक्षा कार्यालय के बैठक कक्ष में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के अधिकारियों के साथ बैठक की। राम मंदिर व परिसर की सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं की सहूलियत और सुविधा को लेकर किए गए इंतजाम की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार तथा सम्यक आचरण का निर्देश दिया।

# तीन महीने से नहीं मिली मजदूरी धरने पर बैठे मनरेगा श्रमिक



ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देतीं महिला मजदूर।

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : तीन महीने से मजदूरी न मिलने से नाराज मजदूरों ने शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर धरना देकर विरोध जताया। समय से भुगतान दिलाने की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। मनरेगा मजदूर निशा, कुसुमा, संगीता, सुशीला, श्यामकली, अनीता, सावित्री, राम चंदर, पवन कुमार सहित कई मजदूरों का आरोप है कि पहले समय पर मजदूरी मिलने से परिवार की खर्च चल जाता था। अब प्रधान की ओर से काम तो करा लिया जाता है लेकिन मजदूरी के नाम पर प्रधान हाथ खड़ा कर देते हैं। तीन महीने से मजदूरी न मिलने के कारण आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों का कहना है कि जब तक बकाया मजदूरी नहीं मिल जाती है तब तक वह मनरेगा कार्य का बहिष्कार करेंगे। खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार मौर्या ने बताया कि नवंबर माह से मनरेगा मजदूरों के लिए कोई धनराशि आवंटित नहीं हुई है। ऐसे में उनको मजदूरी कोई प्रधान कहां से दे पाएगा। जैसे ही धन आवंटित होगा, सभी को वरीयता के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

# अयोध्या मंडल की टीम ने जीता सिल्वर

- बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** लखनऊ में चल रही राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही सुलतानपुर के बालकों ने अयोध्या मंडल की ओर से प्रतिभाग करते हुए टेबल टेनिस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।

15 फरवरी से प्रारंभ परिषदीय विद्यालय राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल टेबल टेनिस बालक टीम स्पर्धा में फाइनल मुकाबला गोरखपुर से खेलते हुए 2-0 हारकर के द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि अयोध्या मंडल में की टीम में सुल्तानपुर के गौरव कुमार, अमर भीम एवं अंकुश कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय नकराही के तथा हिमांशु उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर भदैंया के छात्र हैं। ये छात्र विद्यालय में खेल सीखने के साथ-साथ खेलो इंडिया प्रशिक्षण शिविर में भी प्रशिक्षक शमा बानो से खेल की बारीकियां सीखते हैं।

बच्चों की कामयाबी पर जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेंद्र सिंह चौहान, दुबेपुर के खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव प्रसाद यादव, विद्यालय की प्रधानाध्यापक मंजू बाला सिंह, कुमार विनीत, प्राथमिक शिक्षक संघ के मांडलिक मंत्री शमीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, मुनेंद्र मिश्र आदि ने खुशी जताई है।



टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते जिले के बच्चे। अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक ने तोड़ा दम

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर बंधुआकला थाना अंतर्गत दादूपुर गांव के पास शुक्रवार सुबह एक युवक सड़क पर जा रहा था। तभी तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, उसकी वहीं पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जब तक आसपास के लोग दौड़े तब तक वाहन चालक गाड़ी के साथ फरार हो चुका था। लोगों ने इसकी सूचना बंधुआकला पुलिस को दी। बंधुआकला थाना अध्यक्ष रवींद्र सिंह ने बताया कि मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चौकी इंचार्ज समेत दो के खिलाफ दी अर्जी

- वृद्ध महिला के मानवाधिकार हनन करने के आरोप
- कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ जारी किया नोटिस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** बंधुआकला थाना क्षेत्र के दाउदपुर में बीते माह वृद्ध महिला के मानवाधिकार हनन करने के आरोप में चौकी इंचार्ज व सिपाही पर मानवाधिकार की विशेष कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है।

दाउदपुर निवासी वृद्ध महिला रामरती का आरोप है कि उसके घर पर विपक्षी कल्लू व अन्य कब्जे की नियत से बीती 28 जनवरी को दिन में आये। मना करने पर आमादा फौजदारी हुए और जातिसूचक शब्द कहे। रिपोर्ट लिखाने जाने पर जनता के सामने चौकी इंचार्ज शिवजन्म व सिपाही राकेश पाल ने गाली-गलौज कर धमकी देकर मौलिक अधिकार का हनन किया। पीड़िता रामरती ने अधिवक्ता अयूब उल्ला खान के जरिए चौकी इंचार्ज व सिपाही के खिलाफ मानवाधिकार की विशेष कोर्ट न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव की कोर्ट में याचिका दाखिल कर कारवाई की मांग की है। कोर्ट ने याचिका एडमिट कर आरोपियों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए तीन मार्च की तारीख नियत की है।

### एसिड अटैक मामले में महिला की गिरफ्तारी पर रोक

सुलतानपुर। मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल महिलाओं से अभद्रता, मारपीट और एसिड अटैक करने की महिला आरोपी बृजेश कुमारी की गिरफ्तारी पर जनपद न्यायाधीश जेपी पांडेय ने रोक लगा दी है। आरोपी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि आरोपी को राहत देते हुए कोर्ट ने विवेचक को शीघ्र रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र की कस्थूनी पश्चिम निवासी कुमारी आंचल ने बीते साल स्वयं व घर की सुमनलता पर हमला करने समेत अन्य आरोपों में शेष नारायन तिवारी, साहब तिवारी और बृजेश कुमारी पर मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के पीछे पहले से चला आ रहा संपत्ति विवाद बताया गया। कोर्ट ने महिला आरोपी बृजेश कुमारी की अग्रिम जमानत मंजूर कर उसकी गिरफ्तारी पर सशर्त रोक लगा दी है।

# खेल से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का होता है विकास: एएसपी



एएसपी प्रवीण रंजन सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करतीं प्राचार्या डा. सीमा सिंह।

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। राजकीय डिग्री कालेज महमूदाबाद के दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता समारोह का शुभारंभ एडीशनल एसपी ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। बालक वर्ग में शिव कुमार गुखर्जी तथा बालिका वर्ग में हिना अव्वल रहीं। समारोह के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण रंजन सिंह, विशिष्ट अतिथि सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह का बैज अलंकरण व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्या डा. सीमा सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में एडीशनल एसपी ने कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी हैं। खेल प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। प्रतियोगिता का शुभारंभ सौ मीटर की दौड़ से हुआ। सौ मीटर बालक वर्ग दौड़ में शिव कुमार मुखर्जी, मो. अमन, जावेद व सत्येंद्र वर्मा, बालिका वर्ग में हिना, रुचि, काजल, दो सौ मीटर बालक वर्ग दौड़ में शिव कुमार मुखर्जी, रोहित यादव, मो. अमन, बालिका वर्ग में हिना, रुचि, काजल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग में बबली, अनीता, साक्षी, शाटपुट बालक वर्ग में सौरभ, प्रज्जवल, अभय, जैवलिन थ्रो बालिका वर्ग में साक्षी, अनीता, अर्पिता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर क्रीड़ा प्रभारी अनिरुद्ध दिवाकर, डा. प्रशांत सिंह, डा. आरपी सिंह, डा. सर्वेश मिश्र, डा. योगेंद्र कुमार, डा. लक्ष्मी, डा. वीके राठौर, डा. अमिय कुमार, डा. शिशिर श्रीवास्तव, मो. सईद अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन डा. दाउद अहमद ने किया।

- सौ मीटर दौड़ में शिव कुमार व हिना ने हासिल किया पहला स्थान

# जनजातीय विकास संगोष्ठी पर जुटेंगे देश भर के विद्वान

- आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने पर होगी चर्चा
- आचार्य नरेन्द्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज करेगा आयोजन

सीतापुर

**अमृत विचार।** जनपद के आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में 18 व 19 फरवरी को जनजातीय विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का प्रकल्प होगा। जिसको लेकर आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या प्रोफेसर प्रनीता सिंह व कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

प्रकल्प संयोजक प्रोफेसर सुनील कुमार ने बताया भारत बहु जातीय, बहु-सांस्कृतिक, बहु-धार्मिक लोगों की भूमि है। भारत की कुल जनसंख्या में जनजातीय समुदाय की हिस्सेदारी 8.6 प्रतिशत है। (जनगणना, 2011) जिसका अर्थ है कि भारत 10.42 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों का घर है। आदिवासी लोग भारत के आदिम निवासी हैं। वे फसल उत्पादन, पशुधन उत्पादन, बागवानी और फसल कटाई के बाद के कार्यों सहित प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक संपत्तियों और कृषि विकास के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन आजादी के 75 से अधिक पांच वर्षों के बाद भी वे निम्न स्तर का जीवन जी रहे हैं और भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी विकासात्मक योजनाओं और लाभों के सबसे कम लाभार्थी बने हुए हैं। वे अभी भी कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं जो उनकी प्रगति और विकास में बाधा डालती हैं जैसे गरीबी, शैक्षिक समस्याएं, भूमि समस्याएं, स्वास्थ्य समस्याएं, नक्सलवाद, बच्चों का शोषण, अक्षम प्रशासन और शासन। इसलिए, इन समूहों को मुख्यधारा में शामिल करने और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए, जनजातीय मामलों का मंत्रालय भारत में इन समुदायों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम तैयार कर रहा है। अपने कुल के उत्थान समय-समय पर राष्ट्र के व आदिवासियों को विभिन्न सुविधाजनक प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर प्रनीता सिंह ने बताया कि जनपद के आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के लिए यह गौरव का विषय है कि यह महत्वपूर्ण है कि भारत में आदिवासियों की स्थिति में काफी सुधार होना चाहिए, ताकि उन्हें राष्ट्रीय मुख्यधारा में एकीकृत किया जा सके।

आदिवासियों को गैर आदिवासियों के शोषण से बचाया जाये। आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए, पारिस्थितिकी को बचाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए प्राकृतिक संसाधनों के पुनर्जनन में आदिवासियों को शामिल करने की आवश्यकता है। आदिवासियों के एकीकृत विकास के लिए विकास के प्रति समग्र एवं समन्वित दृष्टिकोण और उनकी सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। जाहिर है कि आदिवासी विकास के पूरे सवाल पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। इस प्रकार यह मुद्दा वर्तमान समय में सबसे अधिक प्रासंगिक है। आदिवासी समुदाय के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए चर्चा की जरूरत है। यह सेमिनार आदिवासी सशक्तिकरण और विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए एक उपयुक्त मंच होगा।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. कल्याण सिंह रावत मैती, पदम श्री, पर्यावरणविद, देहरादून, उत्तराखंड, प्रो रमेश एच मकवाना, भारतीय शिक्षाविद, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आनंद गुजरात, अध्यक्षता प्रो. एनएन पांडेय, पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय, एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली, प्रो. दिनेश कुमार, संकायाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो. शुभजीत चक्रवर्ती, असम, प्रो. वैभव सबनीश, महाराष्ट्र, समापन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ सहित देश के विभिन्न प्रांतों से प्रतिभागिता होगी।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगोष्ठी के विषय में जानकारी देते प्राचार्या व कार्यक्रम संयोजक।

# परमवीर चक्र विजेता की अनुज वधू ने भाजपा से मांगा टिकट, मची हलचल

**कमलापुर सीतापुर, अमृत विचार।** विधानसभा बिसवां के अन्तर्गत आने वाले ब्लाक कसमण्डा की ग्राम पंचायत छरासी मजरा रूढ़ा निवासी परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय की सबसे छोटी अनुज वधू अनुराधा पाण्डेय भाजपा कार्यालय पहुंचीं और सीतापुर लोकसभा सीट से अपने लिए टिकट की दावेदारी करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला को अपना आवेदन पत्र सौंप दिया। जिसके बाद सीतापुर के राजनैतिक गलियारों में हलचल सी मच गयी, क्योंकि सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा का टिकट मांगने वाली अनुराधा पाण्डेय पहली महिला उम्मीदवार हैं। अनुराधा पाण्डेय मां भारतीय का शौर्य बरकरार रखने वाले परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के सबसे छोटे भाई मनमोहन पाण्डेय की पत्नी है। अनुराधा पाण्डेय सामाजिक कार्यों के साथ साथ धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं।



भाजपा जिलाध्यक्ष को अपना आवेदन देतीं अनुराधा पांडेय।

# लहरपुर में मुस्लिम परिवार ने अपनाया सनातन धर्म

तंबौर, सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत डालेसिंहपुरवा सुलतानापुर तहसील लहरपुर में शुक्रवार को एक मुस्लिम परिवार ने सनातन धर्म में अपना लिया। सनातन धर्म अपनाने वाले मल्लापुर निवासी मतीन कुरैशी ने सनातन धर्म का गुणगान करते हुए बताया कि सनातन धर्म बहुत ही अच्छा है और हमने सनातन धर्म से प्रभावित होकर अपने घर वापसी की है।

सनातन धर्म वापसी करने पर उनके नाम बदले गए। जिसमें मतीन कुरैशी का नाम कृष्ण कुमार, रेशमा कुरैशी का नाम राधा देवी, सुभाला कुरैशी का नाम सुमन देवी व तालिब कुरैशी का नाम तेज प्रताप नामकरण हुआ। कृष्ण कुमार (मतीन कुरैशी) ने बताया कि इससे पूर्व खीरी जनपद के चंदवापुर में करीब 15 साल पहले धान पालेसर चलाता था। वहीं पर हमारी मुलाकात पूर्व नाम चांदनी निषाद (रेशमा) अब राधा देवी से हुई दोनों में प्यार हुआ लव मैरिज किया था। सनातन धर्म अपनाने के दौरान ओम त्र्यंबकम अंबेश्वर महादेव शिव मंदिर डॉलेसिंहपूरवां में जिला सहसंयोजक बजरंग दल सीनू मिश्रा बजरंगी, मोनू सिंह बजरंगी, दीपक सिंह, सतीश मिश्रा बजरंगी, सोमेश प्रताप तिवारी, राजेश चैरसिया, संतोष कश्यप, आशुतोष वर्मा, जिला संयोजक बजरंग दल नरेंद्र, गुड्डू, रोहित बजरंगी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



मंदिर में सनातन धर्म अपनाने वाला मुस्लिम परिवार व हिंदू संगठन के लोग।

## सार-संक्षेप



खो-खो विजेता नवल्स अकादमी की टीम। अमृत विचार

### बालिका में नवल्स व बालक में आइएसल टीम विजेता

अयोध्या, अमृत विचार : नवल्स नेशनल एकेडमी में शुक्रवार को बालक व बालिका खो-खो मैच खेला गया। इसमें बालिका वर्ग में नवल्स एकेडमी और बालक वर्ग में आइएसएल की टीम विजेता रही। अकादमी प्रधानाचार्या अपूर्वा चतुर्वेदी ने दोनों विद्यालयों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या ने आईएसएल की अध्यापिकाओं को स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस मौके पर अकादमी की शिक्षिकाएं व बच्चे टीम खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

### आईओएई की गैस्ट्रो अपडेट कांफ्रेंस कल

अयोध्या, अमृत विचार : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस इंडोस्कोपी (आईओएई) की ओर से रविवार 18 फरवरी को अयोध्या गैस्ट्रो अपडेट-2024 कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। अयोध्या में यह दूसरी कॉन्फ्रेंस सिविल लाइंस स्थित एक होटल में होगी। इसका पूरा फोकस ईयूएस, ईआरसीपी और क्लोनजियोस्कोपी पर रहेगा। इसमें फील्ड के कई अनुभवी चिकित्सक नई-नई टेक्नॉलाजी के बारे में बताएंगे। आईओएई अयोध्या के चेयरमैन डॉ. रजनीश वर्मा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में अयोध्या के ही नहीं बल्कि देश के कई चिकित्सक शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस में आईएमए अयोध्या की अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडेय का सहयोग मिला है।

### आज नहीं 20 को होगा तहसील दिवस

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश शासन की ओर से शनिवार को होने वाला तहसील दिवस स्थगित कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 17 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा और 19 फरवरी को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के कारण तहसील दिवस अब तहसील दिवस 20 फरवरी मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। इसके तहत डीएम नीतीश कुमार की ओर से भी शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है।

### भाकियू ने जताया सांकेतिक विरोध

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से भारत बंद के आह्वान को लेकर शुक्रवार को भाकियू टिकैट गुट के कार्यकर्ताओं ने अरकुना में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि आंदोलन को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय सूचना नहीं है। इस अवसर पर दशरथ सिंह, मेवा लाल, आरएस सरोज, प्रेम शंकर, मातादीन, राकेश कुमार सहित कई मौजूद रहे।

# विशिष्ट जनों को रामलला के दर्शन कराने के लिए अधिकारी तैनात

**अयोध्या, अमृत विचार :** 19 फरवरी को आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यहां आ रहे विशिष्ट जनों और उधोगपतियों को रामलला के दर्शन कराने के लिए जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने 25 राजपत्रित अधिकारियों को लगाया गया है। प्रथम पाली में 13 और द्रितीय में कुल 12 अधिकारी लगाए गए हैं। इसके लिए कलेक्ट्रेट सभागार नवीन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां 20 फरवरी तक नियुक्त अधिकारी विशिष्ट जनों के भ्रमण और रामलला के दर्शन के लिए जिम्मेदारी निभायेंगे। जिलाधिकारी ने 19 व 20 को सभी तैनात अधिकारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं।

**कवायद** — श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट वाहनों के संचालन की कर रहा तैयारी, पांच इलेक्ट्रिक वाहन ट्रस्ट को किए गए समर्पित

# इलेक्ट्रिक वाहन से राम मंदिर तक पहुंचेंगे वृद्ध और दिव्यांगजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मन में रामलला के दर्शन की अभिलाषा लेकर यहां आने वाले वृद्ध और दिव्यांगजनों को मंदिर तक जाने के लिए अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनको सहूलियत और सुविधा के साथ मंदिर तक पहुंचाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से इलेक्ट्रिक वाहन चलाने की तैयारी की जा रही है। ये वाहन सुग्रीव किला से राम मंदिर तक चलाए जाएंगे। पांच इलेक्ट्रिक वाहन शुक्रवार को ट्रस्ट को समर्पित किए गए। कुछ ही दिनों में इन वाहनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

अतिवृद्ध व दिव्यांगों को बिना किसी असुविधा के मंदिर तक पहुंचाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अब तक 12 इलेक्ट्रिक वाहन प्राप्त हो चुका है। इसी क्रम में शुक्रवार को कारसेवकपुरम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने टूरिस्ट वाहन के रूप में पांच बैट्री संचालित गोल्फ कार्ट ट्रस्ट महासचिव चंपत राय को समर्पित किए हैं। कारसेवकपुरम में ट्रस्ट महासचिव व अन्य लोगों ने इलेक्ट्रिक वाहन का टेस्ट ड्राइव भी किया है। ट्रस्ट के अनुसार कुछ दिनों में एक योजना के तहत इन वाहनों का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा।

विश्वहिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। जो भी भक्त दर्शन के लिए यहां आ रहे हैं, उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी का दायित्व है। उन्होंने बताया कि अब तक 12 इलेक्ट्रिक वाहन ट्रस्ट को प्राप्त हो चुके हैं।




ट्रस्ट के महासचिव को इलेक्ट्रिक वाहन की चाबी सौंपते बैंक के अधिकारी।

### चलने में असमर्थ लोगों को मिलेगी सुविधा

रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को चलने में असुविधा होने पर वाहन की सुविधा मिलेगी। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि चलने में असमर्थ वृद्ध और दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए राम मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। यह वाहन सुग्रीव किला से राम मंदिर तक ही संचालित किए जाएंगे।

# किसानों के भारत बंद के समर्थन में उतरी कांग्रेस

- अराजकता के दौर से गुजर रहा देश : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

संवाददाता, सुलतानपुर



धरना दे रहे किसानों के कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने भी किया प्रदर्शन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से शुक्रवार को भारत बंद को लेकर शहर के राजीव गांधी पार्क (तिकोनिया पार्क) में धरना प्रदर्शन चला रहा था, इसका कांग्रेस ने पूर्ण रूप से समर्थन कर दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कमेटी कार्यालय से निकालकर राजीव गांधी पार्क पहुंचे। जहां सैकड़ा की संख्या में संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता व नेता भारत बंद के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। किसान संगठनों ने शुक्रवार को भारत बंद की घोषणा की थी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री के आवाहन पर देश के हजारों लाखों किसानों व नौजवानों ने अपने प्राण की आहुति देकर देश को आजाद कराया, लेकिन आज देश का दुर्भाग्य है कि किसानों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश अराजकता के दौर से गुजर रहा है। किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए सड़कों पर हैं। अग्निवीर योजना से लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। आम जनता के हितों के विपरीत नीतियां लागू की जा रही हैं। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस देश के उन तमाम तबकों के साथ खड़ी है, जो परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं।

राहुल गांधी बिना किसी नफा नुकसान के हमेशा किसानों के हित की सोचते हैं। इस मौके पर नफीस फारुकी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, अपरबल सिंह, राहुल त्रिपाठी, सलाउद्दीन हाशमी, तेज बहादुर पाठक, सुब्रत सिंह सनी, ओमप्रकाश त्रिपाठी, मो मोबीन अहमद, मनोज कुमार तिवारी, रणजीत सिंह सलूजा व मोहसिन सलीम आदि मौजूद रहे।

# 22 विभागों से 554 एमओयू साइन

**संवाददाता, सुलतानपुर।** 19 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को सीडीओ अंकुर कौशिक ने विकास भवन के प्रेरणा सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त उद्योग अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित किया जायेगा। साथ ही विधान सभा स्तर का आयोजन तहसील/विकास खंड परिसर में आयोजित होगा। जिले के 22 विभागों के तहत 554 एमओयू साइन हुए थे। जिसके सापेक्ष 3169 .13 करोड़ रुपए से 22,283 रोजगार सृजन प्रस्तावित है। 19 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 14 विभागों के कुल 138 इकाईयां जिनका कुल निवेश 910 .13 करोड़ व रोजगार सृजन 6289 है, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिये तैयार हैं।

# 535 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

- विधानसभा संयोजक के संयोजन में मिलन समारोह आयोजित

मोतिगरपुर, सुलतानपुर



भाजपा का दामन थामने वालों का विधायक ने किया स्वागत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को मोतिगरपुर विकास खंड परिसर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी व विधानसभा संयोजक विनोद सिंह के संयोजन में मिलन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय की मौजूदगी विपक्षी दलों के बड़ी संख्या लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। सदर विधायक ने भाजपा में आए लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। भाजपा का दामन थामने वालो में मुख्य रूप से बसपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी शिव कुमार सिंह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।

इसी तरह सपा के विधान सभा उपाध्यक्ष राज बहादुर वर्मा, डिंगूरपुर बनकेगांव गांव के प्रधान रणजीत वर्मा, हमजापुर प्रधान अनिल सिंह बसपा, पूर्व प्रधान कमलेश सिंह कैथवारा, अरविंद सिंह पूर्व प्रधान सराय भीखम, मगन निषाद प्रधान खैरहा, नीलकंठ प्रधान हासापुर आदि समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह ने बताया कि 14 फरवरी को चार विधानसभा के 1640 एवं सदर विधान सभा से 535 कुल 2175 विपक्षी दलों के लोग भाजपा में शामिल हुए हैं।

## एक नजर

### बृजेश यादव बने प्रदेश उपाध्यक्ष



**सुलतानपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठनों में पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रारंभ कर दी है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में सुलतानपुर के बृजेश कुमार यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्हें यह पद प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने सौंपा है। उनके मनोनयन पर जिले के सपाईयों में खुशी व्याप्त है।

### शिकायत के फर्जी निस्तारण में पीडी निलंबित

**सुलतानपुर।** जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत का फर्जी निस्तारण करना परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सुलतानपुर को महंगा पड़ गया है। शासन के संयुक्त सचिव प्रहलाद बरनवाल ने पीडी कृष्ण करुणाकर पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। सीडीओ ने बताया कि शासन से पीडी का निलंबन आदेश आया है। निलंबन अवधि में उन्हें कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास उप्र लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### पशु आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

**चांदा, सुलतानपुर।** पशु आरोग्य मेला का गौ पूजन कर शुभारंभ किया गया। निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाहपुर के पशु डॉ. वीरेंद्र प्रताप, पशु चिकित्साधिकारी पीपी कमैचा प्रेम चंद्र, प्रधान शाहपुर बृजलाल पाल और आसाराम राम मिश्रा ,महेंद्र दुबे,दिलीप पांडेय आदि लोग रहे। इस दौरान पशुपालकों को जागरूक किया गया।

# राहुल, प्रियंका के स्वागत की तैयारियां जोरों पर

## स्वागत के लिए लोगों में दिख रही उत्सुकता, प्रियंका गांधी के कार्यक्रम में लोगों को शामिल होने के लिए किया जा रहा आमंत्रित

अमेठी

**अमृत विचार।** पीड़ित शोषित वंचित किसान मजदूर की आवाज लेकर अन्याय के खिलाफ न्याय का बिल्कुल बजाने के लिए निकले जन नेता राहुल गांधी 19 फरवरी को अपने घर अमेठी आ रहे हैं। उनके स्वागत के लिए अमेठी परिवार पूरी तरह से तैयार हो गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में कांग्रेस जन सभी से अपने नेता के स्वागत के लिए पहुंचने की अपील कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल महासचिव अनिल सिंह समेत कई पदाधिकारी ने गांधीनगर टोल प्लाजा के निकट जनसभा के लिए तय किए गए स्थान का जायजा लिया। जनसभा में पहुंचने वाली अमेठी के सम्मानित जनता को कोई समस्या न होने पाए इसको लेकर वहां है। इसके साथ ही अमेठी गौरीगंज व अन्य क्षेत्रों में प्रचार वाहनों के माध्यम से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के कार्यक्रम में लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

### जिलाध्यक्ष ने कहा

- अमेठी और गांधी परिवार का रिश्ता पारिवारिक है

जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि अमेठी और गांधी परिवार का रिश्ता पारिवारिक रिश्ता है। अमेठी के सम्मानित जनता और राहुल गांधी एक दूसरे की जरूरत को समझते हैं। वह अपने घर आ रहे हैं इसलिए उनके स्वागत में कोई और कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि अमेठी से लेकर भारत जोड़ो ने यात्रा के पूरे रास्ते को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। गांव-गांव लोग यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सरकार की विभिन्न गलत नीतियों के चलते अन्य चलने वाले लोग अपने लिए न्याय की मांग को लेकर जन नेता राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे।


जनसभा स्थल के लिए खेल कूद मैदान का निरीक्षण करते कांग्रेसजन। अमृत विचार

# छात्रों के साथ मारपीट का वीडियो वायरल, जांच शुरू

अमेठी

- वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की कर रही जांच

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के केशवनगर मोहल्ले के आस पास अराजक तत्वों द्वारा आए दिन छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट की घटनाएं अंजाम दी जाती है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होता रहता है। शुक्रवार को केशव नगर मोहल्ले के पास अराजक तत्वों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें अराजक तत्वों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट की जा रही है।

केशव नगर मोहल्ले में विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्थित है विद्यालय में छुट्टी के बाद केशव नगर मोहल्ले से लेकर मेन रोड तक छात्र-छात्राओं का जमावड़ा लगता है। खुले आम अराजक तत्वों द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट की जाती है।

आए दिन हो रही घटना के बाद भी पुलिस कोई कार्यवाही नहीं की जाती है जिससे अराजक तत्वों के हौसले बुलंद है। वहीं मारपीट की घटना को स्थानीय व्यक्ति द्वारा कमरे में कैद कर वीडियो को वायरल कर स्थानीय पुलिस से कार्यवाही की मांग की गई है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दबंगों ने महिला की जमीन पर किया जब्जा

अमेठी

## हाथ पैर बांधकर उसी के घर में बना लिया था बंधक

- पीड़िता ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक की मामले की शिकायत
- दबंगई के बल पर जमीन पर किया कब्जा पीड़िता के दो पुत्रियां व एक नाबालिग पुत्र है



**अमृत विचार।** घर में अकेली रह रही विधवा के हाथ पैर बांधकर उसी के घर में बंधक बना लिया, पीड़िता विधवा की खतौनी की जमीन पर दीवाल उठाकर सरहंगई के बल पर उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। न्याय पाने के लिए पीड़िता विधवा अधिकारियों के कार्यालय में चक्कर लगा रही है, उसकी सुनवाई कहीं नही हो रही है। पीड़िता ने मामले का योगी आदित्य नाथ, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक को भेजकर न्याय की गुहार की है।

थाना क्षेत्र के गांव भरेथा निवासिनी सुमन देवी पत्नी स्व. चंद्र प्रकाश दुबे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित पुलिस के अधिकारियों को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी दो पुत्रियां व एक नाबालिग पुत्र है। अपने दबंग पट्टीदारों के भय से वह अपने नाबालिग बच्चों को अपनी विवाहिता बड़ी बेटी के पास नोएडा में रखकर खुद मायके में रहती है। इसके नाम गाटा स. 905 जो सड़क के किनारे स्थित कीमती भूमि है।

इस भूमि पर उसका विपक्षी पट्टीदार इंद्रजीत ऊर्फ भग्गू, विजय कुमार, चंदा देवी, अंतिमा तथा गुड़िया ने उसके हाथ पैर बांधकर उसे उसके घर में बंद कर दिया। पहले से बुलाए गए राजगीरों व मजदूरों ने जल्दी जल्दी उसकी उसी खतौनी की भूमि पर दीवाल उठकर अवैध कब्जा कर लिया। उक्त लोगों ने दीवाल उठा लेने के बाद शाम को उसके हाथ -पैर खोले, और धमकी दिया कि कहीं शिकायत करने जाओगी तो जान सियार देंगे। पीड़िता कॉफी डरी हुई है, इसे आशंका है कि उक्त लोग कभी भी उसकी हत्या करवा सकते हैं। पीड़िता सुमन देवी पत्नी स्व0 चंद्र प्रकाश दुबे ने न्याय करने के लिए गुहार लगाया है।

# फंदे से लटकता मिला महिला का शव, परिजनों में कोहराम

तिलोई, अमेठी

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा



**अमृत विचार।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के पूरे पासिन मजरे बसंतपुर में शुक्रवार को एक नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला।

परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे पासिन मजरे बसंतपुर निवासी राकेश कुमार के सुपुत्र लवलेश की शादी बीते वर्ष 2021 में 26 अप्रैल को रायबरेली जनपद की कोतवाली महराजगंज क्षेत्र के एक गांव की शिवानी के साथ हुई थी। शुक्रवार की सुबह लवलेश के परिजन घर से बाहर कार्य करने के लिये चले गये और दोपहर में जब वापस लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद पाया और आवाज देने पर भी दरवाजा नही खुला तो अंदर जाकर देखने पर यह पता चला कि लवलेश की पत्नी शिवानी 22 वर्ष का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा है। यह नजारा देख परिजन दंग रह गये और पूरे मामले से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष के लोगों को भी सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

## सार-संक्षेप

### गणित प्रशिक्षण से शिक्षकों में होगा बौद्धिक विकास : धीरेन्द्र

**तिलोई, अमेठी।** ब्लाक संसाधन केंद्र तिलोई अमेठी पर निपुण भारत के अन्तर्गत 4 दिवसीय बुनियादी भाषा एवं गणित शिक्षा प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप की देख-रेख में चल रहा है। जिसमें 100 प्रतिभागी शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। बृजेश कुमार सिंह, मो. सईद, माधवेन्द्र प्रताप सिंह, शोभा शरन, एवं अमिता जायसवाल प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण का चतुर्थ दिवस था। प्रशिक्षण का शुभारम्भ करने पहुंचे धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ -अमेठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चन करके प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। प्रशिक्षिका अमिता जायसवाल ने प्रार्थना एवं प्रेरणा गीत का गायन सभी शिक्षकों से कराया। बृजेश कुमार सिंह एआरपी ने उक्त प्रशिक्षण के सम्बन्ध में विस्तार से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया, और विद्यालय में जाकर क्रियान्वयन करने हेतु प्रेरित किया। धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ -अमेठी ने सभी शिक्षकों से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरित किया, और बुनियादी भाषा एवं गणित प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को बच्चों तक पहुंचाने की बात कही, शिक्षकों से ससमय विद्यालय पहुंचकर बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। प्रशिक्षण में शशि कुमारी सिंह, शालिनी सिंह, प्रतिमा सिंह, पल्लवी श्रीवास्तव, आराधना सिंह, शीबो फात्मा, मालविका, प्रतिमा यादव, सुष्मिता सिंह, अल्का सिंह, आबिदा बानो, अर्शिया बानो, अमिता सिंह, स्वांती तिवारी, बीना, दीक्षा बाजपेई, अर्पिता यादव, आकांक्षा बाजपेई, अंजलि सिंह, प्रिया मिश्रा, अन्नपूर्णा यादव, मोनिका सिंह, रीना मिश्रा, दीपिका सिंह, शिखा मिश्रा, रीता वर्मा, खुशबू जायसवाल, दिनेश कुमार, मान सिंह पटेल, अवनीश त्रिपाठी, शिव लाल, चन्द्र जीत यादव, अंकित यादव, मनीष, अवनीश कुमार सहित सैकड़ों प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित रहे।

### दबंगो ने लेखपाल पर किया जानलेवा हमला

**अमेठी।** थाना जगदीशपुर क्षेत्र के मंगौली तिराहे के पास अपने घर से तहसील तिलोई जा रहे एक लेखपाल पर बाइक सवार युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये जिन्हें घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लेखपाल आक्रोशित हो उठे और भारी संख्या में कोतवाली पहुंचकर पीड़ित लेखपाल के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई लेकिन पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई है। तहसील तिलोई के गांव चिलौली में तैनात लेखपाल वेद प्रकाश मिश्रा पुत्र विन्देश्वरी प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम पूरे अवस्थी पोस्ट डीह थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर शुक्रवार को अपनी मोटर साइकिल से अपने घर से तहसील तिलोई आ रहे थे वह मंगौली तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि ओवरटेक करने को लेकर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वाद विवाद करने लगे जब लेखपाल वेद प्रकाश मिश्र ने ऐसा करने से मना किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गये और फंटी से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे लेखपाल को गम्भीर चोटे आई हैं। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग जब इकट्ठा हुये हमलावर जान माल की धमकी देते हुये भाग गये। लेखपाल वेद प्रकाश मिश्र पर जानलेवा हमले की खबर मिलते ही तहसील तिलोई के लेखपाल संघ के अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, मानस शुक्ला, शिवम तिवारी, संजीत विश्वकर्मा, श्रीकांत यादव, धैर्य श्रीवास्तव, नितिन त्रिपाठी, निर्मल सहित अन्य तमाम लेखपाल जगदीशपुर कोतवाली पहुंच गये और लेखपाल पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और जांचोपरांत हमलावरों की तलाश की जा रही है उन्हे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### सफाई कर्मियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी का किया विरोध

**अमेठी।** ग्रामीण सफाई कर्मियों को ऑनलाइन उपस्थिति-बायो मैट्रिक हाजिरी से मुक्त करने की उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। सफाई कर्मियों की ओर से नये डी पी आर ओ मनोज कुमार त्यागी को 19 फरवरी को ज्ञापन देने की तैयारी की जा रही है। ऑनलाइन उपस्थिति के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के 10 अगस्त 2023 के शासनादेश के अनुपालन के सम्बन्ध में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की ओर से 10 फरवरी को एक पत्र शासन को दिया गया है। प्रांतीय संगठन के निर्देश के क्रम में 19फरवरी को डीपीआरओ को ज्ञापन देने के लिए सफाई कर्मी डीपीआरओ कार्यालय जायेंगे। इस सम्बन्ध में संघ के अध्यक्ष राम अंजोर प्रजापति ने डीपीआरओ को गुरुवार को ही एक पत्र दिया है।

### 20 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**अमेठी।** पीपरपुर पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अमेठी अभियान के क्रम में शुक्रवार को कल्याणपुर हारीपुर मार्ग के पास से एक अभियुक्त को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई है। पीपरपुर थाने के उपनिरीक्षक सैय्यद हसीन हैदर रिजवी मय हमराह द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जिस दौरान कल्याणपुर हारीपुर मार्ग के पास से अभियुक्त आलोक सिंह पुत्र देवनाथ सिंह निवासी इस्माइलपुर छोटा थाना पीपरपुर को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त पर एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई की गई है।

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा की हुई शुरुआत


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**भेटुआ, अमेठी।** क्षेत्र के गांव घटमापुर (गंगहुआ) में आज से शुरू होने वाली सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही धार्मिक गीतों के बीच हर कोई आस्था में डूबा नजर आया। गाजे बाजे तथा चौपहिया वाहनों के साथ अयोध्या से पधारे कथावाचक आचार्य रोहित शरण महाराज अयोध्या धाम के नेतृत्व में कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से चलकर प्राचीन हनुमान मंदिर भेटुआ पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोचार के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद संडीला आदि गोमती गंगा से जल भरकर कलश यात्रा पुन: कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम स्थल पर देवता दयाल पाण्डेय तथा पारिवारिक सदस्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। यात्रा में कृपा शंकर पांडेय, राम अनुग्रह पाण्डेय भगौती प्रसाद पांडेय, दिनेश चंद्र पांडेय, चंद्र प्रकाश शुक्ला विजय पाण्डेय रजत पाण्डेय राघवेंद्र पाण्डेय ब्यूरो चीफ अमेठी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाज के वरिष्ठ लोग शामिल रहे।

# छुट्टा जानवरों से किसान परेशान

अमेठी

**अमृत विचार।** तिलोई तहसील क्षेत्र में कभी सूखे की मार तो कभी बेमौसम बरसात कभी छुट्टा जानवरों द्वारा फसलो को नष्ट कर देना इन्ही समस्याओं से ग्रस्त हो चुकी किसानों की जिंदगी सरकार चाहे कितनी भी दावे कर ले लेकिन अंत मे परेशानियों और कर्ज से पीड़ित किसान आत्महत्या कर ही लेता है।

एक आकड़े के मुताबिक पांच हजार छुट्टा जानवर सेमरौता चौरहे से लेकर खेतों तक टीके रहते है। जिसे किसान शाम 6 बजे से लेकर 1 बजे तक सेमरौता चौरहा रामलीला मैदान तक लोग दौड़ते रहते है।

आवारा जानवर उस समय ग्रामीण क्षेत्र में विवाद का कारण बनते है जब खेतों मे फसल खड़ी होती है खेतों की रखवाली मे गाय आदि जानवर दूसरे के खेतों मे घुस जाने के कारण हर साल फसलो को नष्ट की समस्या बढ़ जाती है।

किसानों का कहना है कई बार अधिकारियों को सूचना देने पर भी आते नहीं अगर आ भी गए तो अंगूठा दस्तखत करवा कर मन को शांति देकर चले जाते है अभी तक कोई अधिकारी ऐसा नहीं मिला जो समस्या का निवारण कर सकें।


फसल को चट करते मवेशी।

**कार्यक्रम** पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार वित्तीय समावेशन महामेला का किया गया आयोजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों का हुआ सम्मान

# डाक विभाग पत्र ही नहीं, अन्य योजनाओं से करा रहा लाभान्वित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को डाक विभाग द्वारा पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार वित्तीय समावेशन महामेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पोस्टमास्टर जनरल प्रयागराज कृष्ण कुमार यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक विभाग के कर्मियों को सम्मानित किया।

संबोधन के दौरान उन्होने कहा कि अब डाक विभाग लोगो को पत्र, मनीआर्डर ही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ दे रहा है। लोगो के वित्तीय सशक्तिकरण भी प्रदान कर रहा है। जैसे इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से 30 हजार से अधिक खाते खोले गए हैं। साथ ही नए जीवन बीमा के तहत 15 लाख से अधिक के प्रीमियम का भी निवेश हुआ है। मौजूदा समय में एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुउद्देशीय बनाया गया है। आज डाकघर में बचत, बीमा, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, गंगाजल बिक्री, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। पोस्टमास्टर जनरल ने सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र तथा डाक जीवन बीमा के लाभार्थियों को पासबुक व पॉलिसी बॉन्ड भी प्रदान किए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई भी की। बेटियों को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक वितरित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी तो आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना भी साकार होगी। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक मौजूदा समय में एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। ई-श्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वाहनों का बीमा, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी तमाम सेवाओं का लाभ भी डाकिया के माध्यम से लिया जा सकता है। पेंशनर्स घर बैठे डाकिया के द्वारा जीवित प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने हेतु आधार जरूरी है, ऐसे में अब घर बैठे डाकिया के माध्यम से ही आधार से लिंक मोबाइल नम्बर भी अपडेट किया जा सकता है। श्री यादव ने बताया कि अब डाकघरों में कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी एक साथ केंद्र व विभिन्न राज्य सरकारों की 73 सेवाएं मिल रही हैं।

इस मौके पर अधीक्षक डाकघर सुलतानपुर मंडल एम एमहुसैन आई.पी.बी.मैनेजर शाखा सुलतानपुर पंकज तिवारी, आई.पी.बी.मैनेजर शाखा अमेठी ,अमित कुमार सिंह, सहायक डाक अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार एवं पवन कुमार, उपमंडलीय निरीक्षक मनीष कुमार चौधरी, दीपक मौर्या एवं आनंद कुमार, परिवाद निरीक्षक शैलेश शर्मा, अमित कुमार सिंह, विकास वर्मा, दीपक गुप्ता, अतुल कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सहित लाभार्थी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### जिलाधिकारी ने पट्टी तहसील का किया निरीक्षण



पट्टी प्रतापगढ़। अमृत विचार : डीएम संजीव रंजन शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे पट्टी तहसील का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। डीएम ने तहसील परिसर में स्थित ग्राम न्यायालय, एसडीएम न्यायालय, अभिलेखागार, खतौनी कार्यालय, तहसीलदार न्यायालय, समेत अन्य कार्यालय का निरीक्षण कर मुकदमे की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान फाइलों के रखरखाव मे लापरवाही पर फटकार भी लगाई। करीब दो घंटे तक तहसील का निरीक्षण करने के बाद वह जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए। इस दौरान एसडीएम देश दीपक सिंह, तहसीलदार मनोज राय,नायब तहसीलदार पवन सिंह समेत तहसील के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में छात्र - छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार : आरजीएस मौर्य इंटरमीडिएट कालेज कसेरुआ दुर्गागंज के वार्षिकोत्सव में छात्र – छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति खूब सराही गई। मुख्य अतिथि रहे सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य,विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता योगेश योगी ने छात्र – छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रसाद मौर्य,प्रधानाचार्य गणेश सिंह विद्यार्थी ने अतिथियों का स्वागत किया। सोमिल श्रीवास्तव, तोयज सिंह, मंजू मिश्रा, अजीत गौतम,राजेंद्र गौतम, अनूप सिंह के अलावा अभिभावक व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### डॉ. अवनीश को मिला भारद्वाज सेवा सम्मान



प्रतापगढ़। अमृत विचार : आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. अवनीश पाण्डेय को विश्व आयुर्वेद मिशन की ओर से भारद्वाज सेवा सम्मान प्रदान किया गया। माघ मेला प्रयागराज में साधु – संतों, श्रद्धालुओं की नि :स्वार्थ सेवा एवं सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष प्रो .जीएस तोमर एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गंगानाथ झा परिसर प्रयागराज के निदेशक प्रो .ललित कुमार त्रिपाठी द्वारा यह सम्मान दिया गया। डा अवनीश राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़ में तैनात हैं और वर्तमान में आयुर्वेद विभाग द्वारा माघ मेला में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में श्रद्धालुओं को सेवाएं दे रहे हैं।

### सीएचसी अधीक्षक ने महिला कर्मचारी से की अभद्रता

प्रतापगढ़। अमृत विचार : सीएचसी संडवा चंद्रिका में अधीक्षक व कर्मचारियों के बीच चल रहा विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। सीएचसी पर आए दिन अधीक्षक व कर्मचारियों के बीच धन उगाही को लेकर गाली गलौज व नोकझोंक होती रहती है। अब सीएचसी पर तैनात एएनएम सरला देवी ने अंतू थाने में तहरीर देकर अधीक्षक पर अभद्रता किए जाने के साथ प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अधीक्षक पर आए दिन जबरन वसूली करने का दबाव बनाने के साथ कमरे पर अकेले मिलने के लिए बुलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने 16 वर्ष की सेवा के बाद एसीपी लगाने के लिए भी धन उगाही करने का आरोप लगाया है। पुलिस शिकायत की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सरला की ड्यूटी अस्पताल में वैक्सीन लाने व उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी दी गई है। उनका आरोप है कि जिले से वैक्सीन सीएचसी पर लाने के लिए 24 सौ रुपये किराया स्वास्थ्य विभाग से मिलता है। अधीक्षक एंबुलेंस से वैक्सीन लाने के लिए एएनएम को विवश करते हैं, जबकि किराए का मिलने वाले बजट का फर्जी बिल बाउचर लगा कर पेमेंट कर लिया जाता है। उन्होंने इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से की है, लेकिन कोई जांच नहीं की गई। जिस पर उन्होंने पुलिस को तहरीर देते हुए महिला आयोग को शिकायत भेजी है। सीएचसी में अधीक्षक व कर्मचारियों के बीच आए दिन विवाद होने से अस्पताल में मरीजों के इलाज का माहौल नहीं रह गया है। दो माह पूर्व अधीक्षक व पूर्व अधीक्षक के बीच सीएचसी में जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें अधीक्षक ने पूर्व अधीक्षक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। पूर्व अधीक्षक ने भी मुकदमा दर्ज कराने की तहरीर पुलिस को दी थी। आए दिन इस तरह की घटनाएं होने से क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चा हो रही है। इस संबंध में अधीक्षक डा. मनोज कनौजिया से बात की गई तो उन्होंने शिकायत को फर्जी बताते हुए कहा कि अस्पताल में विभागीय कार्य व अनुशासन के लिए दबाव बनाया जाता है, तो इस तरह के आरोप लगाए जा रहे है। सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने बताया कि इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। मामले की जांच की जाएगी। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर मिली है, जांच की जा रही है।

# सुशासन की पहली शर्त है रुल आफ लॉ : मुख्यमंत्री

## प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में योगी ने कहा

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ



प्रयागराज के मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डीवाई चंद्रचूड़।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल आफ लॉ है। बिना बार और बेंच के सहयोग के यह संभव नहीं है। प्रदेश में सुशासन मॉडल को स्थापित करने में बार और बेंच का हमेशा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आम जन का न्यायिक जगत पर विश्वास बना रहे हमें इस दिशा में कार्य करना चाहिए। अगर लोकतंत्र में जनता का विश्वास डगमगाया तो फिर उसको सड़कों पर उतरने में देर नहीं लगेगी। हम सबको भारत के लोकतंत्र के सभी स्तंभों को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए।

योगी, शुक्रवार को प्रयागराज के मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद का विशेष महत्व होता है। अगर किसी को कोई समस्या होती है तो वह अपनी परेशानी के बारे में सीधे शासन को अवगत करा सकता है। समस्याग्रस्त व्यक्ति के पास शासन तक अपनी बात पहुंचाने के अनेक माध्यम हैं। हम सरकार तक पहुंची समस्या को समाधान तक जरुर पहुंचाएंगे। यह भी कहा कि संविधान ने भारत को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। यहीं नहीं भारत के संविधान ने दुनिया को भी लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि जब देश का संविधान तैयार हो रहा था।

### प्रशिक्षण का एक विशेष कार्यक्रम हो शुरु

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संसद में तीन नए एक्ट बनें हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि प्रदेश भर के युवा अधिवक्ताओं के नए एक्ट सहित न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ा प्रशिक्षण का एक विशेष कार्यक्रम यहां प्रारंभ हो। राज्य सरकार उसमें पूरा सहयोग करेगी।

## कानून की शिक्षा सुदूर ग्रामीण भारत में ले जाने की जरूरत- सीजेआई

प्रयागराज, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि विधि विश्वविद्यालय की शिक्षा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ जानी चाहिए। जिससे छोटे कस्बे के विद्यार्थी इस शिक्षा से वंचित ना रहें। डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन के मौके पर चंद्रचूड़ ने कहा, "प्रौद्योगिकी ने हमें दूर दराज के विद्यार्थियों तक पहुंचने की क्षमता दी है। विधि शिक्षा में विकास के बावजूद समकालीन विधि शिक्षा व्यवस्था केवल अंग्रेजी बोलने वाले शहरी बच्चों का पक्ष लेती है।" उन्होंने कहा, "पांच विधि विश्वविद्यालय में विविधता को लेकर किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि अंग्रेजी नहीं बोल पाने की वजह से विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे इन विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले पाते।" कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रचूड़ ने कहा, "आज भाषिणी सॉफ्टवेयर की मदद से हमने 1950 से 2024 तक उच्चतम न्यायालय के करीब 36,000 फैसलों का अनुवाद किया है। इसका उद्देश्य ऐसे हर नागरिक तक इन्हें पहुंचाना है जो अंग्रेजी नहीं जानते और जनपद न्यायालयों में वकालत करते हैं। उन्होंने कहा, "यहां तक कि मूट कोर्ट, इंटर्नशिप और प्रतियोगिता जैसे अवसर भी पारंपरिक ढंग से सभ्रांत परिवार से आने वाले बच्चों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए। विधि कालेज और विश्वविद्यालयों को विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों को ध्यान में रखकर इसे डिजाइन करना चाहिए।" प्रधान न्यायाधीश ने डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील की कि पढ़ाई का माध्यम हिंदी रखा जाना चाहिए ताकि उत्तर प्रदेश से सर्वोत्तम विद्यार्थी, सर्वोत्तम अधिवक्ता बनें। चंद्रचूड़ ने कहा कि जब सभी को शिक्षा में समान अवसर प्रदान किया जाता है तभी रोजगार और समाज में योगदान के अवसर प्राप्त होते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा और विवि की कुलपति ऊषा टंडन ने भी संबोधित किया।

## भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को कराएगा रामलला का दर्शन

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को भगवान राम लला के दरबार तक पहुंचा कर दर्शन कराने की योजना बनाई है। मारवाड़ी समाज ने बैठक कर रणनीति बना ली है।

बीजेपी के बूथ कार्यकर्ताओं को श्रीराम के दर्शन के लिए मारवाड़ी समाज पूरी व्यवस्था करेगा। प्रत्येक बूथ से लोगों को बुलाकर चौक घंटाघर से 23 फरवरी को सुबह 11बजे अयोध्या लेकर व्यापारी समाज के साथ स्वयं सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य प्रस्थान करेंगे। इसके लिए सदर विधायक की टीम सक्रिय है। बैठक में प्रमुख रूप से हरिशंकर अग्रवाल, व्यापार मंडल के संरक्षक सुरेश अग्रवाल, सभासद प्रतिनिधि अज्जू श्रीवास्तव, अर्पित खंडेलवाल, गोविंद खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल, गोपाल, शुभम अग्रवाल, वेंकटेश श्रीनिवास अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। इस कार्य के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, अनुसांगिक संगठन एवं सदर विधायक के कार्यकर्ता भी लोगों को जोड़ने में जुट गए हैं। लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को यहां से अयोध्या ले जाया जाएगा। 23 फरवरी को चौक घंटा घर से मारवाड़ी समाज की ओर से वाहन व्यवस्था रहेगी। उसी से भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या ले जाया जाएगा।

▶▶ मारवाड़ी समाज करेगा व्यवस्था

### बदमाशों ने पुलिस टीम पर कार चढ़ाने का किया प्रयास

जेठवारा प्रतापगढ़। अमृत विचार : डेरवा बाजार की तरफ से शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे एक कार जेठवारा की तरफ आ रही थी। पुलिस को सूचना मिली की कार में कुछ बदमाश बैठे हुए है जिनके पास अवैध असलहा भी है। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई। जेठवारा पुलिस ने थाने के सामने कार का घेराव किया। जब पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो चालक ने पुलिसकर्मियों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया संयोग रहा कि पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। पुलिस ने जब पीछा किया तो कुछ दूर आगे जाने के बाद कार सड़क से खेत में लेकर चले गए। इसके बाद कार सवार कार छोड़कर फरार हो गए। पीछा कर रही पुलिस ने भाग रहे एक युवक को पकड़ लिया। पता चला है कि बदमाश पिस्टल लिए थे जो खेत में फेंक कर भाग गए। पकड़े गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। एसओ जेठवारा धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा : इस बार आइकार्ड पहन कर ड्यूटी करेंगे कक्ष निरीक्षक

संवाददाता, प्रतापगढ़

तैयारी

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से होने जा रही हैं। बोर्ड परीक्षा में इस बार आइकार्ड पहन कर कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करेंगे। कक्ष निरीक्षकों के आइकार्ड पर पहली बार क्यू आर कोड अंकित किया गया है। इससे जांच करने वाले अधिकारी जान सकेंगे कि कक्ष निरीक्षक सही है या कोई दूसरा ड्यूटी कर रहा है।

जनपद में इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 199 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें नौ राजकीय, 62 सावित्त तथा 128 वित्तविहीन विद्यालय हैं। इस बार की परीक्षा में हाईस्कूल में 62028 तथा इंटर में 63220 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। कक्ष निरीक्षक के लिए परिषदीय विद्यालयों से पांच हजार 299 शिक्षकों की मांग की गई है। इनमें 2120 महिला व 3179 पुरुष शिक्षक हैं। परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए कक्ष निरीक्षकों के लिए पहली बार एक सुरक्षित क्यूआर कोड व क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र तैयार कराया गया है। डीआइओएस कार्यालय में बोर्ड के पोर्टल से शिक्षकों के आइकार्ड का प्रोफार्मा डाउनलोड किया जाएगा। प्रोफार्मा पर आवंटित परीक्षा केंद्रों का विवरण अंकित कर संबंधित कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा से एक सप्ताह पहले दिया जाएगा। परिचय पत्र पर संबंधित कक्ष निरीक्षक का अध्यापन विषय भी रहेगा, जिससे संबंधित विषयों की परीक्षा में उनके स्थान पर दूसरे अध्यापन विषय वाले अध्यापकों की ड्यूटी लगाई जा सके। परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षण व परीक्षा संबंधी अन्य कार्यों के लिए अध्यापकों, प्रधानाचार्यों व अन्य कार्मिकों की ड्यूटी डीआइओएस की ओर से लगाई जाएगी। डीआईओएस सरदार सिंह ने बताया कि इस बार परीक्षा में आइकार्ड गले में पहन कर कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करेंगे।

## 2025 कुंभ से पहले गंगाजल हो जाएगा आचमन लायक : केंद्रीय जलशक्ति मंत्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर : अमृत विचार। गंगा को साफ व स्वच्छ बनाने में 30 हजार करोड़ से अधिक लागत से नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य कराए गए हैं। यही वजह है कि गंगा पहले के मुकाबले काफी अविरल व निर्मल हुई हैं, लेकिन कुछ टेनरियों का पानी आज भी गंगा में गिर रहा है, जिनपर कार्रवाई की जाएगी और वर्ष 2025 में प्रयागराज में होने वाले कुंभ से पहले गंगा का पानी आचमन लायक बना लिया जाएगा। यह बात शुक्रवार को जाजमऊ स्थित कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने आए केंद्रीय जल शक्ति गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहीं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को कानपुर आए और उन्होंने जाजमऊ स्थित सीईटीपी व एसटीपी का निरीक्षण किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि जाजमऊ का सीईटीपी व एसटीपी टेनरी सेक्टर में एशिया का सबसे बड़ा ट्रीटमेंट प्लांट है, जिसकी लागत सवा छह सौ करोड़ रुपये है। इसकी मदद से प्रतिदिन कई करोड़ लीटर दूषित पानी को स्वच्छ बनाया जा सकता है। 2014 में वाराणसी से चुनाव



लड़ने के बाद प्रधानमंत्री ने गंगा के सामने यह संकल्प लिया था कि गंगा की अविरलता व निर्मलता सुनिश्चित कराई जाएगी। तब नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य शुरू किए गए। प्रधानमंत्री के प्रयासों से यह गर्व से कह सकता हूं कि वर्ष 2025 तक गंगा नदी में एक बूंद अशुद्ध जल नहीं गिरेगा, कुंभ आने तक यह हालत कर दिए जाएंगे कि कुंभ में आने वाले श्रद्धालु गंगा के अविरल व निर्मल जल से स्नान और आचमन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वह एक साल बाद फिर आएंगे। तब तक पूरे सीईटीपी व एसटीपी परिसर में हर जगह पौधरोपण होना चाहिए।

## वर्ग पहेली-345

**बाएं से दाएं**

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित
3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे– घास–भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] –फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।




### वर्ग पहेली - 344 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चिं | 2 गु | ड़ | ना | | |
| | ण | | | 3 धा | |
| | सा | | 4 गो | र | सी |
| 5 मं | ग | ल | पा | णि | |
| | र | | 6 च | क | ई |
| | | 7 ब | ल | | |
| 8 पां | व | | | 9 झूँ | क |

## सुडोकू -62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |

### सुडोकू - 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |

## आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में आयोग के गेट पर छात्रों ने किया हंगामा

संवाददाता, प्रयागराज



अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में शुक्रवार को एक बार फिर छात्रों ने आयोग के गेट पर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। इसके पहले गुरूवार को भी छात्रों ने हंगामा किया था। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्रों को समझाबुझा कर शान्त करा दिया।

पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों ने गुरुवार को आयोग के गेट पर प्रदर्शन किया था। उस दौरान पुलिस पहुंच गयी थी। शुक्रवार को को अभ्यर्थियों ने काफी संख्या में हंगामा करने के लिए पहुंच गये। सूचना मिलते हि पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने का प्रयास करने लगी। हंगामा कर रहे छात्रों की मांग थी कि पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य अंधाकर में जा रहा है। इसलिए परीक्षा को निरस्त करते हुए दोबारा कराई जाए। यह कोई पहली बार नही हुआ है इससे पहले 2016 में भी आरओ-एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ था जिसके बाद आयोग ने दोबारा परीक्षा कराई थी। वही हंगामे के दौरान कई थानों की पुलिस पहुंच गई। दूसरी तरफ समीक्षा अधिकारी-सहायक और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में तीन सदस्यीय बनाई गयी टीम ने अपनी जांच सुरु कर दी है। अभी इस जांच को गोपनीय रखते हुए अधिकारी मौन है।

▶▶ आयोग की तीन सदस्यीय आंतरिक समीति कर रही जांच

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि– अष्टमी 08 .15 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल– पूर्व। ऋतु–शिशिर।
चन्द्रबल–वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–कृत्तिका 08 .46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष**: आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृष**: आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभीवना बन रही है।

**मिथुन**: आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति–पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

**कर्क**: आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**सिंह**: आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**कन्या**: आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला**: आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता–पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**वृश्चिक**: आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

**धनु**: आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर**: आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

**कुंभ**: आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

**मीन**: आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कीमत – सुबह : 10 .19
सपूत – रात : 07 .00

SONY MAX
जर्सी – सुबह : 09 .53
आंख मिचौली – रात : 10 .00

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो – सुबह : 10 .54
बुलेट ट्रेन – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
एलोन – सुबह : 10 .30
रईस – रात : 07 .30

colors CINEPLEX
दोस्ताना – दोपहर : 12 .47
गोविंदा नाम तेरा – रात : 09 .56

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात–07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भिखारी – साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी– लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी– मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी–अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी– नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा– बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप–चाप क्यों बैठी है?
बच्चा–उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी,गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)– जुग–जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

## एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है। आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग'32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक शामिल हैं।




एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। हालांकि, कोई भी ब्याज, 'कैशबैक' या 'रिफंड' ग्राहकों के खातों में किसी भी समय वापस जमा किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा था कि निर्देश लगातार निरंतर गैर-अनुपालन के बाद दिए गए। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अब अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

### ये बैंक प्रदान करेंगे फास्टैग सेवा

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा-निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

## सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

## स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय




लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,050 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,415 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,250-47,450 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,600 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

- व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा-परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

## कृषि रसायनों के सूझ बूझ से उपयोग पर जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली।** गैर सरकारी रूट्स फाउंडेशन और पीआई इंडस्ट्रीज ने एक समाजिक पहल के तहत मिल कर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, और उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि कार्य में स्वस्थ पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि रसायनों का प्रयोग सूझबूझ से करने के प्रति जागरूक करने का अभियान चालाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें किसानों को पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास जैसे मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया है। यह अभियान पंजाब और हरियाणा के कृषि प्रधान राज्यों में चलाया जाएगा।

## सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

- केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद
- कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी

मुंबई, एजेंसी

केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा



और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।



## एक नजर

### जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

### कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

# जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे, वह अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं: मोदी

## रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री बोले-जो गारंटी दी वह पूरी की

रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सिया राम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और वन रैंक-वन पेंशन दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है।

### कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोले पर जनता का सुरक्षा कवच साथ है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की 'गारंटी' पूरी करेंगे।

### मोदी ने राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजना का किया लोकार्पण

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल सहित कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

## नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम में आयोजित होने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार शाम यहां पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

भारत मंडपम के प्रांगण में सजाई गई इस विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने वाली प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के 10 साल की उपलब्धियों को भी चित्रित किया गया है। जेपी नड्डा के प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचने पर पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन अग्रवाल एवं तरुण चुघ और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनका स्वागत किया।

## मोदी फिर सत्ता में आए तो क्षेत्रीय दलों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा

- इंडिया के भविष्य को लेकर अनुमान नहीं लगा सकते: चिदंबरम

कोलकाता, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक बार फिर से सत्ता में वापसी की तो क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि वह विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के भविष्य को लेकर कोई अनुमान नहीं लगा सकते क्योंकि वह पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर आगामी लोकसभा चुनाव में एक कारक हो सकता है लेकिन यह निर्णायक होगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा-मैं 'इंडिया'



गठबंधन के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हूं और गठबंधन की बैठकों का भी हिस्सा नहीं रहा हूं, लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है कि बाकी सभी पार्टियां समझेंगी कि मोदी जी और भाजपा की केंद्र में वापसी से राज्य-विशिष्ट क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। अपनी नई किताब 'द वाटरशेड ईयर-व्हिच वे विल इंडिया गो?' पर चर्चा के लिए चिदंबरम कोलकाता पहुंचे थे।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

## बिल्डर के आवास और कार्यालय पर ईडी की छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

**बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला**

पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को एक बिल्डर के आवास और कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

इस बिल्डर को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी माना जाता है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ पहुंची ईडी की टीम ने व्यवसायी के एक कार्यालय और तीन फ्लैट पर छापा मारा, जिनमें से एक कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में नकताला में चटर्जी के घर के ठीक सामने है। ईडी अधिकारी ने बताया-घोटाले में बिल्डर की अहम भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसने (बिल्डर) घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने में चटर्जी की मदद की थी। केंद्रीय एजेंसी ने भर्ती के सिलसिले में चटर्जी को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था।

## झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

**रांची।** झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

## केजरीवाल ने विस में रखा विश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया जिसपर सदन में शनिवार को चर्चा होगी। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने कहा-दो विधायक मेरे पास यह कहते हुए आए थे कि भाजपा सदस्यों ने उनसे संपर्क किया है और उन्हें 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सरकार गिरा दी जाएगी।



दिल्ली आबकारी नीति मामले के फर्जी होने का दावा करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को अपदस्थ करना चाहती है। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जारी समन पर अमल नहीं करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से किए जाने के बाद केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने को कहा है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आप प्रमुख इसका अनुपालन करने के लिए 'कानूनी रूप से बाध्य' हैं।

### न्यायालय को आवंटित जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया

आम आदमी पार्टी (आप) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने यहां राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय की भूमि पर 'अतिक्रमण' नहीं किया और पार्टी को 2015 में यह जगह आवंटित की गयी थी। राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को तत्काल प्रभाव से खाली करने के निर्देश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली 'आप' ने कहा कि इससे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। न्यायिक अवसंरचना से संबंधित लंबित मामले में 'आप' ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर 'अतिक्रमण' का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। आप' ने अर्जी में कहा कि पार्टी मौजूदा परिसर को खाली करने के लिए तैयार है।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

## बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

**संदेशखालि हिंसा**

- एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट
- आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

### भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

**कोलकाता।** संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा-पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

## खेल डायरी

### मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

### परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरूआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

### अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द.अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द. अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

### आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार



**बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमश: सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

# डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

## दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

**राजकोट, एजेंसी**

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला



रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा।

डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े।

डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा। डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।



### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 445/10 (130.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट | 112 | 225 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 04 | 24 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान | 46 | 104 | 2/3 |
| रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान | 37 | 89 | 6/0 |
| जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड | 26 | 28 | 3/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 21 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 09, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27.5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 207/2 (35 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट नाबाद | 133 | 118 | 21/2 |
| ओली पोप पगबधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट नाबाद | 09 | 13 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, **गेंदबाजी:** बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

## 500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

**राजकोट, एजेंसी**

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें इसके लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517) यह उपलब्धि पा चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया।

### प्रधानमंत्री मोदी और सचिन तेंदुलकर ने अश्विन को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 500 टेस्ट विकेट लेने की उपलब्धि के लिए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, रविचंद्रन अश्विन को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि पर बधाई। उनकी यात्रा और उपलब्धियां उनके कौशल और दृढ़ता का प्रमाण हैं। वह आगे और उपलब्धियां हासिल करें, उन्हें मेरी शुभकामनाएं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अश्विन को 'लाखों में एक' गेंदबाज करार दिया। तेंदुलकर ने 'माइक्रो ब्लॉगिंग' साइट पर कहा, लाखों में एक गेंदबाज के लिए 500 टेस्ट विकेट। अश्विन (विन) द स्पिनर (नर) में हमेशा 'विनर' होता है। 500 विकेट बड़ी उपलब्धि है। बधाई हो चैम्पियन।



## जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

**राजकोट।** भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

# घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

**राउरकेला, एजेंसी**



भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

# भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

## ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

बीएटीसी

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**





भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।

# बॉलीवुड हलचल

## 'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

### जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

## वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

### कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

**मुंबई, एजेंसी।** जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

## शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

### शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज



मुंबई, एजेंसी। गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

